राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 08 अंक: 62 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
राष्ट्रीय संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



बजट पर वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## लोकसभा-2024 चुनाव अकेले लड़ेगी टीएमसी: ममता




**कोलकाता/टीम एक्शन इंडिया**
**एक** तरफ लोकसभा चुनाव 2024 के लिए विपक्षी पार्टियां एकजुट होने की मुहिम चला रही है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने विपक्षी एकजुटता की इस मुहिम से खुद को अलग कर लिया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि हम 2024 का चुनाव अकेले लड़ेंगे। किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। टीएमसी का गठबंधन जनता के साथ होगा। ममता का बयान ऐसे समय में आया है जब पिछले बुधवार (1 मार्च) को तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के जन्मदिन पर मंच से विपक्षी एकजुटता का उदाहरण पेश किया गया। मंच से कांग्रेस प्रेसिडेंट मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभी विपक्षी पार्टियों से एक साथ आने की अपील की।

## हिंदू ग्रंथों की फिर से समीक्षा हो: मोहन भागवत



**नागपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**संघ** प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू धर्म ग्रंथों की दोबारा समीक्षा करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां पहले ग्रंथ नहीं थे। हमारा धर्म मौखिक परंपरा से चलता आ रहा था। बाद में ग्रंथ इधर-उधर हो गए और कुछ स्वार्थी लोगों ने ग्रंथ में कुछ-कुछ घुसाया जो गलत है। उन ग्रंथों, परंपराओं के ज्ञान की फिर एक बार समीक्षा जरूरी है। भागवत का यह बयान नागपुर के कान्होलीबारा में आर्यभट्ट एस्ट्रोनोमी पार्क के उद्घाटन के दौरान आया।
हमारे पास दुनिया की कई परेशानियों का हल: भागवत ने कहा- "हमारे पास वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी था, जिसके आधार पर हम चले। लेकिन विदेशी आक्रमणों के कारण हमारी व्यवस्था नष्ट हो गई, हमारी ज्ञान की परंपरा खंडित हो गई। हम बहुत अस्थिर हो गए।

## भाजपा एमएलए का बेटा 40 लाख घूस लेते गिरफ्तार



**बेंगलुरु/टीम एक्शन इंडिया**
**कर्नाटक** में गुरुवार को लोकायुक्त ने भाजपा विधायक मदल वीरुपक्षप्पा के बेटे प्रशांत कुमार को 40 लाख रुपए घूस लेते गिरफ्तार किया। प्रशांत की गिरफ्तारी पिता के बेंगलुरु स्थित कर्नाटक सोप एंड डिटर्जेंट लिमिटेड से दफ्तर से हुई। लोकायुक्त ने दफ्तर और प्रशांत के घर पर छापा मारा तो 8 करोड़ कैश बरामद हुआ। गिनती करने के बाद अफसरों ने नोटों के बंडल बिस्तर पर रख दिए। भाजपा विधायक मदल वीरुपक्षप्पा ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि जिस टेंडर के मामले में बेटे ने घूस ली, उसमें मैं शामिल नहीं हूं। वीरुपक्षप्पा के इस्तीफे से पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा था कि लोकायुक्त को दोबारा शुरू करने का मकसद राज्य में भ्रष्टाचार को खत्म करना था।

## 'मप्र: विस अध्यक्ष के खिलाफ कांग्रेस ने पेश किया अविश्वास प्रस्ताव



**भोपाल/टीम एक्शन इंडिया**
मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को सदन में जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान विधायक जीतू पटवारी को बजट सत्र की शेष अवधि की कार्यवाही से निलंबित करने के मुद्दे पर मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जमकर नोंक-झोक हुई। भारी हंगामे के चलते विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम में सदन की कार्यवाही को 13 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया। मप्र विधानसभा में बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम द्वारा कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी को सत्र की बाकी अवधि से निलंबित कर दिया था।

# भारत में लोकतंत्र खतरे में: राहुल गांधी

### मेरे खिलाफ केस हुए; अफसर कहते थे- फोन पर सोच-समझकर बोलना, बातें रिकॉर्ड हो रहीं, राहुल के इस बयान पर भाजपा ने ऐतराज जताया है

**लंदन/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने ब्रिटेन की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में स्पीच दी। राहुल ने भारत में विपक्षी पार्टियों, नेताओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की दिक्कतों का जिक्र किया था। राहुल ने कहा, "मेरे फोन की जासूसी होती है। विपक्ष के खिलाफ केस दर्ज किए जाते हैं। भारत में विपक्षी नेता के तौर पर यह एक ऐसा दबाव है, जो लगातार झेलना पड़ता है।" राहुल की स्पीच का विडियो सैम पित्रोदा ने शेयर किया है। राहुल के इस बयान पर भाजपा ने ऐतराज जताया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा- 'राहुल विदेशी धरती पर भारत को बदनाम कर रहे हैं।
**मेरी बातें रिकॉर्ड की जाती थीं:** राहुल ने कहा, "बड़े पैमाने पर राजनीतिक नेताओं के फोन में पेगासस है। मेरे फोन में भी पेगासस था। मुझे इंटेलिजेंस अफसरों ने





बुलाकर कहा था कि आप फोन पर जो कुछ भी कहें, बेहद सतर्क होकर कहें, क्योंकि हम इसे रिकॉर्ड कर रहे हैं। यह एक ऐसा दबाव है, जो हम महसूस करते हैं।"
**भारत में मीडिया और लोकतांत्रिक ढांचे पर हमला:** उन्होंने कहा, "विपक्ष के खिलाफ केस दर्ज किए जाते हैं। मेरे खिलाफ कई क्रिमिनल केस दर्ज किए गए हैं, लेकिन ये केस ऐसी चीजों के लिए दर्ज किए गए, जो आपराधिक नहीं थीं। जब देश में मीडिया और लोकतांत्रिक ढांचे पर इस तरह का हमला हो रहा हो तो विपक्ष के तौर पर आपके लिए लोगों से बात करना मुश्किल हो जाता है।"
**विपक्षी नेता मुद्दों पर बात कर रहे थे, जेल में डाल दिया:** राहुल बोले, "लोकतंत्र के लिए जरूरी ढांचा संसद, स्वतंत्र प्रेस, न्यायपालिका होते हैं। आज यह सब विवश होते जा रहे हैं। इसलिए हम भारतीय लोकतंत्र के मूल ढांचे पर हमले का सामना कर रहे हैं। भारतीय संविधान में भारत को राज्यों का संघ बताया गया है। उस संघ को बातचीत की जरूरत है। यह वह बातचीत है जो खतरे में है। आप देख सकते हैं तस्वीर जो संसद भवन के सामने की है।
विपक्ष के नेता कुछ मुद्दों पर बात कर रहे थे और उन्हें जेल में डाल दिया गया। ऐसा 3 या 4 बार हुआ है। जो हिंसक था।"

### राहुल ने अपना फोन जांच के लिए क्यों नहीं दिया: अनुराग

**अनुराग** ठाकुर ने मीडिया से कहा, "राहुल गांधी एक बार फिर विदेशी धरती पर हो-हल्ला मचाने का काम कर रहे हैं। पेगासस उनके दिमाग में है। उनसे पूछिए कि उन्होंने अपना फोन जांच के लिए क्यों नहीं दिया था। पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया भर में भारत का सम्मान बढ़ा है। ये बात बड़े-बड़े नेता कह रहे हैं। राहुल गांधी को इटली के पीएम को सुनना चाहिए कि उन्होंने पीएम मोदी के बारे में क्या कहा।"

### ब्रिटेन दौरे पर राहुल का नया लुक चर्चा में रहा

**लंदन** पहुंचने पर राहुल का नया लुक सबसे ज्यादा सुर्खियों में था। राहुल नए लुक में कैंब्रिज पहुंचे तो एक फैन ने उनके साथ फोटो शेयर की। इसमें राहुल सेट की हुई दाढ़ी, कोट और टाई में नजर आ रहे हैं। 7 सितंबर 2022 में शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा के करीब 6 महीने बाद राहुल का लुक बदला हुआ नजर आ रहा है।

## पूर्वोत्तर से यूपी तक मोदी का जादू: अमित शाह



**बंगलुरू/टीम एक्शन इंडिया**
**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कर्नाटक में कहा कि पूर्वोत्तर हो या चाहे यूपी, हर तरफ पीएम मोदी का जादू चल रहा है। इस दौरान उन्होंने त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड विधानसभा के चुनाव के नतीजों का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। शाह ने कहा कि गुरुवार को ही तीन राज्यों में कांग्रेस का सूफड़ा साफ हो गया। वह ऐसे हारे हैं कि दूरबीन लेकर भी दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का स्तर दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है। वे बीदर में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अमित शाह ने कहा कि 2 मार्च को कर्नाटक से हजारों किमी. दूर त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे आए हैं। इन राज्यों में कांग्रेस बुरी तरह हारी है। नागालैंड में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई, मेघालय में 3 सीटें और त्रिपुरा में सिर्फ 4 सीटें मिली हैं।
**पूर्वोत्तर से यूपी तक मोदी का जादू चल रहा:** शाह ने कहा कि लोग कहते थे कि पूर्वोत्तर में भाजपा प्रवेश नहीं कर सकती, लेकिन वहां दूसरी बार बीजेपी और एनडीए की सरकार बन रही है। मोदी जी का जादू पूर्वोत्तर से लेकर गुजरात और उत्तर प्रदेश से लेकर कर्नाटक तक लोगों के सिर चढ़कर बोलता है। गृह मंत्री ने कहा कि कुछ लोग नारे लगा रहे हैं कि 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी'। वहीं, आम आदमी पार्टी वाले कह रहे हैं कि 'मोदी तुम मर जाओ'। ऐसे लोगों की भगवान कभी नहीं सुनेगा।'

## आबकारी नीति घोटाला: केजरीवाल से भी पूछताछ कर सकती है सीबीआई-ईडी

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
आबकारी नीति घोटाले को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल भले ही फर्जीवाड़ा मान रहे हों, पर मामले की जांच कर रही सीबीआई टीम जिस तरह डिजिटल और फॉरेंसिक सबूत जुटा रही है, इससे भविष्य में केजरीवाल सरकार की मुसीबत बढ़ सकती है। मनीष सिसोदिया से रिमांड में हुई पूछताछ के बाद अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी सीबीआई-ईडी के दफ्तर बुलाया जा सकता है। ऐसी जानकारी है कि इस मामले में जांच टीम को पुख्ता सबूत मिले हैं। सीबीआई सत्येंद्र जैन से इस मामले में पहले ही तिहाड़ जेल में जाकर पूछताछ कर चुकी है। आरोप है कि आबकारी विभाग के एक ब्यूरोक्रेट ने घोटाले में पूछताछ के दौरान सीबीआईको बयान दिया है कि सिसोदिया ने उन्हें केजरीवाल के घर बुलवाया था। उस दौरान वहां सत्येंद्र जैन भी थे। वहीं पर सिसोदिया ने उन्हें मौखिक रूप से शराब कारोबारियों के लिए कमीशन बढ़ाने के लिए ड्राफ्ट तैयार करने को कहा था।
**फेस टाइम कॉल में भी केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप:** दावा किया जा रहा है कि समीर महेंद्रू ने जांच एजेंसी को बताया था कि जेल में बंद नायर के फोन से केजरीवाल ने फेस टाइम पर विडियो कॉल कर उन्हें कहा था कि विजय नायर उनका बच्चा है। उन पर वो भरोसा करें। महेंद्रू का दावा है कि इस मामले में करोड़ों रुपए केजरीवाल के आदेश पर दिए गए थे।



### शिकंजे में दिल्ली सरकार


= सिसोदिया से रिमांड में हुई पूछताछ के बाद अब मुख्यमंत्री केजरीवाल को भी सीबीआई-ईडी के दफ्तर बुलाया जा सकता है

## ईरान में छात्राओं पर केमिकल अटैक

**तेहरान/टीम एक्शन इंडिया**
**सोशल** मीडिया पर ईरान के कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं। इनमें पुलिस महिलाओं के बाल खींचकर उन्हें गिरफ्तार करती हुई नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि ये उन बच्चियों की मांएं हैं, जो अभी अस्पताल में भर्ती हैं। दिसंबर 2022 से स्कूली छात्राओं के बीमार होने की खबरें सामने आ रहीं थी। कहा जा रहा है कि छात्राओं को पढ़ने से रोकने के लिए उन्हें जहर दिया जा रहा है। ऐसा करने के लिए स्कूल के पानी में केमिकल्स मिलाए जा रहे हैं। दूषित पानी पीने से सैंकड़ों छात्राओं को सांस लेने में दिक्कत आ रही है और उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया जा रहा है।
**दोषियों की जगह पेरेंट्स पर कार्रवाई हो रही:** प्रदर्शन कर रहे पेरेंट्स की मांग है कि सरकार इस मामले में कार्रवाई करे।

## देश में कुल 4033 विधायक, कांग्रेस के 658 बचे

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस** का सूरज पूरब में भी नहीं उगा। ईवीएम खुलते ही साफ हो गया- त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में कांग्रेस के लिए कोई उम्मीद नहीं। नगालैंड में कांग्रेस जीरो थी, जीरो ही रही। त्रिपुरा में 0 से 3 पर आ गई। मेघालय में 21 से 5 पर आ गिरी। वहीं मोदी वाली बीजेपी त्रिपुरा में बहुमत के बूते, तो बाकी दोनों राज्यों में गठबंधन से सरकार बनाने जा रही है। कांग्रेस का यह हाल 2014 के बाद से बना हुआ है। गिने-चुने राज्यों को छोड़ दें तो देश की यह ग्रैंड ओल्ड पार्टी तेजी से सिमट रही है। देश में कुल 4033 विधायक हैं, इनमें कांग्रेस के 658 बचे हैं। पिछले 8 सालों में कांग्रेस विधायकों की संख्या 24% से घटकर 16% ही रह गई है। पांच राज्यों में तो पार्टी का कोई विधायक नहीं बचा। वहीं 9 राज्यों में 10 कम विधायक हैं। 1951 में तमिलनाडु को छोड़कर सभी राज्यों में सरकार बनाने वाली कांग्रेस के अब सिर्फ 3 राज्यों में सीएम बचे हैं।




**सम्मेलन** यह सम्मेलन युद्ध और पीड़ा से कराहते विश्व को शांति का मार्ग दिखाएगा

## 'धर्म का जहाज हिलता-डुलता है, लेकिन डूबता नहीं'

**भोपाल/टीम एक्शन इंडिया**
**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन में कहा, धर्म का जहाज हिलता-डुलता है, लेकिन डूबता नहीं। यह सम्मेलन मानवता की दिशा में एक बड़ी जरूरत को पूरा करने के लिए सार्थक प्रयास है। राज्यपाल ने कहा, यह सम्मेलन युद्ध और पीड़ा से कराहते विश्व को शांति का मार्ग दिखाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, धर्म-धम्म का पहला सिद्धांत सभी जीवों के साथ दया और सम्मान के साथ व्यवहार करना है। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में हो रहे 7वें



अंतरराष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन में 15 देशों के 350 से ज्यादा विद्वान और 5 देशों के संस्कृति मंत्री शामिल हुए। 'नए युग में मानववाद' के सिद्धांत पर केंद्रित सम्मेलन 5 मार्च तक चलेगा। पहले दिन सम्मेलन में संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर और सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. नीरजा गुप्ता भी शामिल हुईं। धर्म-धम्म के वैश्विक विचारों को मंच प्रदान करने वाले सम्मेलन में भूटान, मंगोलिया, श्रीलंका, इंडोनेशिया, थाइलैंड, वियतनाम, नेपाल, दक्षिण कोरिया, मॉरिशस, रूस, स्पेन, फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन की सहभागिता है।
जो सब को धारण करे, वही धर्म है: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, महर्षि पतंजलि, गुरु नानक, भगवान बुद्ध ने दुख से निकलने के मार्ग सुझाए हैं। मानवता के दुख के कारण का बोध करना और इस दुख को दूर करने का मार्ग दिखाना पूर्व के मानववाद की विशेषता है। ये आज के युग में और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

# ओपीएसः बेनतीजा रही सरकार और कर्मचारियों की वार्ता

## हरियाणा सरकार एनपीएस बदलेगी पर ओपीएस लागू नहीं करेगी

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के अधिकारियों व कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को लेकर सरकार और संघर्ष समिति के बीच बातचीत का दौर शुरू हो गया है। शुक्रवार को चंडीगढ़ में सरकार की हाई लेवल कमेटी और संघर्ष समिति पदाधिकारियों के बीच हुई पहली वार्ता बेनतीजा रही। हालांकि बातचीत के रास्ते खुले रखे गए हैं, लेकिन संघर्ष समिति ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अपना आंदोलन वापस नहीं लेगी। बैठक में सरकार की ओर से कर्मचारियों को न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) फायदे गिनवाए गए, लेकिन कर्मचारियों के प्रतिनिधि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अड़े रहे। बैठक में कर्मचारियों की ओर से पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल, महासचिव रिषी नैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप लाठर, उपप्रधान कमलदीप सिंह तथा समिति की रिसर्च टीम के प्रमुख रमेश कुमार ने बैठक में भाग लिया। विजेंद्र धारीवाल और रिषी नैन ने कहा कि सरकार के साथ बातचीत जारी रहेगी। अधिकारियों को सभी आंकड़े दे दिए हैं और अधिकारियों की कमेटी ने आंकड़ों का अध्ययन करने के बाद अगले सप्ताह फिर से बैठक करने की बात कही है। इससे पहले 5 मार्च को नई दिल्ली में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम की बैठक होगी। इस बैठक में अगली रणनीति तय की जाएगी। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में ओपीएस का मुद्दा गरमाने के बाद सरकार ने मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी तथा मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर भी बतौर सदस्य शामिल हैं।



मनोहर लाल खट्टर, CM, हरियाणा | संजीव कौशल, CS, हरियाणा | विजेंद्र धारीवाल, अध्यक्ष, पेंशन बहाली संघर्ष समिति

### जरूरत पड़ने पर कर सकते हैं बड़ा आंदोलन: धारीवाल

**धारीवाल** ने कहा प्रदेश में भी ब्लॉक स्तर पर कर्मचारियों को जाकर बैठक की जानकारी दी जाएगी। पहले आंदोलन करके सरकार को दिखा चुके है जरूरत पड़ी तो पहले से भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। धारीवाल ने कहा सरकार अगर बातचीत के लिए बुलाएगी तो शामिल होंगे, लेकिन ओपीएस लागू करना ही उनकी मांग रहेगी।

**प्रदर्शन के बाद बनी कमेटी:** हरियाणा में ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कर्मचारियों के प्रदर्शन के बाद तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी में ओल्ड पेंशन स्कीम का हल निकालने को लेकर बनाई गई तीन मेंबरी कमेटी में मुख्य सचिव संजीव कौशल के साथ ही वित्त सचिव और पीएस सीएम को शामिल किया गया है।

**हरियाणा** में ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) की मांग को लेकर कर्मचारी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल की सरकार के साथ पहली मीटिंग खत्म हो गई। सरकार की तरफ से गठित 3 अधिकारियों की कमेटी के सामने कर्मचारियों ने सुझाव रखे। मीटिंग के बाद कर्मचारियों ने कहा कि राज्य में हर हाल में ओपीएस लागू होनी चाहिए। संभावना यह भी है कि ओपीएस को लेकर कर्मचारियों के प्रस्तावित आंदोलन को देखते हुए अगले हफ्ते फिर मीटिंग बुलाई जा सकती है।

**एनपीएस में नहीं सामाजिक सुरक्षा:** पेंशन बहाली संघर्ष समिति के अध्यक्ष बिजेंद्र धारीवाल ने मीटिंग के बाद बताया कि ओपीएस लागू किया जाना चाहिए ये हमने स्पष्ट कर दिया है। एनपीएस कर्मचारियों को सोशल सिक्योरिटी प्रदान नहीं करती है। उन्होंने बताया कि 5 मार्च को कर्मचारियों का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में है, इसमें आंदोलन के आगे की रणनीति तय की जाएगी। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि इस मांग को लेकर वह आरपार की लड़ाई करेंगे। उन्होंने बताया कि उन्हें केंद्र की एनपीएस योजना को लेकर कोई रुचि नहीं है। उन्हें सिर्फ ओल्ड पेंशन स्कीम ही मिलनी चाहिए। हरियाणा में 20 फरवरी से शुरू हुए बजट सत्र में कांग्रेस ने मंत्री संदीप सिंह के साथ ही ओपीएस का मुद्दा उठाया।

# रेवाड़ी में आप ने फूंका सरकार का पुतला

**रेवाड़ी/टीम एक्शन इंडिया**
**रेवाड़ी** शहर में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मोती चैक पर प्रदेश की गठबंधन सरकार का पुतला जलाया। साथ ही सरपंचों पर लाठीचार्ज का विरोध और उनकी विभिन्न मांगों को पूरा करने की मांग की। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता शहर में एकत्रित हुए और फिर सरपंचों पर बर्बरता पूर्वक हुए लाठीचार्ज, उन पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने और ई-टेंडरिंग पॉलिसी को खत्म करने की मांग करते हुए सरकार का पुतला जलाया। आआपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता संजय शर्मा व पूर्व पार्षद रामोतार छाबड़ी ने कहा कि शांतिपूर्वक सरपंचों के प्रदर्शन पर गठबंधन सरकार द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज यह दशार्ता है कि सरकार में अहंकार चरमसीमा पर पहुंच गया है। सरकार को जल्द से जल्द ई-टेंडरिंग पॉलिसी को वापस लेना चाहिए।

# डेरा सच्चा सौदा का मुखी राम रहीम लौटा सुनारिया जेल

## वापसी से पहले हनीप्रीत समेत 21 गोद ली बेटियों को कहानियां सुनाई, पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
40 दिन की पैरोल खत्म होने के बाद डेरा सच्चा सौदा का मुखी राम रहीम शाम करीब 5 बजे रोहतक की सुनारिया जेल लौट गया है। उसने उत्तर प्रदेश के बागपत स्थित बरनावा आश्रम में पैरोल काटी। जेल से बाहर की आखिरी रात राम रहीम ने पीएम नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान की खुलकर प्रशंसा कर दी। राम रहीम ने गोद ली 21 बेटियों से चर्चा की। इस दौरान हनीप्रीत भी मौजूद थी। डेरा प्रमुख साध्वी यौन शोषण, रणजीत हत्याकांड, छत्रपति हत्याकांड में उम्र कैद की सजा काट रहा है। हरियाणा सरकार उसके हार्डकोर क्रिमिनल न होने का शपथ पत्र भी कोर्ट दे चुकी है।

**दिनचर्या का वीडियो डाला:** राम रहीम ने गुरुवार रात को पहले अपनी दिनचर्या का वीडियो रिकॉर्ड करवाकर सोशल मीडिया पर डाला। सुबह-सुबह राम रहीम नाम सिमरन करता है। फिर खुद ही बिस्तरे की चादर जोड़ता है और फिर साफ सफाई करता है। राम रहीम यह वीडियो सुबह तीन से 4 बजे होने का दावा करता है। इसके बाद राम रहीम सैर के लिए निकल पड़ता है।

**प्रेमियों को पीएम का अनुशरण करने को कहा:**
जबकि दूसरे वीडियो में वह गोद ली 21 बेटियों से चर्चा करते हुए कहता है कि बेटियों को कोख में मत मारो। पीएम नरेंद्र मोदी भी बेटियों को पढ़ाने-लिखाने के लिए अभियान चलाए हुए हैं। पूरे देश के अच्छे लोग भी यहीं चाहते हैं कि बेटियों को पढ़ाया लिखाया जाए। बेटियां फाइटर फायलट भी बनी हैं। जब देश के राजा भी चाहते हैं तो प्रजा को भी अनुसरण करना चाहिए। ऐसे में राम रहीम 40 दिन की पैरोल खत्म करने के बाद जेल वापसी से पहले भाजपा के बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ अभियान की प्रशंसा करके पीएम की तारीफ कर गया और प्रेमियों को उनका अनुसरण करने का संदेश दे गया।



> 8 रात राम रहीम ने पीएम नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की खुलकर प्रशंसा कर दी

**21 गोद ली बेटियों से किया वीडियो शेयर:** राम रहीम ने गुरुवार रात को 21 गोद ली हुई बेटियों के साथ वीडियो शेयर किया। इसमें हनीप्रीत भी है और ऑनलाइन सवालों के जवाब दिए। इस 54 मिनट की वीडियो में राम रहीम नॉन स्टॉप बोलता जा रहा है। राम रहीम की 21 गोद ली बेटियां डेरा प्रमुख का गुणगान करती हैं।

# फरीदाबाद में 6 युवकों की मौत

**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा के** फरीदाबाद में गुरुवार की देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में 6 युवकों की मौत हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि किसी को गाड़ी से निकलने का मौका ही नहीं मिला। मरने वाले सभी युवक पलवल के रहने वाले थे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिए है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**बर्थ-डे बनाने गुरुग्राम जा रहे थे:** मिली जानकारी के अनुसार, पलवल के जवाहर नगर कैंप निवासी संदीप (28), पुनीत (26), डब्बू (28), भूषण, नोनी (25), विशाल (27) आपस में दोस्त है। इनमें किसी एक का गुरुवार को बर्थडे था। पहले सभी ने पलवल में ही बर्थडे इंजॉय किया और फिर पार्टी करने ऑल्टो कार में गुरुग्राम चले गए। देर रात सभी पार्टी कर गुरुग्राम से फरीदाबाद होते हुए वापस पलवल लौट रहे थे। तभी उनकी फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर कार पाली के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और फिर बाद में दूसरी तरफ से आ रहे डंपर से उनकी गाड़ी टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि सभी युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।



**गाड़ी हो गई चकनाचूर:** गाड़ी की हालत देखकर ही समझा जा सकता है कि हादसा कितना दर्दनाक हुआ।
डंपर से टकराने के बाद गाड़ी इस तरह क्षतिग्रस्त हुई कि उसकी पहचान करना भी मुश्किल है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फरीदाबाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हरिपुरा धाम में धोक लगाने आई महिला के गले से चैन व लॉकेट चोरी

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
गांव हरिपुरा धाम में धोक लगाने आई हिसार की एक महिला के गले से सोने की चेन और लॉकेट चोरी होने का समाचार है। महिला ने धोक लगाते समय अपने पीछे बैठी दो महिलाओं पर चोरी का संदेह प्रकट किया है और इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। पुलिस को दी शिकायत में हिसार के गांव खासा महाजन निवासी सोनिया और उनके पति सोनू ने बताया कि वे परिवार सहित बीते दिन हरिपुरा मंदिर के धाम में धोक लगाने आए थे। धोक लगाने के बाद वे मंदिर के पास बाबा की गद्दी के पास झाड़ा लगवाने गए। जहां काफी लोग थे। उनकी मां और लड़के ने झाड़ा लगवा लिया और उनके पीछे ही सोनिया अपनी अढाई वर्ष की बच्ची को गोद में लेकर बैठी थी। सोनू ने बताया कि झाड़ा लगाने के दौरान सोनिया के पीछे दो महिलाएं मुंह ढक कर बैठी थी, बाकी अन्य लोगों ने मुंह नहीं ढके हुए थे। झाड़े के बाद सोनिया बाहर आई तो पाया कि उनके गले से सोने की चेन और लॉकेट गायब थे। आसपास देखा तो वो महिलाएं वहां नहीं थी। उन्होंने उक्त दोनों महिलाओं पर संदेह प्रकट किया। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

> 8 महिला ने धोक लगाते समय अपने पीछे बैठी दो महिलाओं पर चोरी का संदेह प्रकट किया है

# नये शिक्षा निर्देशों से अभिभावकों की चिंता बढ़ी

**यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया**
**केंद्रीय शिक्षा** मंत्रालय की नये सेशन से केजी क्लास में बच्चों की उम्र सीमा छह वर्ष करने के नवीनतम निदेशों से प्रदेश भर के केजी कक्षा के बच्चों अभिभावकों को गहरा झटका लगा है। अभिभावक सेवा मंच के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि शिक्षा निदेशालय के नये नियमानुसार आगामी सेशन में छह साल से कम के बच्चों को पहली कक्षा में दाखिला नहीं मिलेगा। यदि किसी बच्चे ने इस वर्ष केजी कर भी ली है तो भी उसे आगामी सेशन में दोबारा से केजी में ही दाखिला मिलेगा। यदि वह नये शुरू हो रहे सेशन में छह साल का नही हुआ है। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों से बात करने पर किसी भी प्रकार की रियायत देने से साफ इन्कार किया है। इस मौके पर अभिभावकों ने बताया कि इस आदेश से प्रदेश भर के सभी स्कूलों के बच्चों का एक साल बर्बाद हो रहा है। इसके साथ-साथ अभिभावकों की मेहनत कर कमा कर दी हुई स्कूलों को दी एक वर्ष की फीस खत्म हो जाएगी।

# चांदी की ईंट पर विवाद: चौटाला परिवार की दी चांदी की ईंट नकली निकली

## हरियाणा डिप्टी सीएम के पिता ने राजस्थान के मंदिर को दी थी, अब 11 लाख कैश देंगे

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
**राजस्थान** के नागौर जिले में लोक देवता तेजा जी के मंदिर निर्माण में दी गई चांदी की ईंट पर विवाद हो गया है। यह ईंट जननायक जनजा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने दी थी। निर्माण कार्य के दौरान जेसीबी से टूटकर यह ईंट टूटी तो यह नकली निकली। हालांकि चौटाला परिवार का मानना है कि ईंट की अदला-बदली हुई है। इसके बावजूद किसी तरह का विवाद न हो, उन्होंने अपने प्रतिनिधि जींद के युवा अध्यक्ष बिट्टू नैन को भेजकर यह ईंट वापस मंगवा ली है। इसके बदले अब वह 11 लाख रुपए कैश देंगे ताकि मंदिर कमेटी अपने स्तर पर खरीदकर लगवा लें। ईंट की भी जांच कराई जाएगी।

10 जून 2022 को अजय चौटाला राजस्थान के नागौर गए थे। उस वक्त मंदिर का निर्माण चल रहा था। उन्होंने मंदिर को 17 किलो की चांदी की ईंट भेंट की। जिसे नींव में रखवाया गया था। 10 दिन पहले यहां निर्माण कार्य के दौरान जेसीबी से ईंट टूट गई। तब पता चला कि इसमें बाहर ही सिर्फ चांदी की परत चढ़ी हुई है। अंदर सीसा और जस्ता है। इसको लेकर ग्रामीण भी नाराज हो गए कि उन्हें चांदी की बताकर नकली ईंट दी गई। इसका पता चलते ही चौटाला परिवार ने ईंट को वापस मंगवा लिया।



> 8 यह ईंट जननायक जनजा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने दी थी

**6 करोड़ रुपए दे चुके:** इस मामले में चौटाला परिवार का कहना है कि वह अब तक मंदिर को 6 करोड़ की सहयोग राशि दे चुके हैं। ऐसे में नकली ईंट देने का सवाल ही पैदा नहीं होता। यह ईंट ऐसे कैसे निकली, इसकी जांच कराएंगे। फिलहाल मंदिर को अब ईंट की कीमत के बराबर कैश दिया जा रहा है। जजपा के हरियाणा मीडिया प्रभारी दीपक कमल सहारण ने कहा कि हमने ईंट वापस मंगवा ली है।

# बल्लभगढ़ को जल्द मिलेगी एक और नए कालेज की सौगात: मूलचंद शर्मा

**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में शिक्षा व चिकित्सा को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है और इस क्षेत्र में भाजपा सरकार जमकर विकास कार्य करा रही है। इसके साथ साथ हरियाणा की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए संकल्परत है और भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाने का कार्य कर रही है। यह बात प्रदेश के परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने शुक्रवार को सेक्टर- 23 बल्लबगढ़ में बनाए जाने वाले नए कॉलेज की जमीन का निरीक्षण करने उपरांत कही। मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने बल्लभगढ़ में बेटियों के लिए कॉलेज देकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। परिवहन मंत्री ने कहा की बल्लभगढ़ विधानसभा और उसके आसपास लगते हुए घनी आबादी वाले क्षेत्र में लाखो की आबादी के बीच बिजली बोर्ड की जमीन पर सेक्टर- 23 में छात्र छात्राओं के लिए जल्द ही भाजपा की मनोहर सरकार कालेज बनाने जा रही है। बिजली बोर्ड से उच्च शिक्षा विभाग को जल्द जमीन ट्रांसफर हो जाएगी। उसके बाद कॉलेज निर्माण की आधारशिला रखी जाएगी । इस कॉलेज के बनने से बल्लभगढ़ विधानसभा और उसके आसपास लगते इलाके के बच्चों को न्यूनतम फीस पर शिक्षा मिलेगी।

> 8 भाजपा सरकार भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए संकल्परत है और भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाने का कार्य कर रही है

# गैस सिलेंडर के बढ़े दामों के विरोध में महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया**
घरेलू गैस व कमर्शियल गैस सिलेंडर के बढ़े हुए दामों के विरोध में शुक्रवार को खंड सरस्वती नगर में कांग्रेस महिला कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय के बाहर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। खंड सरस्वती नगर में पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस नेत्री पिंकी छप्पर ने कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार पिछले नौ वर्षों से महंगाई बढ़ाकर देश के गरीब और माध्यम वर्ग के लोगों पर कहर बरपा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई से जनता पर बार-बार हमला कर रही है। कांग्रेस के राज में 410 रुपए गैस सिलेंडर के दाम थे।

# बाल विवाह: मैं 17 साल की, मेरी शादी रुकवाओ...

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के पानीपत जिले के इसराना उपमंडल में बाल विवाह होने से 27 दिन पहले किशोरी ने अपनी शादी की सूचना बाल विवाह निषेध अधिकारी को दी। जिससे पर त्वरित काम करते हुए टीम ने इस विवाह को रुकवाया। साथ ही कोर्ट में याचिका डाल दी। जिस पर कोर्ट ने भी लड़की के बालिग होने तक शादी न करने की कड़ी हिदायत दी है। हालांकि किशोरी के सूचना देने पर मां-बाप ने उसके साथ मारपीट भी की। शादी इसलिए की जा रही थी क्योंकि किशोरी की 16 वर्षीय छोटी बहन ने लव मैरिज करनी है। जिसके चलते परिजन पहले बड़ी के हाथ पीले करना चाहते थे। इसी वजह लड़की के मां-बाप उसका जबरदस्ती बाल विवाह कर रहे थे। बड़ी लड़की की 12वीं की परीक्षा चल रही है।

**महिला पुलिसकर्मी ने भी लड़की को धमकाया:**
जानकारी देते हुए बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने बताया कि मामला पानीपत के इसराना उपमंडल के एक गांव का है। उनके पास करीब 20 दिन पहले एक लड़की का फोन आया। उसने बताया कि उसकी उम्र 17 साल की है व 12वीं कक्षा की छात्रा है। उसके मां-बाप जबरदस्ती उसकी शादी कर रहे हैं। सूचना मिलने पर मौके पर इसराना थाना पुलिस को भेजकर यह रिश्ता रुकवाया।



> 8 त्वरित काम करते हुए टीम ने इस विवाह को रुकवाया। साथ ही कोर्ट में याचिका डाल दी

**पुलिस के जाने के बाद मां-बाप ने लड़की को पीटा:** पुलिस के जाने के बाद मां-बाप ने उसकी पिटाई भी की। अगले दिन लड़की स्कूल के बहाने घर से निकली और महिला थाने में पहुंचकर बाल विवाह निषेध अधिकारी को लिखित शिकायत दी।

# सरपंचों पर बल प्रयोग व वाटर कैनन चलाना अनुचित : जेपी दलाल

## आज दुनिया में भारत देश का डंका बज रहा है, भारत जी-20 की मेजबानी करके अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश के नाम को आगे बढ़ा रहा

**भिवानी/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा है कि त्रिपुरा-नागालैंड में जिस प्रकार से कमल खिला है। ये राज्य क्रिस्चिन बाहुल्य राज्य है, जबकि उनकी पार्टी भाजपा पर धर्म विशेष का अक्षेप लगता रहा है। दोनों राज्यों के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर से यह सिद्ध किया है कि भाजपा किसी धर्म विशेष की नहीं, बल्कि देश की पार्टी है। कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल भिवानी में एक कार्यक्रम में शिरकत करने आए थे। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में भारत देश का डंका बज रहा है। भारत जी-20 की मेजबानी करके अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश के नाम को आगे बढ़ा रहा है। इस मौके पर कृषि मंत्री ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए भारत एक लोकतांत्रिक देश है। इसमें सरपंच हो, कर्मचारी हो या किसान हो। हर व्यक्ति को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का अवसर मिलता है। यही लोकतंत्र की खूबसूरती है। ऐसे में इन पर वॉटर कैनन या बल प्रयोग करना उचित नहीं है। कृषि मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों को भी इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन कर रहे लोगों पर कार्रवाई करने से पहले संयम बरते। उन्होंने कहा कि बल प्रयोग अंमित उपाय होता है, प्रथम नहीं। कृषि मंत्री ने कहा कि ना केवल पुलिस बल, बल्कि प्रदर्शनकारियों को भी संयम का परिचय देना चाहिए, ताकि हमारी लोकतांत्रित व्यवस्था कायम रहे सकें। हालांकि कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार के सामने अपनी मांगों को उठाने वाले प्रदर्शनकारियों को 9 मार्च को बातचीत के लिए बुलाया गया है। उन्हे उम्मीद है कि बातचीत के बाद इनका समाधान हो जाएगा। हालांकि कृषि मंत्री ने कहा कि लोकतांत्रितक तरीके से प्रदर्शन करते है तो ऐसे में विपक्ष से जुड़े लोग जान-बूझकर अपनी राजनीति चमकाने के लिए प्रदर्शनकारियों का सहारा लेते है, जो राजनीतिक रूप से उचित नहीं है।



# मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
शहर की डोगरान मोहल्ला पुलिस चौकी टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की आठ मोटरसाइकिल व एक स्कूटी बरामद की गई है। पुलिस का दावा है कि उसकी गिरफ्तारी से चोरी की नौ वारदातें सुलझी है। डीएसपी कप्तान सिंह ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि डोगरान मोहल्ला पुलिस चौकी की टीम ने चौकी प्रभारी उप निरीक्षक संदीप कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने हिसार की गणेश मार्केट में रह रहे राजस्थान के चुरू जिला के गालड़ निवासी पवन उर्फ रूपाला को एचटीएम थाना में दर्ज चोरी के एक मामले में सब्जी मंडी चौक से गिरफ्तार किया। डीएसपी ने बताया कि आरोपी कोई काम धंधा नहीं करता और शराब पीने का आदी है। वह पिछले तीन-चार माह से गणेश मार्किट हिसार में स्थित स्वातिक पीजी में रह रहा है। आरोपी पवन उर्फ रुपाला 12वीं पास है और उसने अग्निवीर की भर्ती देखी थी लेकिन उसमें वह मेडिकल अनफिट हो गया था। पुलिस पूछताछ का हवाला देते हुए डीएसपी ने बताया कि आरोपी मुख्यतः कुछ दिन पुरानी स्पलेंडर मोटरसाइकिल ही चोरी करता है। यह अपने पास स्पलेंडर मोटरसाइकिल की एक चाबी रखता है। वारदात की जगह पर आकर आरोपी यह सुनिश्चित करता है की आसपास कोई है तो नहीं, और फिर यह चाबी से मोटरसाइकिल का लॉक खोलता है। अगर नहीं खुलता तो झटके से लॉक तोड़कर मोटरसाइकिल चुराकर वहां से निकल जाता है। आरोपी ने हिसार शहर में अलग अलग जगह से आठ मोटरसाइकिल और एक स्कूटी चुराई थी, जिन्हें उसने गांव गालड स्थित अपने पुस्तैनी मकान के पीछे बने छप्पर में छुपाई थी। पुलिस ने सभी आठ मोटरसाइकिल और एक स्कूटी को गांव गालड से बरामद कर लिया है।

> 8 आठ बाईक व एक स्कूटी बरामद की गई है। पुलिस का दावा है कि उसकी गिरफ्तारी से चोरी की नौ वारदातें सुलझी है

# जुनैद-नासिर मर्डर...नेपाल भागा मुख्य आरोपी मोनू मानेसर

## फोन कॉल इंटरसेप्ट हुई, साथी यूपी में छिपे, राजस्थान पुलिस बोली- फरारी में हरियाणा पुलिस शामिल

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**नासिर-जुनैद** हत्याकांड से सुर्खियों में आया मोनू मानेसर हरियाणा से नेपाल भाग गया है। राजस्थान पुलिस ने इसका खुलासा किया है। उन्होंने मोनू मानेसर की फोन इंटरसेप्ट की है। जिसमें पैसों का लेन-देन हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, मोनू ने अपने खर्चे के लिए पैसे मंगवाए। वहीं उसके बाकी साथी उत्तर प्रदेश में अंडरग्राउंड हैं। राजस्थान पुलिस ने इस बारे में यह इनपुट हरियाणा पुलिस को भेजा है। सूत्रों के मुताबिक राजस्थान पुलिस इन सबूतों के साथ हरियाणा पुलिस पर सवाल उठाए कि मोनू मानेसर समेत बाकी आरोपियों की फरारी में हरियाणा पुलिस ने संरक्षण दिया है। इसको लेकर अब दोनों राज्यों की पुलिस फिर आमने-सामने हो गई है। इससे पहले नूंह में गौरक्षक की गर्भवती पत्नी को पीटने पर राजस्थान पुलिस पर हरियाणा में केस दर्ज हुआ। इस मारपीट से 9



माह की गर्भवती के पेट से मरा बच्चा पैदा हुआ था।

**पुलिस को मिले सुराग:** राजस्थान पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार मोनू मानेसर सहित भिवानी दोहरे हत्याकांड के 4 संदिग्ध पड़ोसी देश नेपाल भाग गए हैं। पुलिस को इसके अहम सुराग मिले हैं। राजस्थान पुलिस के सूत्रों का कहना है कि उसके कुछ साथी उत्तर प्रदेश (यूपी) में छिपे हुए हैं। कथित तौर पर, कुछ अच्छी तरह से जुड़े दक्षिणपंथी लोगों ने संदिग्धों को हरियाणा से भागने में मदद की है।

**हरियाणा पुलिस का पलटवार- घर में था मोनू, क्यों नहीं पकड़ा:** इस मामले में हरियाणा पुलिस ने राजस्थान पुलिस के दावे को झूठा बताया है। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर की गई जांच में यह स्पष्ट हो चुका है कि मोनू सहित अन्य संदिग्ध अपहरण की

> 8 सूत्रों के मुताबिक, मोनू ने अपने खर्चे के लिए पैसे मंगवाए। वहीं उसके बाकी साथी उत्तर प्रदेश में अंडरग्राउंड हैं

शिकायत के 24 घंटे बाद तक अपने घरों में ही थे। ऐसे में राजस्थान पुलिस ने इस केस की तेजी से जांच कर उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया। अब इस मामले में अपनी नाकामी छिपाने के लिए हरियाणा पुलिस पर आरोप लगाए जा रहे हैं।

**रेड कॉर्नर नोटिस करेगी जारी:** एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस मामले में कुछ और भी खुफिया जानकारी मिली हैं, लेकिन अभी हम ज्यादा खुलासा नहीं कर सकते। राजस्थान पुलिस के सूत्रों के अनुसार पुलिस आरोपियों के खिलाफ इस समय पर रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की तैयारी कर रही है। जल्द ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इसकी मंजूरी दे देंगे।

# कोर्ट ने एसपी क्राइम को दिए निर्देश, शपथ पत्र देकर चार्जशीट ना पेश करने के कारण बताएं

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह, टीवी अभिनेत्री मुनमुन दत्ता उर्फ बबीता जी व बॉलीवुड अभिनेत्री युविका चौधरी के खिलाफ थाना शहर हांसी में एससी समाज के बारे में अभद्र टिप्पणी करने के मामले में दर्ज मुकदमो में दो साल बाद भी चार्जशीट पेश न किए जाने को हिसार की विशेष अदालत के न्यायाधीश विवेक सिंघल ने गंभीरता से लिया है। शिकायतकर्ता रजत कल्सन की याचिका पर सुनवाई करते हुए हिसार की विशेषकोर्ट ने शुक्रवार को एसपी क्राइम, पंचकूला को आदेश जारी कर आगामी पांच मई को शपथ पत्र पेश कर अभी तक चार्जशीट दाखिल ना किए जाने के कारण स्पष्ट करने के आदेश जारी किए है। इससे पहले शिकायतकर्ता अधिवक्ता कल्सन ने विशेष अदालत के समक्ष दलील पेश की की तीनों सेलिब्रिटीज के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। इसमें जांच करने के लिए अधिकतम समय सीमा दो माह



की है परंतु मौजूदा मुकदमो में दो साल हो गए हैं लेकिन पुलिस ने अभी तक चार्जशीट पेश नहीं की। कलसन ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी कुछ गाइडलाइंस का हवाला देते हुए अदालत को बताया कि विशेष अदालत जांच एजेंसी को दर्ज मुकदमो में ईमानदारी से जांच करने के लिए कह सकती है तथा अदालत जांच को मोनिटर भी कर सकती है। यही नहीं अदालत जांच एजेंसी को मुकदमे में अंतिम रिपोर्ट पेश करने तक के निर्देश दे सकती है। शिकायतकर्ता की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने एसपी क्राइम को आदेश जारी किए कि पांच मई को इस मामले में शपथ पत्र पर अब तक चार्जशीट पेश न करने बारे कारण स्पष्ट करने को कहा है। मामले के अनुसार युवराज सिंह, मुनमुन दत्ता उर्फ बबीता जी तथा युविका चौधरी के खिलाफ अधिवक्ता रजत कल्सन ने थाना शहर हांसी में एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज कराये थे। इन मामलों की जांच पहले हांसी पुलिस ने की थी जिसके चलते पहले मुनमुन दत्ता ने सुप्रीम कोर्ट में एफआईआर को खारिज कराने के लिए याचिका दायर की थी जिसे सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज कर दिया गया था। इसके बाद युवराज सिंह की भी एफआईआर खारिज करने की याचिका पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट से खारिज हो चुकी है।

# सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत

**नारनौल/टीम एक्शन इंडिया**
महेंद्रगढ़ के गांव मांडोला में शुक्रवार को दो बाइकों की टक्कर के बाद रोड पर गिरे पति-पत्नी को ट्रैक्टर ने कुचल दिया। हादसे में पति-पत्नी और दूसरी बाइक पर सवार युवक घायल हो गए। तीनों को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया गया। डाक्टरों ने जांच के बाद पति-पत्नी को मृत घोषित कर दिया। युवक पीयूष को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से रेवाड़ी के गांव झाल का निवासी संजय (45) शास्त्री कॉलोनी महेंद्रगढ़ में रह रहा था। वह भूटान में इलेक्ट्रिशियन प्लंबर इंडियन हाउस में कार्य करता था। 19 फरवरी को अपनी साली की लड़की की शादी में गांव गाहड़ा आया हुआ था। शुक्रवार को संजय अपनी पत्नी सुनीता (40) को मांडोला के एक निजी स्कूल में छोड़ने के लिए जा रहा था। गांव मंडोला से पहले बिजली पावर प्लांट के पास हादसा होने से दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। ट्रैक्टर चालक मौके पर अपने ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस आगामी कार्रवाई में जुटी है।

# आप ने सरपंचों पर लाठीचार्ज के विरोध में फूंका सरकार का पुतला

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी ने सरपंचों पर लाठीचार्ज के विरोध में जिले के अनेक स्थानों पर प्रदर्शन करके सरकार के पुतले फूंके। इस दौरान पार्टी ने सरकार पर ई टेंडरिंग के माध्यम से तानाशाही रवैया अपनाने काा आरोप लगाया। हिसार में पारिजात चौक पर आयोजित पुतला फूंक कार्यक्रम के अवसर पर पार्टी के प्रदेश संगठन सचिव संजय सातरोडिया व पूर्व युवा जिलाध्यक्ष विरेंद्र नरवाल ने कहा कि सरकार चुने हुए प्रतिनिधियों का अपमान कर रही है। उन्होंने कहा कि सरपंचों को राइट टू रिकॉल का डर दिखाने वाली भाजपा-जजपा सरकार को राइट टू रिकॉल कानून पहले एमएलए और एमपी पर लागू करना



चाहिए। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा विधानसभा अध्यक्ष सचिन ग्रोवर, सुमित शर्मा, सीताराम, सरोज शर्मा, वीनू जैन, योगेश बंसल, जगदीश तायल, संजय सेन, शुभम रहेजा, अशोक गर्ग, भीम सिंह महेशवाल, रतन बंसल व श्रीकांत योगी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सरपंचों पर लाठीचार्ज के विरोध में उकलाना बस स्टेंड के सामने हलका उकलाना आम आदमी पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री का पुतला फूंका गया। कार्यकताओं ने इससे पहले प्रदर्शन भी किया और सरकार विरोधी नारेबाजी भी की। प्रदर्शन का

> 8 भाजपा-जजपा सरकार को राइट टू रिकॉल कानून पहले एमएलए और एमपी पर लागू करना चाहिए

नेतृत्व हलका उकलाना से पूर्व उम्मीदवार मनजीत सिंह रंगा ने किया। इस अवसर मनजीत रंगा ने कहा कि खट्टर सरकार ने सरपंचों पर लाठियां चलवाकर तानाशाही रूप दिखा दिया है। सरकार सरपंचों की जायज मांगों को सुनने की बजाय उन पर लाठियां बरसा रही हैं और मुकदमे दर्ज कर रही हैं। पुतला फूंकने के दौरान स्थानीय पुलिस की टीमें तैनात रही और मुख्यमंत्री के पुतले को आग के हवाले होते देखती रही।

# महिला कैदी ने पुलिसकर्मी के साथ किया दुर्व्यवहार, वर्दी फाड़ी

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
जिला कारागार में बंद एक महिला कैदी ने महिला पुलिसकर्मी के साथ दुर्व्यवहार किया गया और उसकी वर्दी तक फाड दी गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने महिला पुलिसकर्मी की शिकायत पर महिला कैदी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने गाली गलौज करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस लाइन में तैनात महिला हवलदार रेखा देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पुलिस की पुलिस गाड़ी जिला जेल से कैदी तथा बंदियों को इलाज के लिए पीजीआई रोहतक ले जा रही थी। नशीले पदार्थ तस्करी के मामले में सजायाफ्ता रितु लाठर जेल से निकलते ही उसके साथ गाली गलौज करने लगी और उसका कॉलर पकड़ कर धमकाया। दूसरे बंदियों की सुरक्षा तथा इलाज को देखते हुए पीजीआई रोहतक पहुंचे तो रितु लाठर वहां पर भी उसके साथ उलझ गई और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उसके साथ गाली गलौज करने लगी। रितु लाठर ने पीजीआई में अपना इलाज भी नहीं करवाया। जब उन्हें वापस लाया गया तो उसने जेल में जाने से मना कर दिया और फिर से हाथापाई पर उतरते हुए उसकी वर्दी फाड़ डाली।

# मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग छात्राओं ने ली मानव सेवा की शपथ

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
जिले के महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में प्रथम वर्ष की नर्सिंग छात्राओं के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ शुक्रवार को महाविद्यालय निदेशक डॉ. अलका छाबड़ा ने मां सरस्वती और फ्लोरेंस नाइटिंगेल के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान महाविद्यालय निदेशक डॉ. अलका छाबड़ा ने फ्लोरेंस नाइटेंगल को याद किया और शपथ ग्रहण करने वाली छात्राओं को



शुभकामनाएं प्रेषित की। शपथ ग्रहण समारोह में छात्राओं ने मोमबत्ती प्रज्वलित कर महाविद्यालय की प्रिंसीपल डॉ. प्रोमिला पांडे के द्वारा मानव सेवा और समर्पण की शपथ ग्रहण की और नर्सिंग कैरियर को पूरी तन्मयता के साथ निभाने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रिंसीपल डॉ. प्रोमिला पांडे ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र की रीढ़ ही नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ होता है जो वास्तव में मरीज के ठीक होने में उतनी ही महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जितनी एक डॉक्टर। पूरी मानव जाति को नर्स बहनों का उनकी सेवाओं के लिए आभारी होना चाहिए। फ्लोरेंस ने 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान दुश्मन देश के घायल सैनिकों की सेवा कर मानवता की अद्भुत मिसाल पेश की थी, जिसके चलते आज हम उन्हें याद करते हैं। नर्सिंग की पढ़ाई कर रही छात्राओं को मानवता और समाज की सेवा का प्रण लेकर इस विश्व को बेहतर बनाने और फ्लोरेंस नाइटिंगेल की तरह आदर्श पेश करने के लिए प्रेरित होना चाहिए। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी अंकित राज शर्मा ने बताया कि चार मार्च शनिवार को महाविद्यालय में रंगोत्सव-23 कार्यक्रम से नर्सिंग कॉलेज की फ्रेशर्स पार्टी के साथ अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता और होली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

# इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स की नीदरलैंड स्थित कंपनी सोलिस ने किया थालेर का किया अधिग्रहण

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
इंटरनैशनल ट्रैक्टर्स ने यूरोप के नीदरलैंड स्थित आईटीएल की प्रमुख कंपनी सोलिस ट्रैक्टर्स एंड एग्रीकल्चरल मशीनरी ने व्हील लोडर एक्सपर्ट कंपनी थालेर जीएमबीएच एंड सीओ केजी का अधिग्रहण कर लिया है। वित्त वर्ष 2023 में अपनी सर्वोच्च विरासत और विस्तार अभियान को आगे बढ़ाते हुये सोलिस द्वारा इस




अधिग्रहण में 200 करोड़ रुपये का धन निवेश होगा और आईटीएल अपने उन्नत पोर्टफोलियो में उच्च गुणवत्ता वाले 19-75 एचपी श्रेणी व्हील लोडर के साथ विस्तार करेगा। व्हील लोडर मार्केट में 80,000 यूनिट्स की वार्षिक बिक्री की संभावना प्रदान करता है और थालेर यूरोप की एक अग्रणी कंपनी है। आईटीएल द्वारा अधिग्रहण के बाद थालेर ब्रांड अपने स्थायी पहचान के साथ काम करना जारी रखेगा।

# सड़क हादसे में चुलकाना धाम दर्शन करके लौट रहे 4 श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हो गई, हादसे में 16 श्रद्धालु घायल



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
पानीपत के समालखा कस्बे में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सड़क हादसे में चुलकाना धाम दर्शन करके लौट रहे 4 श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि हादसे में 16 श्रद्धालु घायल हो गए। जी.टी रोड पर गांव झट्टीपुर के पास श्रद्धालुओं की भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्राली पलट गई। हादसे में चुलकाना धाम से श्री श्याम बाबा के दर्शन कर लौट रहे 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसे के बाद जीटी

> 8 जी.टी रोड पर गांव झट्टीपुर के पास श्रद्धालुओं की भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी

रोड पर जाम की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल व मृतकों को सिविल अस्पताल पहुंचाने के साथ ही यातायात को सुचारू करवाया। हादसा शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे के करीब का है। मिली जानकारी के अनुसार सभी श्रद्धालु श्री श्याम बाबा के दर्शन कर चुलकाना धाम से वापस अपने घरों की तरफ जा रहे थे। वह सब एक ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार थे। समालखा से पानीपत आते समय गांव झट्टीपुर के पास एक अज्ञात वाहन ने श्रद्धालुओं के ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर चालक अनियंत्रित हो गया और ट्रॉली पलट गई। राहगीरों ने इसकी सूचना तुरंत 112 को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहगीरों की मदद से ट्रॉली को सीधा किया। एंबुलेंस की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया । पुलिस का कहना है कि इस हादसे में 3 श्रद्धालुओं की मौत हुई है। फिलहाल इनकी पहचान नहीं हुई है।

# हरियाणा सीएम का फर्जी डेथ सर्टिफिकेट बनाने वाले गिरफ्तार

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के उत्तर प्रदेश से फर्जी डेथ सर्टिफिकेट जारी होने के मामले का यूपी पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड जन्म और मृत्यु आंकड़ा अनुभाग का स्टेट कोऑर्डिनेटर निकला। पैसे कमाने के लिए उन्होंने यह फर्जी सर्टिफिकेट बनाया था। यूपी पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सोनभद्र के अरढ त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि 2 फरवरी 2023 को मनोहर लाल पुत्र हरबंश लाल के नाम का फर्जी डेथ सर्टिफिकेट पंजीकरण संख्या डी/2023.60339-000021 जारी हुआ था।

# एसडीओ पर किसान नेता को दी जान से मारने की धमकी

**यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया**
जिला लोक निर्माण विभाग के उपमंडल अधिकारी जसमेर सिंह द्वारा भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के डायरेक्टर मंदीप रोड छप्पर को जान से मारने की धमकी देने पर किसानों ने शुक्रवार को जिला पुलिस अधीक्षक से मिलकर इसकी शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। किसान नेता मंदीप सिंह रोड छप्पर का कहना था कि वह कल फरीदाबाद गया हुआ था। दोपहर को लोक निर्माण विभाग के उपमंडल अधिकारी जसमेर सिंह मोबाइल पर मुझे कहा कि आपने जो गांवों की



सड़क का काम रोका हुआ है। आपकी कैसे हिम्मत हुई काम रोकने की। जिस पर किसान मंदीप सिंह ने कहा कि यह सड़क सही तरीके से नहीं बनायी जा रही है। जिसके लिए पूरे गांवों के लोगों को एतराज है। आप सही तरीके से सड़क बना दो, किसी को कोई एतराज नहीं होगा। तो तब जसमेर सिंह तैश आ गया जो कि मुझ से गाली गलौज करने लगा और धमकाने लगा और जान से अपने रुतबे और ताकत बताकर डराया। मार की धमकी दी। वहीं अधिकारी ने मुझे बार बार अपनी ऊंची पहुंच की बात कही। पुलिस को दी शिकायत में किसान नेता मंदीप सिंह ने कहा कि इस अधिकारी से मेरी जान माल का पूरा खतरा बना हुआ है। वह मेरे साथ कुछ भी, कभी भी हमला कर सकता है। जिसको लेकर जिला पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने किसानों को आश्वासन दिया कि उसे लेकर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# किसान नेताओं ने किया भीम आर्मी की बहुजन जोड़ो यात्रा का स्वागत

## सरपंचों पर लाठीचार्च और केस दर्ज करना सरकार की बौखलाहट : प्रदीप भानखड़

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
भीम आर्मी की ओर से जिले में शुरू की गई "बहुजन जोड़ो-किसान-मजदूर यात्रा" शुक्रवार को नारनौंद पहुंची। यात्रा का नेतृत्व भीम आर्मी हिसार के जिला अध्यक्ष प्रदीप भानखड़ कर रहे हैं। तीसरे दिन इस यात्रा का स्वागत जाट धर्मशाला के आगे किसान नेताओं ने किया। इस मौके पर भीम आर्मी के साथ तमाम संगठनों ने मिलकर एसडीएम नारनौंद के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन भेजा और जनता द्वारा चुने गए सरपंचों पर हठधर्मी सरकार द्वारा बौखलाहट में की गई लाठीचार्ज



और केस दर्ज करने की निंदा करते हुए इस सरकार को बर्खास्त करने की मांग की। इस मौके पर कृष्ण माजरा ने कहा कि जब से देश व प्रदेश में भाजपा सरकार का राज आया है तब से कभी किसानों पर तो कभी मजदूरों पर तो कभी कर्मचारियों पर लाठीचार्ज करके लोकतंत्र की सरेआम हत्या की जा रही है। इस मौके पर किसान मजदूर नेता धर्मपाल बड़ाला ने कहा कि हद तो तब हो गई जब जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि सरपंचों की

> 8 भीम आर्मी के हिसार जिला अध्यक्ष प्रदीप भानखड़ ने कहा कि जनता सरकार की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है

आवाज को सरकार ने दबाने का काम किया। लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए सरपंच गांव के सीएम होते है। उन्होंने कहा कि आज देश को बचाने के लिए बहुजन, किसान और मजदूर को एक होने की जरूरत है।

बहुजन जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे भीम आर्मी के हिसार जिला अध्यक्ष प्रदीप भानखड़ ने कहा कि जनता सरकार की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है और इस सरकार से अपना पिंड छुड़वाना चाहती है। सरकार के पास विकास और सौहार्द के नाम पर कोई उपलब्धि नहीं है। जनता को भ्रमित करने के लिए सरकार द्वारा जानबूझकर ऐसी नीतियां बनाई जा रही है जिसकी शर्तों को पूरा कर पाना जनता के लिए बहुत मुश्किल है। आज सरकार परिवार पहचान पत्र तो कभी चिराग योजना के माध्यम से बहुजनों के भविष्य को खत्म करने पर तुली हुई है। सरकार ने हरियाणा प्रदेश में हजारों सरकारी स्कूलों को बंद करके ये साबित भी कर दिया है।

# दिल्ली में 'इन' उपभोक्ताओं को नहीं मिलेगी सब्सिडी

## बिजली विभाग तैयार कर रहा है प्रस्ताव, लोड वाले उपभोक्ताओं को छूट नहीं मिलेगी

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली** सरकार तीन किलोवाट से ज्यादा लोड वाले बिजली कनेक्शन पर सब्सिडी समाप्त कर सकती है। दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) के सुझाव पर ऊर्जा विभाग इसका प्रस्ताव तैयार कर रहा है। जल्द ही इसे तैयार कर मंजूरी के लिए दिल्ली सरकार की कैबिनेट के पास भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने पर ज्यादा लोड वाले उपभोक्ता सब्सिडी से वंचित हो जाएंगे। ऊर्जा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि डीईआरसी ने ज्यादा तीन किलोवाट से ज्यादा लोड वाले उपभोक्ताओं को सब्सिडी के दायरे से बाहर रखने का सुझाव दिया है। इसके आधार पर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इसे लागू होने पर सब्सिडी प्राप्त कर रहे लगभग 10 प्रतिशत उपभोक्ता प्रभावित होंगे।



**मांगने पर मिलती है सब्सिडी:** दिल्ली सरकार ने पिछले वर्ष अक्टूबर से सब्सिडी योजना को वैकल्पिक बना दिया है। मांगने पर ही घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिल पर छूट मिलती है। प्रतिमाह दो सौ यूनिट तक बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत और 201 से 400 यूनिट तक बिजली खर्च करने वालों को 50 प्रतिशत छूट मिलती है। 400 यूनिट से ज्यादा खपत होने पर उपभोक्ता सब्सिडी के दायरे से बाहर हो जाता है। उसे पूरा बिजली बिल का भुगतान करना पड़ता है। अभी तक बिजली लोड की कोई शर्त नहीं है। सिर्फ प्रति माह बिजली की खपत के आधार पर उपभोक्ता सब्सिडी का पात्र होता है।

**48.14 लाख उपभोक्ताओं ने कराया है सब्सिडी के लिए पंजीकरण:** दिल्ली में लगभग 58.28 लाख बिजली उपभोक्ता हैं।

**8 दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) के सुझाव पर ऊर्जा विभाग इसका प्रस्ताव तैयार कर रहा है**

वित्त वर्ष 2021-22 में लगभग 55 लाख उपभोक्ताओं को बिजली बिल पर छूट मिली थी। इस योजना को वैकल्पिक बनाए जाने के बाद इस वर्ष 15 फरवरी तक 48.14 लाख उपभोक्ताओं ने सब्सिडी के लिए पंजीकरण कराया है। वित्त वर्ष 2022-23 में बिजली सब्सिडी के लिए 3250 करोड़ रुपये रखे गए थे।

बिजली अधिकारियों के अनुसार वैकल्पिक योजना बनने के बाद लगभग दो सौ करोड़ रुपये की बचत हुई है। यदि तीन किलोवाट लोड की शर्त लागू हो जाती है तो अगले वित्त वर्ष में लगभग तीन सौ करोड़ रुपये बचेगा।

# पार्क में कुत्ते से अशोभनीय हरकत करने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली** के हरिनगर इलाके में कुत्ते के साथ अशोभनीय हरकत करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इलाके में एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें देखा गया कि एक आरोपी कुत्ते के साथ पार्क में गलत हरकत कर रहा है। इसका एक शख्स ने वीडियो बना लिया और फिर इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अप्राकृतिक यौनाचार और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया और उसकी पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी इलाके का रहने वाला है और मजदूरी करता है। 24 फरवरी को हरिनगर निवासी ने पुलिस को



एक शिकायत दी। उसने बताया कि उसने पार्क में एक व्यक्ति को कुत्ते के साथ गलत काम करते देखा था। उसने उसका वीडियो बना लिया। वह वीडियो को साक्ष्य के रूप में पेश कर रहा है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। हरिनगर थाना पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया। इसी दौरान आरोपी का वीडियो वायरल हो गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बुधवार को आरोपी के इलाके में मौजूद होने की जानकारी मिली।

# प्रगति मैदान में कई पुस्तकें हुई लांच

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**प्रगति** मैदान में इस समय विश्व पुस्तक मेला जोर-शोर से चल रहा है। पेनडाउन प्रेस, जिसे व्यापक रूप से व्यवसायियों के पसंदीदा पब्लिकेशन हाउस के रूप में जाना जाता है और जिसने देश-विदेश से आए पुस्तक प्रेमियों में अपनी पैठ बनाने में कामयाब रहा है, आज सेमिनार हॉल में अपनी पुस्तकों को लॉन्च किया। गौरतलब है कि पेनडाउन को विश्व पुस्तक मेले के उद्घाटन दिवस पर ही अपनी पुस्तक लॉन्च करने का अवसर मिल गया था। शुक्रवार को प्रमुख लॉन्च में बिजनेस वर्ग से ताल्लुक रखने वाले कई लोगों की पुस्तकें शामिल हैं। लॉन्चिंग सेरेमनी प्रगति मैदान के प्रतिष्ठित स्थल सेमिनार हॉल में



आयोजित की गई थी। पेनडाउन की प्रमुख रिलीज इस प्रकार थीं: पवन वाधवान की केबल इंसुलेशन मेजरमेंट सीक्रेट्स रिवील्ड इस पुस्तक में विनिर्माण लागत को कम करने, अनुपालन को अधिकतम करने और आश्चर्यजनक रूप से कम समय में बिजनेस को लाभदायक बनाने का रहस्य बयाँ किया गया है। पीयूष भाटिया की लाइफ बियॉन्ड फियर्स यह पुस्तक पाठकों के अंदर दबी हुई प्रेरणा शक्ति और साहस को जगाती है, उनके अंदर एबनडेन्स की आभा मंडल का निर्माण करती है, दवाब के भाव से मुक्त रखती है।

# सोनिया गांधी का पीए बनकर किया फर्जीवाड़ा, हत्थे चढ़े 5 आरोपी

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

दिल्ली पुलिस ने राजनेताओं के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीन आरोपितों में से एक की पहचान संजय तिवारी नाम के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी की ने एक केंद्रीय मंत्री बनकर संवैधानिक पद पर बैठे एक शख्स को कॉल किया था। केंद्रीय मंत्री के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले शख्स से खुफिया एजेंसी आईबी और स्पेशल सेल संयुक्त रूप से मिलकर पूछताछ कर रही है।

# सुकेश ने सिसोदिया की गिरफ्तारी पर लिखा पत्र

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में दिल्ली की मंडोली जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी पर अपने वकील के जरिए मीडिया के एक पत्र लिखा है। महाठग ने अपने इस लंबे चौड़े पत्र में मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी पर खुशी जताई है और अपनी शिकायतों के सही ठहराया है। सुकेश के इस पत्र में उनके वकील ने लिखा, "मैं इस बात से बहुत खुश हूं कि महा ठगों आम आदमी के संबंध में मेरी शिकायतें अब सही साबित होने लगी हैं। सच्चाई की हमेशा जीत होती है वो फिर जल्दी हो या बाद में हो।" "सबसे पहले मैं आपको बता दूं



कि जैसा मैंने अपनी शिकायतों में पहले कहा कि सिसोदिया ने उपमुख्यमंत्री बनने के बाद सभी विभागों को कमीशन के जरिए लूटा है। मैंने और मुख्यमंत्री ने उन्हें ऐसा करते हुए करीब से देखा है। उनका करीब होने के नाते मैं उनके काम करने के तरीके को जानता हूं।" सुकेश ने अपने पत्र में केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए लिखा, "आज केजरीवाल स्कूलों, बच्चों और शिक्षा और सिसोदिया मॉडल- दिल्ली स्कूल मॉडल के बारे में बात कर रहे हैं। जैसा कि

**8 इस लंबे चौड़े पत्र में सिसोदिया की गिरफ्तारी पर खुशी जताई है और अपनी शिकायतों के सही ठहराया**

मैंने पहले कहा कि मनीष सिसोदिया, अरविंद केजरीवाल और सत्येंद्र जैन ने गरीब बच्चों की शिक्षा कल्याण के लिए खरीदे टेबलेट में भी चाइनीज कंपनी के माध्यम से हेरफेर की है। बाद में किताबों, स्टेशनरी आदि के ठेके को भी उन कंपनियों को दिया गया, जो छोटी-से-छोटी ठेके के लिए उन्हें रिश्वत दे रही थीं।" साथ ही उन्होंने अलग-अलग कॉन्ट्रैक्ट के माध्यम से अरविंद केजरीवाल पर 1000 करोड़ रुपये का कमीशन लेने का आरोप लगाया है।

# बड़ी इंडस्ट्रीयल मैनुफेकचर एसो. ने कनक गार्डन में होली मिलन समारोह मनाया

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

**कनक** गार्डन में शुक्रवार को होली मिलन समारोह के उपलक्ष्य में विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा अनुसुचिचत जाति मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार, सांसद रमेश कौशिक व उपायुक्त ने ललित सिवाच ने बतौर अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर अतिथियों का बड़ी इंडस्ट्रीयल मैनुफेकचर एसोसिएशन के चेयरमैन राजेन्द्र सिंघला, प्रधान अमित गोयल, उपप्रधान संजय जैन (चिल्ली) उपप्रधान नरेन्द्र नंदा, विनोद जैन, नवीन गर्ग, संरक्षक श्रवण -ाम, महासिचव विरेन्द्र जैन, पवन जैन आदि ने अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत किया। सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि एसोसिएशन उद्योगपतियों के हित में बेहतर कार्य कर रही है। जब भी एसोसिएशन को उनके सहयोग की जरूरत पड़ती है तो

**8 प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार, सांसद रमेश कौशिक व उपायुक्त ने ललित सिवाच ने बतौर अतिथि शिरकत की**

वे सहयोग करते है। केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार व्यापारी हितैषी है। राज्यसभा सदस्य कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में, सरकार चलाने में व्यापारी जो टैक्स देते है। उसे देश व प्रदेश का विकास होता है। इंडट्री की बदोलत भारत का विदेशों में भी नाम है। देश के प्रधानमंत्री का विजन है कि चाहे डिफेंस के हथियार है, जो मोबाईल विदेश से आते थे, आज सभी चीज भारत बना रहा है। देश के उद्योगपति को प्रमोट करने के लिए केन्द्र सरकार उद्योगों को बढ़ावा दे रही है। राज्यसभा में भी उद्योगपतियों के प्रदूषण का मामला राज्यसभा में उठाया। प्रदूषण के कारण बंद पड़ी



कंपनी को चालू करने के लिए मांग की। इस मौके पर एजीएम विनोद कत्याल, मैनेजर रोहताश पवार, एसोसिएशन के पदाधिकारी कनोडिया ग्रुप के निदेशक विनय कनोडिया, नरेन्द्र गुप्ता, आर सी गोयल, निर्मल बंसल, अमित जैन, प्रमोद गोयल, हिमांशु धीमान, अतुल हांडा, विजय अरोड़ा आदि मौजूद थे। एसोसिएशन के प्रधान अमित गोयल व सचिव संजय जैन चिल्ली ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**कवि सम्मेलन में कवियों ने करवाया मनोरंजन:** बड़ी इंडस्ट्रीयल मैनुफेकचर एसोसिएशन द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में कवि कलाम भारती, सुनहरी लाल तुरन्त, मोनिका , राजेन्द्र कलकल कवियों ने अपनी रचनाओं और कविताओं से दर्शकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में कवियों ने अपनी कविताओं में सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था पर तंज कसे। इसके अलावा युवा कवियों ने अपने शब्दों का जादू बिखेरा और प्रस्तुतियों से वाहवाही लूटी। कवियों में दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

**राज्यों के बेहतर विधानसभा चुनाव परिणामों ने मतदाताओं ने पीएम में जताई आस्था : पवार** – राज्यसभा सदस्य कृष्णलाल पंवार ने कहा कि मतदाताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में आस्था रखते हुए प्रदेशों में भाजपा की सरकार सरकार बनाकर सु-ाबू-ा से फैसला लिया है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। तीसरी बार नरेन्द्र मोदी ही भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे और हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। वे मतादताओं का आभार व्यक्त करते है।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


## विदेशों में पढ़ाई के लिए गए दिल्ली के सिख बच्चों को लेकर जागो पार्टी ने पीएम को लिखा पत्र

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने गए दिल्ली के सिख विधार्थियों के अभिभावकों को दिल्ली पुलिस द्वारा परेशान करने की खबरों के बीच जागो पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। जागो पार्टी के अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके ने दिल्ली के बच्चों को शिक्षा तथा रोजगार संपन्न बनाने के लिए भारत सरकार को महाराजा रणजीत सिंह के राज की शिक्षा व न्याय व्यवस्था का अध्ययन करके उसे लागू करने के यत्न करने की अपील की है।ताकि भारतीय बौद्धिक संपदा के विदेशों को हो रहे पलायन को रोककर भारत को विश्व गुरु बनाने का मोदी का संकल्प पुरा हो सकें।


G20

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉट्स/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी IREPS पोर्टल (http://ireps.gov.in) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित कि जाती है:–

| ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/लॉट |
|---|---|---|
| Parking-08-2023 | दिनांक 22.03.2023 को 12:00 बजे | कुरुक्षेत्र (KKDE), 2nd Entry (353 Sq.Mtrs), ओखला (OKA), रोहतक (ROK), 1st Entry, गाजियाबाद (GZB) 2nd Entry यूज साइड, KM/2/8 to 2/10 (DSA-Noli) और नांगलोई (NNO) कुल 6 पार्किंग लॉट/स्थल |
| Parking-09-2023 | दिनांक 24.03.2023 को 12:00 बजे | नई दिल्ली (NDLS), अजमेरी गेट साइड (एक साल के लिए), साहिबाबाद (SBB), मेरठ सिटी (MTC), Site-B और बरोत (BTU), कुल 4 पार्किंग लॉट/स्थल। |
| Parking-10-2023 | दिनांक 27.03.2023 को 12:00 बजे | खतौली (KAT), टपरी (TPZ), सापला (SPZ), main Entry सापला (SPZ) 2nd Entry कुरुक्षेत्र (KKDE)Site-1 और कुरुक्षेत्र (KKDE)Site-2 कुल 6 पार्किंग लॉट/स्थल। |
| Parking-11-2023 | दिनांक 29.03.2023 को 12:00 बजे | शाहबाद मारकंडा (SHDM), करनाल (KUN), 527.19 sq mtr गोहाना (GHNA) दिल्ली कैंट (DEC) और मानसा (MSZ) 2800 Sq.mtrs कुल 6 पार्किंग लॉट/स्थल। |
| Parking-12-2023 | दिनांक 31.03.2023 को 12:00 बजे | पानीपत (PNP), 2nd Entry (380Sq.Mtrs), बुढलाडा (BLZ), पानीपत (PNP), 2nd Entry (705Sq.Mtrs), टोहाना (TUN) और बरेटा (BRZ) कुल 5 पार्किंग लॉट/स्थल |
| Parking-13-2023 | दिनांक 03.04.2023 को 12:00 बजे | पानीपत (PNP), 1st Entry (1581.80Sq.Mtrs), करनाल (KUN), 2nd Entry नरेला (NUR), सरोजिनी नगर (SOJ) PRS, मानसा (MSZ) 782.11 Sq.Mtrs और गुडगाँव (GGN) कुल 6 पार्किंग लॉट/स्थल |
| Parking-14-2023 | दिनांक 05.04.2023 को 12:00 बजे | पालम (PM), पानीपत (PNP), 1st Entry (C-S), तुगलकाबाद (TKD) और मुरादनगर (MUD) कुल 4 पार्किंग लॉट/स्थल |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://ireps.gov.in |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है: 1. इच्छुक बोलीदाताओं को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी माड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरईपीएस खाता रखने वाली संस्थाएं भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी माड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होंगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता 4. आईआरईपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण 5. फंड का लियन मार्किंग 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 Email:pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

संख्या– No.23AC/393/E Auction/2022 Date : 03.03.2023 687/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
**रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## Change of Name

**I Bittu S/o Ram Kishan, R/o Bansa (57), Karnal, Haryana-132036, have changed my name to Bittu Singh**

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**जयभगवान पुत्र श्री राम सिंह निवासी गांव जौरासी खालसा तहसील समालखा जिला पानीपत का निवासी हूं ।मै अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि रोहताश मेरा लड़का है वह उसकी पत्नी प्रीति मेरे कहने सुनने से बाहर है मैं इन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं इनसे जो भी संबंध रखेगा वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं और मेरा परिवार इनका जिम्मेदार नहीं होगा शपथकर्ता।**

**जयभगवान**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# रेंट दुकानदारों को जल्द दें मालिकाना हक : अभिषेक मीणा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **जिला नगर** आयुक्त अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को नगर पालिका सचिवों के साथ मीटिंग कर उनकी कारगुजारी की समीक्षा की। उन्होंने कॉलोनियों को नियमित करने की पॉलिसी के तहत काम करके उसमें तेजी लाने केनिर्देश दिए। इस दौरान जिन नगर पालिकाओं में कॉलोनियों को नियमित करने की प्रक्रिया चल रही है, उस पर चर्चा की गई। कमेटी में नियमित होने वाली कॉलोनियों की दी जानकारी- कॉलोनी नियमित करने के विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यालय स्थित नगर योजनाकार के कार्यालय से घरौंडा के लिए 25 कॉलोनियों का ले-आउट प्लान आया था। सभी का ड्रोन से सर्वे करवाया गया और हाऊस से भी प्रस्ताव पारित करवाया गया। अब आगे की कार्रवाई के लिए इन कॉलोनियों की सूची जिला नगर आयुक्त के पास आएगी और यहां से ओके होने के बाद शहरी स्थानीय निकाय को आगामी कार्रवाई के लिए प्रेषित होगी। असंध में भी 11 कॉलोनियों को नियमित करने के लिए सभी प्रक्रिया पूरी करके मामले को मुख्यालय भेज दिया गया है। नीलोखेड़ी की 4 कॉलोनियों में से 1 कॉलोनी की प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे मुख्यालय भेजा गया है, 3 कॉलोनियों के मामले कमेटी स्तर पर प्रक्रियाधीन है। तरावड़ी नगर पालिका में भी 1 कॉलोनी को नियमित किए जाने का मामला था। अलबता सर्वे में यह कंट्रोल्ड एरिया से बाहर की पाई गई थी। अब डीटीपी के सर्वे के बाद उनके कार्यालय से मामला मुख्यालय भेजा गया है। निसिंग की 5 कॉलोनियों को नियमित करने का मामला भी मुख्यालय को भेजा जा चुका है। इन्द्री में कॉलोनी नियमित करने को कोई मामला नहीं है। समीक्षा मीटिंग में निगमायुक्त ने नगर पालिका सचिवों को निर्देश दिए कि स्वामित्व योजना को लेकर जिन रेंट दुकानदारों की फाईलें कमेटियों में सब्मिट हैं, उन पर जल्द से जल्द कार्रवाई पूरी करें। दस्तावेजों में कोई कमी है, तो उसे रिजेक्ट कर दें, लेकिन पैंडिंग न रखें। नियमानुसार स्वामित्व के लिए जितनी धनराधि जमा करवाई जानी है, उसे लेकर दुकानों की रजिस्ट्री करवाएं। उन्होंने परिवार पहचान पत्र को सम्पत्ति कर आई.डी. से सम्बद्ध करने पर भी चर्चा की और निर्देश दिए कि जिनकी पीपीपी, प्रॉपर्टी आईडी से एकीकृत नहीं की गई है उसे कर दें, इस काम में तेजी लाई जाए। इस संदर्भ में उन्होंने घरौंडा व इन्द्री की पैंडेंसी खत्म करने के निर्देश दिए। उन्होंने कमेटी सचिवों से कहा कि एक कार्य योजना बनाकर काम करें। स्टाफ की आवश्यकता हो तो सक्षम से ले लें। आईटी शाखा की ओर से सचिवों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि एनडीसी पोर्टल पर जो भी आपत्तियां आ रही हैं, उनका निश्चित समयावधि में समाधान करें। कोई भी आपत्ति राईट टू सर्विस एक्ट की अवधि से बाहर न जाए। अगले 3 महीने में सेनीटेशन के सभी कार्य बनाएं सुदृढ़- कमेटी सचिवों के साथ समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी कमेटियों में सामान्य सफाई कार्य, सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय साफ-सुथरे रहने चाहिएं। साफ-सफाई करने वाली एजेंसी, जो करनाल कलस्टर के लिए है, उससे संसाधनों की कमी को पूरा करवाएं। अगले तीन महीने में सेनीटेशन के सभी कार्य स्ट्रीमलाईन कर दें। यूएलबी की ओर से जो भी निर्देश मिलते हैं, उनकी पूर्ण रूप से पालना हो। विकासात्मक गतिविधियों के लिए हाऊस में बजट पास करवाएं। नगर पालिका में मौजूद सभी पार्क अच्छे से मेन्टेन हों। स्ट्रीट लाईट ओके रहें, इसके लिए सभी नगर पालिका सचिव एक कम्पलेंट नम्बर जारी करें। कितनी शिकायतें आई और उनका क्या समाधान किया गया, इसके लिए एक रजिस्टर मेन्टेन किया जाए, जिसे समय-समय पर चैक किया जाएगा। निगमायुक्त ने नगर पालिका सचिवों से कहा कि विकास कार्य जारी रखें, लेकिन उनमें नमूनो की जांच और मॉनिटरिंग होती रहे। मुख्यमंत्री की घोषणाएं व डी-प्लान के जितने भी काम हैं, उन्हें पूरा करें। उन्होंने कहा कि आगामी समीक्षा मीटिंग में हर बिन्दू पर प्रगति दिखाई देनी चाहिए। लापरवाही से काम करने वाले अधिकारी व कर्मचारी के विरूद्ध एक्शन लिया जाएगा।

# एनसीपी हरियाणा में लागू करेगी रोजगार गारंटी कानून



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के हरियाणा प्रभारी मराठा वीरेन्द्र वर्मा ने कहा कि हरियाणा में यदि एनसीपी सत्ता में आई तो हरियाणा में रोजगार गारंटी कानून लागू करेगी। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि हरियाणा के प्रत्येक बेरोजगार को 10 हजार मासिक बेरोजगारी भत्ता भी दिया जाएगा। करनाल में आगामी 19 मार्च को होने वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की रैली को लेकर वह जिले के कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। मराठा वीरेंद्र वर्मा ने कहा कि हरियाणा में बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कई युवा तो नशे की गर्त में चले गए हैं और कुछ हताश होकर आत्महत्या कर रहे हैं। हरियाणा सरकार युवाओं की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही, जिससे अधिकांश युवा देश छोडकर विदेशों में रोजगार तलाश के लिए भटक रहा है।

उन्होंने कहा कि 19 मार्च को होने वाली करनाल रैली पिछले सभी तमाम रिकार्ड तोड़ेगी। एनसीपी हरियाणा में तेजी से आगे बढ़ रही है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के हरियाणा संगठन को मजबूत बनाया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### स्नो मैराथन से जुड़ा गार्मिन इंडिया

**अंबाला:** आगामी 12 मार्च 2023 को लाहौल के स्पीति में आयोजित की जाने वाली देश ही पहली और विश्व की सबसे उंची स्नो मैराथन के साथ गार्मिन इंडिया जुड़ गया। अवार्ड स्पांसर के रुप में जुड़ा गार्मिन महिला और पुरुष वर्ग के सभी चैंम्पियनों को पुरस्कृत करेगा। गार्मिन इंडिया ने गत वर्ष भी विजेताओं को सम्मानित किया था और इस संस्करण में अपनी परम्परा को कायम रखते हुये गार्मिन, अवार्ड स्पांसर के रुप में इस प्रतिष्ठित आयोजन से जुड़ा है। इस आयोजन में देश के कोने कोने से मैराथन धावक जुटेंगें जो कि 42 किलोमीटर, 21 किलोमीटर और दस और पांच किलोमीटर की दौड़ में जोर अजमाईश करेंगें। गार्मिन इंडिया के कंट्री हेड येशुदास पिल्लई ने कहा कि इस साझेदारी को जारी रखते हुये गार्मिन का लक्ष्य पेशेवर और शौकिया धावकों को समर्थन देकर फिटनेस के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूती प्रदान करना है।

### एनएलजीआई-आईसी की सिल्वर जुबली कॉन्फ्रेंस में ग्रीस उद्योग में नई संभावनाओं पर होगी चर्चा

**गुरुग्राम।** ग्रीस उद्योग अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण घटक है। सभी प्रकार के अर्थ मूविंग उपकरणों में ल्यूब्रिकेशन के लिए ग्रीस का उपयोग किया जाता है। खनन से लेकर निर्माण तक हर उद्योग में ग्रीस की भूमिका होती है। भारत में ग्रीस उद्योग के विकास और संभावनाओं को समर्पित नेशनल ल्यूब्रिकेशन ग्रीस इंस्टीट्यूट-इंडिया चैप्टर (एनएलजीआई-आईसी) ग्रैंड हयात गुरुग्राम में तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर रहा है। यह सिल्वर जुबली कॉन्फ्रेंस 3 से 5 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के भारत को मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने के सपने को साकार करने के लिए सम्मेलन की थीम 'न्यू फ्रंटियर्स इन ग्रीस इंडस्ट्री-मूविंग टुवाड्र्स नेट जीरो' रखी गई है। श्री सुधीर सचदेवा, चेयरमैन, सिद्धार्थ ग्रीस एंड ल्यूब्स और श्री एसएसवी रामकुमार, प्रेसिडेंट, एनएलजीआई-इंडिया चैप्टर सम्मेलन की अध्यक्षता की । सम्मेलन का उद्घाटन पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा किया गया सुधीर सचदेवा (अध्यक्ष सिद्धार्थ ग्रीस एंड ल्यूब्स) ने बताया, हम भारत में ग्रीस उद्योग का समावेशी विकास चाहते हैं। आज से शुरू हो रहे इस कार्यक्रम में यूएसए मध्य पूर्व सहित दुनिया भर के तेल उद्योग के विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। पहले दिन, 'ग्लोबल ग्रीस एंड ल्यूब्रिकेंट इंडस्ट्री सिनेरियो एंड फ्यूचर आउटलुक' पर एक पैनल डिस्कशन हुआ । सत्र की अध्यक्षता और संचालन डॉ आर के मल्होत्रा, पूर्व चेयरमैन इंडियन ऑयल और महानिदेशक एफआईपीआई द्वारा की गयी । पहले दिन डॉ एसएसवी रामकुमार, डायरेव?टर (आर एंड डी), इंडियन ऑयल और प्रेसिडेंट, एनएलजीआई-आईसी की अध्यक्षता एवं मॉडरेशन में 'फ्यूचर ऑटो मोबिलिटी के लिए ग्रीस और गियर ऑयल्स' पर एक पैनल चर्चा भी की गयी । योग्य व्यक्तियों को लाइफटाइम अचीवमेंट और लॉन्ग सर्विस अवार्ड भी प्रदान किए गए ।

भारत में ग्रीस बाजार सालाना अनुमानित 1.8 लाख टन का है और साल दर साल 4% सीएजीआर की दर से वृद्धि के साथ 2030 तक इसके 2.5 लाख टन तक पहुंचने की संभावना है। यह बाजार मुख्य रूप से मोटर व्हीकल और औद्योगिक क्षेत्रों में आफ्टरमार्केट एवं विनिर्माण क्षेत्रों को कवर करता है। इसे लिथियम और गैर-लिथियम ग्रीस में वर्गीकृत किया जाता है। इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर भारत सरकार का फोकस ग्रीस की बढ़ती मांग में बहुत अहम है, क्योंकि यह सभी प्रकार के अर्थ मूविंग उपकरणों के ल्यूब्रिकेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खनन और कंस्ट्रक्शन उद्योग अगले 10 वर्षों में 10% सीएजीआर से बढ़ने का अनुमान है। प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का उद्देश्य 100 लाख करोड़ रुपये के निवेश के साथ भारत में बुनियादी ढांचे में क्रांति लाना है। इसमें ऑटोमोटिव, सड़क, रेलवे, आवास एवं शहरी विकास, सीमेंट, स्टील और अन्य क्षेत्रों में एकीकृत एवं समग्र विकास का लक्ष्य है। विकास के पथ पर ये सभी कदम ग्रीस उद्योग के विकास में योगदान देंगे। सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में इन संभावनाओं पर चर्चा होगी।

### फ्लिपकार्ट इंडिया ने किसानों, एफपीओ को समर्थन देने और भारत में कृषि के विकास को बढ़ावा देने के लिए 'समर्थ कृषि' कार्यक्रम शुरू किया

**गुरुग्राम।** फ्लिपकार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने भारत के कृषक समुदायों और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को अपने मंच के माध्यम से देश भर के बाजार तक पहुंच और मोलभाव की ज?यादा शक्ति प्रदान करने के उद्देश्य से आज 'फ्लिपकार्ट समर्थ कृषि' कार्यक्रम शुरू किया। भारतीय किसानों को सशक्त बनाने और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप, 'फ्लिपकार्ट समर्थ कृषि' कार्यक्रम का उद्देश?य बाजार पहुंच प्रदान करने और किसानों की क्षमता निर्माण करना है। इसके अतिरिक्त, यह उन्हें निरंतर विकास करने, बाजार के लिए तैयार होने और प्रासंगिक साझेदारी के माध्यम से मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनने में मदद करेगा। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में किसानों और एफपीओ को उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार के लिए टैक?नोलॉजीज और सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रशिक्षित किया जाएगा और उन?हें कुशल बनाया जाएगा। फ्लिपकार्ट इंडिया ने एफपीओ को अपने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर जोड़ने के लिए कई उद्योग और सरकारी निकायों के साथ सक्रिय भागीदारी और सहयोग किया है - जिनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल राज्यों के कृषि विभाग शामिल हैं।

फ्लिपकार्ट समूह के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, ह्यह्यफ्लिपकार्ट इंडिया का किसानों और एफपीओ के साथ गठजोड़ स्थानीय किसानों की आय बढ़ाने के रास्ते बनाने तथा राष्ट्रव्यापी स्तर पर उनकी उपज को बढ़ावा देने में मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। टैक?नोलॉजी, इनोवेशन और ई-कॉमर्स की क्षमता का उपयोग करके, फ्लिपकार्ट समर्थ कृषि कार्यक्रम भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देगा और मूल्य श्रृंखला में किसानों से लेकर उपभोक्ताओं तक सभी को लाभान्वित करेगा।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं. : 9991270143

# कनाडा का वीजा लगवाने के नाम पर हड़पे 25 लाख, मामला दर्ज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **कनाडा का वीजा** लगवाने के नाम पर एक एजेंट ने गांव रूकसाना निवासी अवतार सिंह से 25 लाख रुपए ठग लिए। इस संदर्भ में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अवतार ने बताया कि 8 जून 2019 को निसिंग में अपने जानकार की दुकान पर बैठा हुआ था। वहां आरोपी संजीव शर्मा निवासी मकान नंबर 2119 सेक्टर-6 अर्बन एस्टेट करनाल आ गया। आरोपी ने कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। इसके बाद वह खुद और अपने पिता गुरबचन सिंह के साथ 10 जून 2019 को आरोपी से करनाल में उसके कार्यालय पर जाकर मिला। आरोपी ने उसे कनाडा भेजने के नाम पर 25 लाख रुपए की डिमांड की, जिसे बाद में उन्होंने दे दिया। काफी दिन बाद आरोपी ने उसे कनाडा का वीजा भेजा, जो कि बाद में फर्जी निकला। इसके बाद आरोपी के दिए तीन चेक बाउंस हो गए। फिर आरोपी ने उसका व उसके परिवार का इंग्लैंड का फर्जी वीजा भेजा। जब उसने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# ट्रांसफार्मर चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी अरेस्ट



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला पुलिस की स्पैशल यूनिट असंध की टीम ने थाना असंध क्षेत्र में रात के समय ट्रांसफार्मर चोरी की करीब तीन दर्जन वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से 14.2 किलोग्राम तांबा क्वाइल व एक कोरोला गाड़ी बरामद की गई है। पुलिस टीम द्वारा थाना असंध में दर्ज एक मुकदमें में दो आरोपियों मि पुत्र बलवान वासी गांव थल थाना असंध जिला करनाल और दीपक उर्फ मिट्ठू पुत्र सियाराम वासी गांव कहसुन थाना उचाना जिला जींद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों को अदालत के समक्ष पेशकर 4 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। रिमांड के दौरान की गई पूछताछ के आधार पर स्पैशल स्टाफ की टीम द्वारा 2 मार्च को आरोपियों के एक अन्य साथी आरोपी अनिल पुत्र कृष्ण लाल वासी थल जिला करनाल को गांव खेडी सर्फअली से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से उपरोक्त मामले में 14.2 किलोग्राम तांबा तार व एक कोरोला गाड़ी बरामद की गई।

इस संबंध में स्पैशल स्टाफ इन्चार्ज उपनिरीक्षक ऋषिपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों द्वारा थाना असंध क्षेत्र में पड? वाले गांवों के खेतों में रात करीब एक से तीन बजे के बीच जाकर ट्रांसफार्मर से बिजली की सप्लाई काटकर, उन्हें नीचे गिराया जाता था और फिर उन्हें खोलकर उनके अंदर से तांबा क्वाईल, तांबा पत्तियां व तारें निकाल लेते थे। उन्होंनें बताया कि आरोपियों द्वारा चोरी के इस सामान में से कुछ सामान राह चलते कबाडियों को बेचा गया था और ज्यादातर सामान को वह लोग बांधकर ट्रेन में रखकर बोम्बे ले गए और वहां कबाडी को बेच दिया।

# श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं को सुनाया श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** श्री कृष्णा मंदिर काछवा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्री धाम वृंदावन से पधारे कथावाचक हित जीवन वल्लभ जी महाराज ने श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना। श्रीकृष्ण-रुक्मणि का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगल गीत गाए। प्रसंग में हित जीवन वल्लभ जी महाराज ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था।

## एमएएच सैल खोलने के लिए चाहिए जगह

**पानीपत:** औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के श्रम आयुक्त डी.पी. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पानीपत में एमएएच सैल खोलने के लिए 1500 से 2000 स्कवेयर फिट जगह की आवश्यकता है जिसमें दो से तीन कमरे बने हो, शौचालय, बिजली व पानी की व्यवस्था हो और साथ ही एक एम्बूलैंस को खड़ी करने की जगह हो। इच्छुक आवेदक आगामी तीन दिनों तक अपना आवेदन लघु सचिवालय स्थित उप निदेशक, औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग, कमरा नम्बर-502 में जमा करवा सकते हैं।

# 'प्राणायाम का अर्थ है श्वासों का विस्तार एवं नियंत्रण'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** चार दिवसीय विशेष योग शिविर के अंतर्गत गुलमोहर पार्क में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी और अन्य शिक्षकों ने शहर के विभिन्न स्थानों से पहुंचे साधकों को योग सत्र करवाया। इनोसेंट स्माइल प्री स्कूल के डायरेक्टर कन्हैया लाल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

प्रातःकालीन समय में सूक्ष्म क्रियाओं से अभ्यास शुरू करवाते हुए दिनेश गुलाटी ने पार्क में मौजूद योग साधकों को नियमित योग करने से होने वाले लाभ के विषय में अवगत करवाते हुए करवाया और उन्हे योगिंग जोगिंग, सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, त्रिकोणासन, वीरभद्रासन आसनों का अभ्यास करवाया। कक्षा में मौजूद अन्य शिक्षकों नीलम बठला, निधि गुप्ता, राजीव शर्मा, नरेश चौधरी, एनफ चौधरी ने विभिन्न प्रकार के आसनों के साथ उन्हें करने की विधि के बारे में समझाया। दिनेश गुलाटी ने प्राणायाम के बारे में विस्तार और बारीकियों के साथ साधकों को कई तरह के प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए कहा कि प्राणायाम का अर्थ है श्वासों का विस्तार एवं नियंत्रण। उन्होंने सभी प्राणायाम जैसे भस्त्रिका, कपालभाति, अग्निसार क्रिया, अनुलोम विलोम का भक्ति भाव से अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि योग प्राणायाम से हमारे शरीर में प्राण वायु का स्तर बढ़ जाता है और हमारे शरीर के अंदर के सभी सिस्टम ठीक प्रकार से काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि प्राणायाम से शरीर में अधिक से अधिक ऑक्सीजन का प्रभाव बढ़ता है। मेटाबॉलिज्म दुरुस्त होता है। शरीर में अच्छे हारमोंस बढ़ते हैं। प्रत्येक कोशिका तक रक्त का स्त्राव स्त्राव पहुंचता है और इसके अन्य भी अनगिनत लाभ है, परंतु प्राणायाम करते समय दृढ़ संकल्प, मन का स्थिर होना और उचित वातावरण होना बहुत आवश्यक है। कक्षा में मौजूद साधकों ने बताया कि प्रतिदिन योग प्राणायाम से उन्हें बहुत लाभ पहुंच रहे हैं।

# निगमायुक्त ने फूसगढ़ स्थित गौशाला का किया दौरा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने फूसगढ़ स्थित गौशाला व नंदीशाला का दौरा किया और गौवंश के संरक्षण के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके साथ अतिरिक्त आयुक्त गौरव कुमार, उप निगमायुक्त अरूण भार्गव तथा सेनीटेशन शाखा का स्टाफ मौजूद था। निगमायुक्त ने गऊओं के लिए रोजाना कितना और कहां से चारा आता है, इसकी जानकारी वहां मौजूद केयर टेकर से ली। केयर टेकर ने बताया कि रोजाना करीब 200 क्विंटल हरा चारा व करीब 50 क्विंटल सूखा चारा लाया जाता है, जो गऊओं को खिलाया जाता है। चारा कैसा आता है, उसकी क्वालिटी का भी ध्यान रखा जाता है। उसके बाद उन्होंने गौशाला और नंदीशाला में संख्या की जानकारी मांगी। केयर टेकर ने बताया कि इस समय गौशाला में करीब 699 गाय तथा नंदीशाला में करीब 295 नंदी मौजूद हैं।

निगमायुक्त ने केयर टेकर के बाद वहां गायों की सुपरविजन में लगे कर्मचारी से भी बात की और गायों की देखभाल को लेकर पूरी जानकारी ली। गौशाला व नंदीशाला में रह रहे गौवंश के साथ-साथ पूरे परिसर का भ्रमण किया। उनकी सुरक्षा के लिए क्या-क्या उपाय किए गए हैं, उसका भी जायजा लिया और अपनी संतुष्टि जाहिर की। इसके बाद निगमायुक्त ने गौशाला व नंदीशाला के लिए बनाई गई बाउंडरी वाल का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि बाउंडरी वाल को ऊंचा करके मजबूत फैंसिंग की जाए, ताकि बाहर से कोई भी असामाजिक तत्व अंदर प्रवेश न कर सके। इसके साथ-साथ उन्होंने गौशाला के लिए 2 स्लाईडिंग गेट लगाने के भी निगम इंजीनियरों को निर्देश दिए।

## गोल्ड मेडल जीता: देव सोनी का हुआ भव्य स्वागत

**पानीपत:** मडलौडा गांव जीजीएस स्कूल के होनहार छात्र देव सोनी ने राष्ट्रीय स्तर पर ताइक्वांडो में गोल्ड मेडल जीतकर अपना राष्ट्रीय स्तर पर प्रचंड लहराया देव सोनी का स्वागत करने के लिए युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बलविंदर आर्य व प्रदेश कार्यकारिणी व खेल प्रकोष्ठ के सदस्य दीपक शर्मा ने देव सोनी का भव्य स्वागत किया, वह आगामी शुभकामनाएं दी इन दोनों भाजपा नेताओं ने बताया कि हमारी भाजपा सरकार जिस तरह खिलाड़ियों के लिए प्रोत्साहन व सुविधाएं दे रही है। वह आज से पहले किसी और सरकार ने खिलाड़ियों को इतनी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई।

# आम आदमी को उसका हक मिले, हमने ऐसा बनाया बजट : अभिमन्यु



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि जब हम सत्ता में आए थे, तब प्रदेश की आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी। पूर्व की सरकारों ने बिना सोचे समझे कर्ज लिया हुआ था, जिस कारण प्रदेश की जनता पर कर्जे का बोझ बढ़ता जा रहा था और विकास धरातल से कोसों दूर हो रहा था। हमने सत्ता में आने के बाद प्रदेश की वित्तीय स्थिति को जनता से समझा और बिंदुवार उसे सदृढ़ बनाने के लिए काम करना शुरू किया। आज नतीजा यह है कि प्रदेश का वित्तीय स्वास्थ्य ठीक है और आम आदमी को उसका पूरा हक मिल रहा है। साथ ही विकास भी धरातल पर उतर कर भाजपा सरकार का कुशल प्रबंधन बयां कर रहा है। कैप्टन अभिमन्यु शुक्रवार को पंचायत भवन में आयोजित बजट पर परिचर्चा कार्यक्रम को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने वित्त मंत्री रहते व मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान पेश किए गए बजट का एक-एक आंकड़ा प्रमुखता से सबके सामने रखा। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने बड़ी तन्मयता से बजट की बारीकी को समझा। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने कार्यकताओं से कहा कि वह बजट के एक-एक पहलू को जनता के बीच में लेकर जाएं और उन्हें बताएं। पिछली सरकारों ने केवल बजट के नाम पर खानापूर्ति की थी और भाजपा सरकार ने किस तरह से योजनाएं बनाकर बिना किसी टैक्स के प्रदेश की वित्तीय स्थिति को न केवल सुधारा, बल्कि आम आदमी को उसका पूर्णतया हक मिले, इस पर काम किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष आज भी बिना सोचे समझे भाजपा के विकासात्मक बजट को नकार रहा है। उन्होंने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि वे सदन में आकर बजट के एक-एक बिंदु पर चर्चा करें, हम जवाब देने को तैयार हैं। इन सरकारों के कर्जे को हमने सत्ता में आते ही कम करना शुरू किया।

आज हमने वित्तीय प्रबंधन को पारदर्शी बनाते हुए न केवल विकास कराया, बल्कि आम आदमी को उसका हक पहुंचाया।

इस अवसर पर विधायक हरविन्द्र कल्याण, रामकुमार कश्यप, पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता, प्रदेश महामंत्री वेदपाल, मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, मेयर रेनूबाला गुप्ता, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, संजय बठला,अमरनाथ सौदा, पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, जिला उपाध्यक्ष प्रवीन लाठर, संजय राणा, जिला कार्यकारिणी मेंबर यशपाल ठाकुर, जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा, जिला प्रभारी दीपक शर्मा, जिला महामंत्री राजबीर शर्मा, सुनील गोयल, जिला विस्तारक शशि दुरेजा, जिला मीडिया प्रमुख डा. अशोक कुमार, एडवोकेट संजय मदान, आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक सतीश गोयल, सभी मंडल अध्यक्ष, सभी मोर्चा अध्यक्ष व महामंत्री, सभी प्रकोष्ठ व विभाग के जिला संयोजक समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# अशिक्षा,अज्ञानता विकास के लिए घातक

**अशिक्षा** और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है' यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात है' यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है'

शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता है' उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक है' शिक्षा ही एक मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अंधविश्वास के रूप में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहाँ बच जाती है भला ? शिक्षा का स्तर ईतना ऊंचा हो जाना चाहिए की इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिए' बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है,किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाता इस सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है। शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है। मूलतः अंधविश्वास को दूर करने के लिए हमें शिक्षा जैसे अस्त्र का इस्तमाल तीव्र गति से किया जाना चाहिए। अंधविश्वास, तंत्र मंत्र के अधीन होकर पशुओं की बलि देना भी एक प्रकार से अंधविश्वास को बढ़ावा देना ही है, तंत्र मंत्र के विश्वास में आकर मानव न केवल पशुओं की बलि देते बल्कि बच्चों की बलि देने से भी नहीं परहेज करता है।

# महाराष्ट्र में भाजपा के खिलाफ महाविकास अघाड़ी

सुनील कुमार महला

> "चंद्रशेखर बावनकुले, गिरीश महाजन, रवींद्र चव्हाण और चंद्रकांत पाटिल को कसबा और चिंचवड़ में तैनात किया गया था। बहरहाल, भाजपा को करारा झटका लगने के बाद अब इस हार का ठीकरा प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले समेत अन्य नेताओं पर फोड़ा जा रहा है। इन चुनावों के नतीजों के बाद भाजपा के कार्यकर्ता अपने-अपने तरीके से नेताओं का विश्लेषण करते नजर आ रहे हैं और नेताओं की आलोचना कर रहे हैं। इससे भाजपा में अंदरूनी गुटबाजी भी देखी जा सकती है। पिंपरी चिंचवाड़ और कसबा उपचुनाव के नतीजे आने के बाद सोशल मीडिया पर पुणे के पालक मंत्री चंद्रकांत पाटिल और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यकर्ताओं पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं"

**महाराष्ट्र** में आये उपचुनाव के नतीजों ने आगामी चुनावों में भाजपा को सोचने पर मजबूर होना ही पड़ेगा । कसबा सीट पर 28 साल पुराना किला महाविकास अघाड़ी ने तोड़ दिया है। कसबा पेठ सीट गंवाने के बाद विपक्षी महाविकास अघाड़ी की बढ़ती ताकत उसे ज्यादा परेशान कर रही है। वैसे, इन नतीजों की खास बात यह है कि भाजपा अपना परंपरागत वोट कसबा और चिंचवड, दोनों ही सीटों पर बचाने में सफल रही है। शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस के मिले जुले गठबंधन के वोटों की बदौलत उसे हार का मुंह देखना पड़ रहा है। यह केवल महाराष्ट्र नहीं, भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। उत्तर प्रदेश के बाद 48 सीटों के साथ महाराष्ट्र लोकसभा चुनाव का दूसरा बड़ा खिलाड़ी है। यहां हुई गड़बड़ देश के स्तर पर परेशानी का सबब बन सकती है।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, भाजपा को दोनों उपचुनाव में 47 फीसदी से ज्यादा वोट पड़े हैं। आम तौर पर इतने वोट किसी भी सीट पर निर्णायक जीत हासिल करने के लिए काफी होने चाहिए। मगर एनसीपी, कांग्रेस के वोट और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) की छिपी ताकत चिंता की लकीरें बढ़ाने का कारण बनी हुई है। देश के बाकी हिस्सों की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू महाराष्ट्र में भी असर करता दिखाई पड़ रहा है और शिवसेना (उद्धव) का साथ छूटने के बाद अपने खुद के वोट बैंक में इजाफा करने में भाजपा काफी हद तक सफल भी रही है बावजूद इसके महाविकास अघाड़ी का मजबूत किला भेदने में भाजपा असफल रही । यह भी कड़वा सच है कि उद्धव ठाकरे के बिछड़ने की कोई पूर्ति महाराष्ट्र में होती दिखाई नहीं दे रही। तभी एक के बाद उसे झटके लगते रहे हैं। विपक्ष में दूरियां बनाने की कोशिश भी सफल होती दिख रही। एक के बाद एक विपक्षी नेताओं को जेल भेजने की कार्रवाई का उतना फायदा जमीन पर नजर नहीं आ रहा है। बल्कि तीनों पार्टियों का मिलकर भाजपा को पछाड़ने का एकत्रित संकल्प राजनीतिक पटल पर कहीं ज्यादा कारगर दिखाई दे रही है। वैसे भी, पार्टी ने जब से शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे को मुखिया बनाकर सरकार खड़ी की है, तब से राज्य में कोई निर्णायक राजनीतिक जीत दर्ज कराने में पार्टी असफल रही है। मई 2021 में पंढरपुर विधानसभा उपचुनाव की सीट भाजपा ने झटकी थी। तब से देगलूर (नदिड़), कोल्हापुर उत्तर और अंधेरी



(मुंबई) के विधानसभा उपचुनावों में पार्टी बैकफुट पर नजर आई है। हाल में विधानपरिषद उपचुनाव में भी शिक्षक व ग्रैजुएट सीटों पर एकमात्र कोंकण शिक्षक सीट जीतने में सफल रही। इनमें भी नागपुर और अमरावती के गढ़ गंवाने की टीस उसे झेलनी पड़ी है। ताजा उपचुनाव में 28 वर्षों से गढ़ रही पुणे की कसबा पेठ विधानसभा सीट की हार पचाना आसान नहीं होगा। चिंचवड सीट बच तो गई, मगर शिवसेना का बागी उम्मीदवार 42 हजार वोट न खींचता, तो मुश्किल बढ़ सकती थी। एनसीपी उम्मीदवार को दिवंगत विधायक लक्ष्मण जगताप की विधवा ने 32 हजार वोटों से हराया है। वैसे देखा जाय तो कसबा पेठ विधानसभा उपचुनाव का नतीजा बिल्कुल भी चौंकाने वाला नहीं है। इस चुनाव में क्या होगा इसकी भविष्यवाणी पहले ही कर दी गई थी। कोई भी स्पष्ट बोलने को तैयार नहीं था कि केवल भाजपा ही क्यों सफल नहीं होगी, लेकिन यह आज स्पष्ट हो गया है। इसी तरह राजनीतिक गलियारों में कहा जा रहा है कि पिछले कुछ महीनों में हुए चुनावों में भाजपा की नाकामी का कारण पार्टी की गलत प्लानिंग है। दरअसल भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर बावनकुले के प्रदेश अध्यक्ष का पद संभालने के बाद भाजपा को कई उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा है। बावनकुले के क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने के बाद स्थानीय स्वशासन चुनाव, शिक्षक स्नातक विधान परिषद, अंधेरी विधानसभा उपचुनाव, पुणे उपचुनाव हुए। उसमें हमें जो सफलता मिलनी चाहिए, वह हमें दिखाई नहीं पड़ती। हालांकि बावनकुले प्रदेश अध्यक्ष हैं, लेकिन हर फैसला बावनकुले नहीं ले सकते, इसमें कोई न कोई दखलंदाजी करता है। इसलिए, राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि फ्री होल्ड का फैसला नहीं लिया जा सकता। गौरतलब है कि प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर पिछले कुछ चुनाव बावनकुले के नेतृत्व में हुए थे और भाजपा नागपुर की सीट बरकरार नहीं रख पाई थी जो उसका गढ़ है। 5 सीटों में से भाजपा को सिर्फ 1 सीट पर जीत मिली है और भाजपा को बड़ा झटका लगा है। राजनीतिक विश्लेषकों की ओर से कहा जा रहा है कि चंद्रशेखर बावनकुले की स्थानीय स्वशासन के चुनावों में नागपुर सीट जीतने में नाकामी उन्हीं की वजह से है। राजनीतिक हलकों में इस बात की भी चर्चा है कि बावनकुले का प्रदेश अध्यक्ष होने के बावजूद प्रदेश के कई नेताओं पर कोई पकड़ नहीं है। हाल ही में हुए कसबा और चिंचवाड़ उपचुनाव में भाजपा ने प्रचार के लिए केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों, राज्य के कैबिनेट मंत्रियों जैसे शीर्ष नेताओं को मैदान में उतारा था। सारी ऊर्जा दांव पर लग गई लेकिन एक जगह जो कई वर्षों से हाथ में थी वह खो गई। कसबा की गरिमामयी सीट पर कांग्रेस ने कब्जा कर लिया। क्या कसबा और चिंचवाड़ में प्लानिंग फेल हो गई है? ऐसा सवाल उठाया जा रहा है। चंद्रशेखर बावनकुले, गिरीश महाजन, रवींद्र चव्हाण और चंद्रकांत पाटिल को कसबा और चिंचवाड़ में तैनात किया गया था। बहरहाल, भाजपा को करारा झटका लगने के बाद अब इस हार का ठीकरा प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले समेत अन्य नेताओं पर फोड़ा जा रहा है। इन चुनावों के नतीजों के बाद भाजपा के कार्यकर्ता अपने-अपने तरीके से नेताओं का विश्लेषण करते नजर आ रहे हैं और नेताओं की आलोचना कर रहे हैं। इससे भाजपा में अंदरूनी गुटबाजी भी देखी जा सकती है। पिंपरी चिंचवाड़ और कसबा उपचुनाव के नतीजे आने के बाद सोशल मीडिया पर पुणे के पालक मंत्री चंद्रकांत पाटिल और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यकर्ताओं पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर चर्चा है कि पालक मंत्री चंद्रकांत पाटिल के कारण पुणे की सीट हार गई। बताया जा रहा है कि भाजपा पिछले कुछ महीनों से राज्य में चुनाव नतीजों में वोटरों को हल्के में लेने में नाकामी का सामना कर रही है। राज्य में भाजपा नेताओं को लगा कि देश में भाजपा की लहर है, तो इससे राज्य को भी फायदा होगा। लेकिन पिछले कुछ महीनों से राज्य में हो रही घटनाओं और राजनीति को देखते हुए भाजपा के खिलाफ प्रचार किया जा रहा है। इसलिए विपक्ष कह रहा है कि लोग भाजपा को नकार रहे हैं। इनमें बढ़ती महंगाई, किसानों और आम लोगों को पेश आ रही दिक्कतें, दूसरे राज्यों में जाने वाले उद्योग और रोजगार शामिल हैं। इसलिए विपक्षी पार्टी के नेताओं का कहना है कि लोग भाजपा से नाराज हैं। महाविकास अघाड़ी पार्टी में शामिल तीनों दल राज्य में हर जगह भाजपा को मात देने के लिए कमर कस चुके हैं। इसका एक अच्छा उदाहरण शिक्षकों और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव के साथ-साथ चिंचवाड़ और कसबा उपचुनावों में भी देखने को मिला। महा विकास अघाड़ी की तीनों पार्टियां भाजपा को हराने और राज्य में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के लिए आपस में समन्वय बनाकर लड़ रही हैं। लेकिन अगर चिंचवाड़ में राहुल कलाटे उम्मीदवार नहीं होते तो भाजपा उस सीट को भी गंवा देती। ध्यान देने योग्य बात है कि महाराष्ट्र में उद्धव सरकार गिरने के बाद माना जा रहा था कि विपक्ष पूरी तरह बिखर जाएगा, लेकिन सरकार गिरने के बाद गठबंधन और मजबूत हो गया है। कुछ समय पूर्व 16 दिसंबर को आजाद मैदान में महाविकास अघाड़ी ने हल्ला बोल रैली का आयोजन किया था। इस रैली में शरद पवार, उद्धव ठाकरे और नाना पटोले भी शामिल हुए थे।

रैली में सभी नेताओं ने कर्नाटक-महाराष्ट्र के बीच सीमा विवाद और कोश्यारी को लेकर भाजपा पर जमकर हमला बोला। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो यह रैली महाविकास अघाड़ी का शक्ति प्रदर्शन था, जिसकी कामयाबी अब दिख रही है ।

## कविता

जिंदगी अग्नि परीक्षा<br>का नाम है,<br>उसे पास करो,<br>बाईपास करने की<br>कोशिश ना करो,<br>जिन्दगी को जीओ,<br>उसे समझने की<br>कोशिश ना करो,<br>चलते वक्त के साथ<br>चलो,वक्त को बदलने<br>की कोशिश न करो,<br>दिल खोल कर सांस लो,<br>अंदर ही अंदर घुटने<br>की कोशिश न करो..!<br>कुछ बातें प्रभु भोलेनाथ<br>पर छोड़ दो,<br>सब कुछ खुद<br>सुलझाने की कोशिश न करो,<br>जीवन मिला है<br>परोपकार कर जियो<br>स्वार्थ में जीवन जीने<br>की कोशिश ना करो,<br>कुछ भोलेनाथ<br>ने भी ठाना है,<br>बस उपासना करो<br>फल पाने की<br>कोशिश ना करो,<br>जीवन भोलेनाथ की देन है,<br>जी भर कर जियो

संजीव

# ऐसी तो न थी होली

विजय गर्ग

**होली** में जीवन का राग समाहित है। अब तक होली को हम जैसा भी देखते रहे हों, लेकिन अब होली उदास है। उमंग और उत्साह गायब है। शायद इसे नए जमाने की नजर लग गई। नए जमाने मतलब, नई सोच और नई जीवन शैली। जब जीवन शैली बदल जाती है, तो पर्व-त्योहारों के मनाने के तौर-तरीके भी बदल जाते हैं। हालांकि सिर्फ होली की बात नहीं है, बल्कि हर पर्व-त्योहार के साथ भी क्रमोबेश ऐसा ही है।

चूंकि होली का लोक-जीवन से गहरा संबंध है, इसमें रिश्तों की आत्मीयता और उसकी गर्माहट के साथ लोक-संस्कृति इसमें चटक रंग दिखते थे, इसलिए होली के रंग का फीका पड़ना अधिक सालता है। अब होली में न तो भाईचारे और आपसी मिल्लत का राग रहा और न ही लोक-संस्कृति का रंग। एक समय होली का त्योहार आते ही ढोलक की थाप और मंजीरों पर चारों ओर फाग गीत गुंजायमान होने लगते थे। वासंती बयार के साथ फाग का राग घुल कर भावोत्पादकता के चरम पर होता था। ऐसा महसूस होता था जैसे पूरी सृष्टि नाच रही हो। लेकिन आधुनिकता ने इसे अपना ग्रास बना लिया। शहर की बात तो दूर, अब ग्रामीण परिवेश में भी फाग का राग के साथ ढोलक की थाप सुनाई नहीं पड़ती। एक समय था, जब किसी के दालान पर फगुआ की महफिल सजती थी। उस महफिल में सभी तबके के लोग शरीक होते। वहां शरबत-पानी और रंग-गुलाल का पुख्ता इंतजाम होता था।

कोई हेरी गाने वाले सधी आवाज में टेर लगाता, फिर उसकी टेर पकड़ कर कोई और सहारा देता। फिर उसे तीव्रता के साथ विभिन्न स्वरों में देर तक दुहराया जाता। फाग के समवेत स्वर में लोगों की अलग-अलग भंगिमाएं भी होतीं। बच्चों के लिए यह विशेष आकर्षण होता। कोई पालथी मारकर दोनों घुटनों पर ढोलक रख ताल देता, तो किसी कि आंखें विचित्र हरकतें करतीं। कोई अपने लंबे बालों को लय के अनुसार झटके देते, तो कोई अपने मुंह की आकृति ऐसा बना लेता, जैसे किसी ने करेला का जूस पिला दिया हो। जब राग का आवेग चरम पर होता, तब आधे से अधिक लोग घुटनों पर खड़े हो जाते। फिज़ां में रस घोलती झालों की समवेत ध्वनि। ढोलक पर ताबड़तोड़ थाप से लगता कि ढोलक अब फटा कि तब। भाईचारे और आपसी सद्भाव का अतुलित-अद्भुत नजारा। लेकिन अब होली को शहरीपन की नजर लग गई। अब होली खेले रघुबीरा अवध में, होले खेले रघुबीराइ, और आज बिरज में होरी रे रसियाछ जैसे कर्णप्रिय होली गीत सुनाई नहीं देते। अब इन पारंपरिक गीतों की जगह भौंडे और अश्लील गानों ने अपना स्थान बना लिया है। होली के महीने भर पहले से ही तिपहिया और बसों में होली के नाम पर ऊंची आवाज में अश्लील गाने बजने शुरू हो जाते हैं। इससे महिलाओं के लिए कहीं आना-जाना भी मुश्किल हो जाता है। होली के दिन भी अलग-अलग टोलों में लोग ताश के पत्ते फेंटते दिखते हैं। पूरे गांव की होली पहले टोलों, फिर परिवार और अब पति-पत्नी और बच्चे तक सिमट कर रह गई है। शरारती युवाओं की टोली अब जल्दी विद्वेष वाले किसी बुजुर्ग को खोज कर उन्हें गहरे रंगों से सराबोर नहीं करती। उनके गुस्से को हंसी-ठहाकों में तब्दील नहीं करते। शहर ही नहीं, गांव का युवा वर्ग भी अब वाट्सऐप और यूट्यूब पर मशगूल है।

बुजुर्ग अब बेकार की वस्तु बन गए। अब बात-बात पर लोग मरने-मारने पर उतारू हो जाते हैं। अब न पहले जैसी अल्हड़ मिजाजी रही और न पहले की तरह सहनशीलता। पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों में भी पहले जैसी आत्मीयता नहीं

## विचार

# क्यों भारतीय छात्रों में बढ़ रही है आत्महत्या की घटनाएं?

रवि रंजन

**जिंदगी** की भागमभाग में ज्यादातर लोगों में तनाव, गुस्सा, परेशानी, डर, अवसाद का भाव देखने को मिलता है, जरा सी डांट-फटकार या घर में नोकझोंक होने पर शीघ्र अनुचित निर्णय लेते है। आज के आधुनिक युग में छोटे बच्चे से लेकर बड़े बुजुर्ग, पढ़े- लिखे और अमीर से लेकर गरीब तक सभी वर्ग में आत्महत्या की घटनाएं अत्यधिक बढ़ती जा रही है, हर रोज आत्महत्याओं की खबरें देखने-सुनने को मिलती है। इसी समस्या की ओर जागरूकता दिवस के रूप में "विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस" दुनियाभर में हर साल 10 सितंबर को मनाया जाता है, 2003 से दुनिया भर में विभिन्न गतिविधियों के साथ आत्महत्याओं को रोकने के लिए विश्वव्यापी प्रतिबद्धता और कार्रवाई करने के लिए यह विशेष दिन है। हर 40 सेकेंड में कोई न कोई अपनी जान लेता है। विश्व में हर साल 7-8 लाख लोग आत्महत्या के कारण अपनी जान गवांते है। 77% वैश्विक आत्महत्याएं निम्न और मध्यम आय वाले देशों में होती हैं। आत्महत्या 15-19 वर्ष के बच्चों में मृत्यु का चौथा प्रमुख कारण है। लैंसेट रिपोर्ट के अनुसार, भारत में आत्महत्या की दर 15-29 आयु वर्ग में सबसे अधिक थी। भारत में हर घंटे एक छात्र आत्महत्या करता है, हर दिन लगभग 28 ऐसी आत्महत्याएं होती हैं। 2022 में आत्महत्या से 9,478 छात्र, 2021 में 9,905 और 2020 में 10,159 छात्रों की मौत हुई। आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, जीवन तो निरंतर चलने का नाम है जिसमें सुख-दुख आते रहते है। समस्याओं से डर जाना या हार मान लेना तो कमजोरी है और आत्महत्या उसी कमजोरी पर कायरता की निशानी है। पशु-पक्षी भी कभी हार नहीं मानते और कभी आत्महत्या नहीं करते, वो हर हाल में जीना सीख जाते हैं, हम तो फिर इंसान हैं, हमारे पास विवेक बुद्धि है, हम शारीरिक और मानसिक रूप से सक्षम हैं, मदद करने के लिए रिश्ते-नाते, संसाधन, संस्थाएं, प्रशासन, नियम, कानून और अन्य सुविधाएं हैं, हम हार क्यों मानते है। क्या हम दुनिया के सबसे दुखी लोग हैं? नहीं, कदापि नहीं, लोग हमसे ज्यादा समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिंदगी के प्रति सिर्फ हमारा नजरिया बदल गया है, जब हम लोगों की समस्याओं को जानेंगे तो पता चलेगा कि हमारी समस्या दूसरों की तुलना में कुछ भी नहीं और समय कभी एक सा नहीं रहता। समस्याओं को बढ़ाने में हमारा सबसे बड़ा हाथ है, दूसरों पर हमारा अति विश्वास, अति-उम्मीद या निर्भरता, हमारे व्यवहार का प्रभाव, बुरी संगत, बुरी आदतें, लालच, जागरूक न होना, नियमों का उल्लंघन करना, संयम व संतोष की कमी, आत्मचिंतन का अभाव, अपनो के साथ समस्या साझा न करना, लोग क्या कहेंगे यह सोचकर डर जाना, समाज में स्टेटस का दिखावा करना, वास्तविकता को झुठलाना, जिम्मेदारी व कर्तव्य से दूर भागना, नकारात्मक विचारों का जाल बुनना, परिस्थितीनुसार सामंजस्य स्थापित न करना, आवेश में अनुचित निर्णय लेन , आत्मग्लानि या दबाव में रहना ऐसी जटिलताएं मनुष्य द्वारा खुद निर्माण की हुई होती है, जिन्हें वह अपने सूझबूझ विवेक बुद्धी से सुलझा सकते है। समस्याओं से डरकर भागना कायरता और बुजदिली कहलाती है, कोई भी समस्या डर से नहीं बल्कि उस समस्या का मुकाबला करने से दूर होती है। ईमानदारी और सच्चाई से जीना है तो लोकलाज कभी न सोचें चाहे कितना ही संघर्ष हो। विश्व की आधी आबादी संघर्ष जारी है और इसे ही कहते है जिंदादिली, क्यों जिंदगी अनमोल है, पूरी दुनिया की दौलत बेचकर भी एक पल की जिंदगी नहीं खरीद सकते। आत्महत्या को रोकना अवश्य संभव होता है और हम सभी इसे रोकने में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं। छोटी सी परवाह जीवन बचा सकती है और संघर्षरत व्यक्ति में आशा की भावना पैदा कर सकती है। संघर्ष करने वालों में सकारात्मक प्रोत्साहन, आत्मविश्वास जगाकर उन्हें सशक्त और हौसले से मजबूत करना हैं। चुनौतियाँ, असफलताएँ, पराजय और अंततः प्रगति, यही हैं जो आपके जीवन को सार्थक बनाती हैं। अभी हार न मानने की आदत ही जीत की आदत बन जाती है, इसलिए कुछ भी हो लेकिन हार नहीं मानना है और जितनी भी जिंदगी मिली है जिंदादिली से जियो।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के है। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**<br>**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**<br>9999889104, 9250706656<br>ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# होली पर चंग,बांसुरी, धमाल अब फीके !

**होली** इस बार सात मार्च को तो धुलंडी (रंग खेलने का दिन) आठ मार्च को है। वास्तव में,होली का त्योहार ऐसे समय में आता है जब वातावरण में एक नवीन ऊर्जा समाई होती है, प्रकृति अपने रंगों से निखर रही होती है, न सर्दी, न ही गर्मी। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति का मन मयूर की भांति चहकने लगता है, महकने लगता है। होली पर हर तरफ रंगों की बरसात होती है, पर्यावरण की छटाओं में रंग ही रंग छा जाते हैं, घुल जाते हैं। रंगों की महक हमारे तन-मन को स्फूर्ति, आनंद, उल्लास व ऊर्जा से परिपूर्ण कर देती है। हमारे देश की संस्कृति के सभी पर्व ,त्योहार आदमी को आदमी से जोड़ते हैं, होली भी एक ऐसा ही त्योहार है जो हमारे रिश्तों को जोड़ता है, सहेजकर रखता है, हमें आपसी मजबूत बंधन में बांधता है। होली के रंग बिखरते हैं तो मन जुड़ते हैं, टूटते नहीं हैं। लेकिन अब विरले ही होली के त्योहार पर धमाल व राजस्थानी लोक गीत, स्वांग, हंसी ठिठोली सुनाई दिखाई देती हैं। समय, काल व परिस्थितियों के अनुसार होली के त्योहार को मनाने के तौर तरीकों में काफी आमूल चूल परिवर्तन देखने को मिले हैं। आपने महसूस किया होगा कि आजकल पहले की तरह गांवों, शहरों की गली मोहल्लों में " हरे ओ भरदे मायरियो नरसिंह जी थारी नान्ही बाई गो भरदे मायरियो...!", " एहे गांजो पीज्या रे सदा रा शिव भोला अमली रे...!", "लिछमण क रे बाण लग्यो र शक्ति लिछमण क रे...!", " हरे नित बरसो रे मेहवा म्हारे बागड़ म रे...!" कोनी मानै ये यशोदा थारो बनवारी रे कोनी मानै ये...!" लहरो ल्यादे रै नणदी का बीरा लेरो ल्यादे रै...", " चालो देखण न बाईजी थारो बीरो नावै रे चालो देखण न...!", "फ्त आई रे पपीया तेर बोलण गी रै रूत आई रे...!" "कठै सूं आई सूंठ...कठै सूं आयो जीरो...!", "फागुन आयो रे रसिया...!" "सत राखो रे भाईड़ा...जग में दो दिन रहणो रे..सत राखो रे...!" जैसी अनगिनत धमालें कम ही सुनने को मिलतीं हैं। पहले के जमाने में गांव की गली गली, कूचे कूचे में धमाल की धमक गूंजती थी। होली के त्योहार के आगमन से बीस पच्चीस दिन पहले यहां तक कि महीनों महीनों पहले ही धमाल गाने बजाने वाले डफ,चंग, बांसुरी से लैस नजर आने लगते थे, आपसी प्रेम, सद्भाव, भाईचारे की मिसाल देखने को मिलती थी। लेकिन आज कहीं कहीं ही इसकी झलक देखने सुनने को मिलती है और इसको भी गांव घरों के कुछ बुजुर्ग लोग ही आज तलक जिंदा रखे हुए हैं। यह बहुत ही चिंतनीय है कि आज की युवा पीढ़ी को धमाल, चंग, डफ तक की जानकारी तक नहीं है। होली के रंग बिना चंग, बांसुरी, धमाल के फीके हैं।

## दिल्ली चलो

डॉ. सुरेश कुमार

**नारे** कभी पुराने नहीं पड़ते। पुराने तो लोग पड़ते हैं। यकीन न हो तो सुभाष चंद्र बोस का नारा ही ले लो। उन्होंने कहा था झ दिल्ली चलो। अभी भी कहा जा रहा है दिल्ली चलो। तब की दिल्ली और अब की दिल्ली में बहुत फर्क है। तब दिल्ली जाने का मतलब देशभक्ति का पर्याय होता था। अब दिल्ली जाने का मतलब तो कुछ और ही होता है। मसलन आलाकमान ने बुलाया तो दिल्ली चलो। किसी को कुर्सी से उतारना है तो दिल्ली चलो। किसी को कुर्सी पर बैठाना है तो दिल्ली चलो। किसी की हवा टाइट करनी है तो दिल्ली चलो। किसी की हवा खोलनी है तो दिल्ली चलो। किसी साजिश को अंजाम देना है तो दिल्ली चलो। किसी साजिश को टांय-टांय फिस करना है तो दिल्ली चलो। सांसद से मंत्री बनना है तो दिल्ली चलो। किसानों को चोर बताना है तो दिल्ली चलो। चोर को किसान बताना है तो दिल्ली चलो। लाठी से पिटवाना है तो दिल्ली चलो। लाठी से पीटना है तो दिल्ली चलो। पैसा बटोरना है तो दिल्ली चलो। पैसा लूटना है तो दिल्ली चलो। गीदड़ को शेर बनाना है तो दिल्ली चलो। शेर को गीदड़ बनाना है तो दिल्ली चलो। यह दिल्ली भी मानो दिल्ली न हुई मेरे घर के पीछे वाली गली हो गई। जब चाहा मुँह उठाकर चले गए। लेकिन मैं जिस दिल्ली चलो के बारे में बताने जा रहा हूँ उसका वास्ता व्यापार से है। अब आप पूछेंगे वह कैसे? भैया जमाना मुफ्त लूटने, मुफ्त खाने, मुफ्त जीने और मुफ्त मरने का है। मानो जीवन का दर्शन ही मुफ्त में समाया हो। साड़ी खरीदो तो ब्लाउज फ्री। पैंट खरीदो तो शर्ट फ्री। जिंदगी खरीदो तो मौत फ्री। सब फ्री फ्री फ्री फ्री। यह फ्री फ्री न हुआ हमारे फैसलों का रेफरी हो गया। अब तो फ्री में बंटने वाली चीजों को लेकर ही तो हम सरकार बनाते हैं। फिर तकरार करते हैं कि सरकार चोर है। अब तो हर चोर में ईमानदार और ईमानदार में चोर नजर आने लगा है। अब देखिए न दिल्ली में शराब के पुराने स्टॉक को निकालने के लिए वहाँ पर एक अजीबोगरीब फरमान जारी किया गया है। फरमान भी ऐसा कि नेताजी के दिल्ली चलो से ज्यादा इस दिल्ली के लिए लोग मारा-मारी पर उतर आए हैं। फरमान है झ एक खंभा खरीदने पर दो खंभे फ्री। पौना खंभा खरीदने पर आधा खंभा फ्री।

# सीएम के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने आग से जली दुकान का मुआयना किया

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

महलाना रोड़ पर शांति टैंट हाऊस में शार्ट सर्किट से हुई आगजनी में टैंट का सारा सामान जलकर राख हो गया, फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया परन्तु उस समय तक सामान के साथ साथ दुकान की छत व दीवारें भी नष्ट हो चुकी थी।

घटना वीरवार रात्रि दो बजे की है, गश्त कर रहे पुलिस कर्मियों ने फायर ब्रिगेड को सूचना देकर बुलाया और पड़ौसियों ने दुकान के मालिक विरेन्द्र वासी रायपुर को फोन किया। सुबह सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने मौके पर पहुंचकर



घटना की जानकारी ली और पीड़ित टैंट हाऊस के मालिक को सांत्वना दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि नुकसान की भरपाई के लिए हर संभव मदद करवाई जायेगी। पीड़ित विरेन्द्र ने बताया कि वह एक लाख रुपए का सामान तो अभी कुछ दिन पहले ही खरीद कर लाये थे और आगजनी में एक तिनका तक भी नहीं बचा। राजीव जैन ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने जी0एस0टी0 रजिस्टर्ड व्यापारियों को आगजनी की दशा में स्टाक की सीमा अनुसार क्षतिपूर्ति की योजना चला रखी है जिसके तहत 25 लाख तक के नुकसान की भरपाई की जाती है। उन्होंने बताया कि सरकार नॉन रजिस्टर्ड व्यापारियों को भी योजना के दायरे में लाने पर विचार कर रही है। मौके पर जोगेन्द्र, काला तिहाड़िया, नवीन, बलवान, राकेश, संदीप चैहान, ओमराम, डॉ0 अंकित, सुनील आदि आदि उपस्थित थे।

## आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका



**समालखाः** हरियाणा के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आम आदमी पार्टी द्वारा सरपंचों , पंचों कोहरियाणा सरकार की निर्देशित पुलिस द्वारा बुरी तरह से पंचकुला में लाठीचार्ज के विरोध में नगर पालिका के पूर्व वाइस चेयरमैन व आम आदमी पार्टी के नेता बिट्ठू पहलवान ने हल्का प्रधान आजाद बेनीवाल व कार्यकर्ताओं सहित पुराने बस अड्डे पुल के नीचे मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री का पुतला जलाया । इस मौके पर बिट्ठू पहलवान ने कहा की आने वाला समय भाजपा सरकार की हरियाणा से विदाई का है ' ये बात तय है और आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी।

# स्वयंसेवकों ने ग्राम काबड़ी में लोगो को हेलमेट पहनने के फायदे बताएं




**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में केयूके के एनएसएस पाठ्यक्रम के तहत सात दिवसीय विशेष एनएसएस कैंप के शुक्रवार को तीसरे दिन का थीम सडक सुरक्षा और स्वास्थ्य रहा। प्रातःकालीन सत्र में सभी एनएसएस कार्यकर्ताओं को योग और आध्यात्म का प्रशिक्षण दिया गया। उसके बाद कॉलेज प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा के मार्गदर्शन और एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर एवं वाईआरसी अधिकारी डॉ राकेश गर्ग, डॉ संतोष कुमारी, डॉ पवन कुमार और डॉ दीपिका मदान अरोड़ा की अगुआई में एनएसएस स्वयं सेवकों ने ग्राम काबड़ी में लोगो को हेलमेट पहनने के फायदे बताये और सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। स्वयं सेवकों ने गांव में सडक सुरक्षा को लेकर रैली भी निकाली गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र काबड़ी में जाकर स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को अच्छी सेहत, खून में कमी को कैसे दूर करें जैसे विषयों पर जागरूक किया। दोपहर बाद के सत्र में ऋषि टंडन एनजीओ कार्यकर्ता ने अपना हेलमेट सुरक्षा पर वक्तव्य दिया और पानीपत टैफिक पुलिस के एसआई अब्दुल गफ्फार, एसआई राम निवास और पूर्व एसआई बचन सिंह ने एनएसएस स्वयं सेवकों को सडक सुरक्षा को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि इस कैंप का उद्देश्य एनएसएस विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व और सामाजिकता की भावना का विकास करना है। इस अवसर पर डॉ एसके वर्मा, प्रो पवन कुमार, डॉ दीपिका अरोड़ा मदान व दीपक मित्तल आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### श्री श्याम बाबा के दर्शन करने वाले भक्तों के लिए लगाया भंडारा



**समालखा:** गांव चुलकाना में श्री श्याम बाबा के दर्शन करने वालों भक्तों के लिए आज जीए कॉलेज के सामने भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर ने अपने साथियों के साथ भन्डारा लगाया। बता दें कि कृष्ण छौक्कर हर साल भंडारे की सेवा अपने साथियों सहित पिछले कई वर्षों से कर रहे हैं। वहीं इस मौके पर कृष्ण छौक्कर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अमन, सोमबीर, नरेश, सुभाष गुप्ता, विकास, प्रवीन, प्रलाद, सुखबीर, धर्मबीर व बलविन्द्र आदि मौजूद रहे।

### डीसी ने किया राजकीय स्कूल का औचक निरीक्षण



**पानीपत:** डीसी सुशील सारवान ने आज गिरदावरी की जांच पड़ताल के दौरे के दौरान मडलौडा खण्ड के लोहारी गांव के राजकीय स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कमरों सहित स्कूल में चल रही नौवीं कक्षा की परीक्षा के परीक्षा केन्द्र में भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल के अध्यापकों से बच्चों के लिए बनाए जाने वाले खाने की गुणवत्ता के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीसी ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से बातचीत की और उनको मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस उपरान्त डीसी ने कहा कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन बच्चों की पढ़ाई को लेकर सजग एवं सतर्क है। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि शिक्षा के मामलें में यदि किसी प्रकार की स्कूलों में लापरवाही नजर आती है तो वे तुरन्त प्रशासन के संज्ञान में लाएं, तत्काल समाधान किया जाएगा।

### चैस प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 9 को शिवाजी स्टेडियम में

**पानीपत:** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप रेढु ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एंव क्रीडा बोर्ड द्वारा भुवनेश्वर में आगामी 11 से 19 मार्च तक अखिल भारतीय सिविल सेवा चैस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 6 पुरुष व 6 महिला प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। हरियाणा राज्य की ओर से भाग लेने वाले खिलाडि?ों का चयन 9 मार्च को शिवाजी स्टेडियम में किया जायेगा। इस स्पर्धा में भाग लेने वाले सिविल अधिकारी ,कर्मचारी, टी.ए.डी.ए. अपने विभाग से प्राप्त करेंगे। जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारी , कर्मचारियों को विभाग की ओर से खेल कीट दी जायेगी। प्रतियोगिता में जाने व रहने का खर्च संबंधित विभाग द्वारा वहन किया जायेगा। चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को अपना आई.डी. कार्ड व ट्रायल चैस कीट साथ लाने होंगे।

# सरपंचों पर लाठी चार्ज करना व मुकदमे दर्ज करना सरकार की तानाशाही: विमल किशोर

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

सोनीपत हरियाणा की बीजेपी जेजेपी गठबंधन की तानाशाह सरकार द्वारा पंचकूला में सरपंचों पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज के बाद दर्ज किए मुकदमों के विरोध आम आदमी पार्टी के दर्जनो कार्यकताओं ने पार्टी के निवर्तमान प्रदेश प्रवक्ता विमल किशोर के नेतृत्व में गीता भवन चौक पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का पुतला फूंका व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की इस मौके पर आम आदमी पार्टी



के प्रदेश प्रवक्ता विमल किशोर ने कहा कि जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों पर लाठी चार्ज करने के बाद सरपंचों पर मुकदमे दर्ज करना सरासर सरकार की तानाशाही हैं और सीधे सीधे लोकतंत्र की हत्या है विमल किशोर ने हरियाणा सरकार से मांग की कि सरपंचों पद दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं तथा लाठीचार्ज करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को तुरंत बर्खास्त किया जाए।

इस मौके पर आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष नरेन्द्र हुड्डा पूर्व जिला उपाध्यक्ष विनोद धनखड के साथ सतनारायण शर्मा,प्रताप शर्मा,सतीश लोहमोड,संदीप हुड्डा, सुनील कुमार, ताराचन्द, रोहित, मदन, विक्रम,नकीन मेहरा,ब्रह्म सिंह दहिया सहित आम आदमी पार्टी के दर्जनो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## क्लासिकल होम्योपैथी से दूर होगा बांझपन: डा. जयश्री

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**आज** कल बदलती जीवन शैली के कारण महिलाओं और पुरुषों में बांझपन की समस्या बढ़ गई है लोगों में यह भ्रम है कि बांझपन के लिए स्त्रियां ही जिम्मेवार होती हैं। परंतु एक शोध के मुताबिक 30 प्रतिशत मामलों में इसके कारण स्त्रियों में होते हैं और 30 प्रतिशत पुरुषों में। वहीं 30 प्रतिशत मामले पुरुष और स्त्री दोनों में होते हैं जबकि 10 प्रतिशत का कारण अज्ञात है। डा.जयश्री



मलिक ने बताया कि स्त्रियों में होने वाले बांझपन के मुख्य कारणों में पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम मुख्य कारण है। एक रिसर्च में पाया गया कि एल्कोहल का सेवन भी बांझपन को बढावा देता है। कोल्ड ड्रिंक एवं जंक फूड से बचना चाहिए इसकी जगह हरी पत्तेदार सब्जियां तथा मौसमी फलों का सेवन अधिक करना चाहिए। अपनी जीवनशैली में व्यायाम को भी महत्व दें।

## होली से पहले गैस के दाम बढ़ाने से बढ़ेगी मंहगाई: ओमवीर सिंह

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी ओमवीर सिंह पंवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने होली से ठीक पहले गैस के दाम बढ़ाकर देश की जनता को अच्छे दिनों का एक और उपहार दिया है। गैस के दाम बढ़ाने से निश्चित रूप से देश में महंगाई और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि अपने आप को जनता की हितेषी बताने वाली मोदी सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़ाये गये जबकि कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 350.50 रुपए बढाकर जनता पर भारी भरकम बोझ डाल दिया है। घरेलु गैस के दाम बढ? से जहां



आम गृहणी की रसोई पर असर पड़ेगा वहीं कमर्शियल सिलेंडर भी होटल व रेस्टोरेंट आदि में प्रयोग होते है और उसका असर भी आम जनता पर ही पडना है। पंवार ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान घरेलू सिलेंडर का रेट 410 रुपए था और आज भाजपा के समय इसकी कीमत बढकर 1110 रुपए हो गई है।

# डाइट प्रिंसिपल ने सनपेड़ा के सरकारी स्कूल का निरीक्षण किया

**8 लिपिक ऑफिस कंप्यूटर लैब केमेस्ट्री बायोलॉजी फिजिक्स लैब 6 से 8 क्लासरूम मिड डे मील को चेक किया**

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

डाइट प्रिंसिपल सुरेश कुमार निरिक्षण करने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सनपेडा मे पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रिंसिपल ऑफिस लिपिक ऑफिस कंप्यूटर लैब केमेस्ट्री बायोलॉजी फिजिक्स लैब 6 से 8 क्लासरूम मिड डे मील को चेक किया व वाटर टैंक टॉयलेट की स्थिति देखी।



एफ एल एन से संबंधित चीजो के बारे में पूछा व संबंधित अध्यापक गणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्कूल प्रांगण मे बनी पार्क की प्रशंसा की व साफ सफाई की भी सरहाना की। उन्होंने स्कूल कि स्थिति को संतोषजनक पाया व स्टाफ व प्रिंसिपल की प्रशंसा की। स्कूल की साफ सफाई वह मेंटेनेंस को देखकर उन्होंने इस स्कूल को प्राइवेट स्कूल से भी अच्छा बताया। प्राचार्य डा सुरेंद्र कुमार सुरेश कुमार प्रिंसिपल व सभी स्टाफ सदस्यों को मोटिवेट किया।

## वरिष्ठ कांग्रेसी ने चलाया हाथ से हाथ अभियान

**नारनौल।** नांगल चौधरी हलके के शहरी क्षेत्र का दौरा करते हुए कांग्रेस को मजबूत करने का आव्हान किया। सतपाल दहिया ने कहा कि मोजदा सरकात किसान , गरीब का शोषण कर रही हैं ।यह सरकार बेरोजागी को बढ़ावा दे बुजुर्गों की पेंशन काटने का काम कर रही है । वहीं गरीबों के राशन कार्ड काट कर गरीबी को बढ़ावा दे रही है। आज सतपाल ने अपने कार्यालय का विधिवत उद्घाटन करते हवन आयोजित किया। उसके बाद सतपाल दहिया ने नांगल के बाजारों में कांग्रेस के लिए जनसमर्थन मांगते हुए कांग्रेश के लिए जनसमर्थन की अपील की

# सरपंचों पर लाठीचार्ज के विरोध में आप ने फूंका सीएम का पुतला

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

आम आदमी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सरपंचों पर पुलिस द्वारा किये गये लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को लघु सचिवालय के सामने जीटी रोड एलिवेटिड पुल के नीचे मुख्यमंत्री मनोहरलाल व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के पुतले फूंके। इससे पहले पानीपत ग्रामीण हलके के कार्यकर्ता लाल बती स्थित संविधान चौक पर एकत्रित हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लघु सचिवालय के सामने पुल के नीचे पहुंचे। जबकि पानीपत शहर के नेता व कार्यकर्ता स्काईलार्क के पास एकत्रित हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए पुल के नीचे पहुंचे। दोनो हलकों के कार्यकताओं ने संयुक्त



रूप से मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री के पुतलें फूंके। वहीं आप केंद्रीय परिषद के सदस्य सुखबीर मलिक, राकेश चुघ, राकेश मुंजाल, कृष्ण अग्रवाल, अशोक एडवोकेट, प्रमोद शुक्ला व अजय शर्मा आदि ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार के इशारे पर सरपंचों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज करना लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है। सरपंच गांव के चुने गये प्रतिनिधि है और सरपंचों पर लाठीचार्ज करवाना पूरे गांव का अपमान है। आप नेताओं ने कहा कि सरकार को ई टेंडरिंग प्रणाली को रद्द करके सरपंचों को उनके अधिकार देने चाहिये। आप नेताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरी तरह से सरपंचों के साथ है और सरपंचों के आंदालन को पार्टी का पूरा समर्थन है। प्रदर्शन में देवन सलूजा, प्यारेलाल गुप्ता, राज राजकुमार मुंडे, नीलम प्रणामी, राधेश्याम, प्रमोद शुक्ला, अजय शर्मा, अशोक एडवोकेट, मुकेश शर्मा, राजेश बड़शाम, जोनी चावला, अर्जुन सिंह, दविंद्र बंसल, संदीप मनचंदा, अनिल पांडे, पवन कोहली आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जन सारथी फाउंडेशन सोसायटी के शिविर में 65 लोगों ने किया रक्तदान



**पानीपत/टीम एक्सन इंडिया**

जन सारथी फाउंडेशन सोसायटी की और से आज वर्धमान क्रिएशन्स में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जन सारथि व रेडक्रॉस सोसायटी का पूरा पैनल उपस्थित था। वीके जैन और ऋषब जैन मुख्य अतिथि थे। वहीं शिविर में 80 लोग रक्तदान के लिए आए जिसमें 65 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में रेडक्रॉस में रक्त की कमी है। इसलिए यह शिविर लगाया गया था। मुख्य अतिथि वीके जैन ने कहा कि सभी लोगों का कर्तव्य बनता है की वो रक्तदान के लिए आगे आए। इंसानियत के काम आने का ही एक रूप है रक्तदान। इससे आप समाज के लिए एक बहुत बड़ा काम तो कर ही रहे हो साथ में इससे आपका स्वास्थ्य भी बेहतर बनेगा। जन सारथी के अध्यक्ष ब्रिज मोहन शर्मा ने कहा कि बहुत से ऐसे लोग होते हैं जो सोचते हैं कि रक्तदान करने से उनके शरीर को खतरा हो जाता है ऐसा कुछ नहीं होता । रक्तदान एक सुरक्षित और स्वस्थ परंपरा है। जहां तक रक्त के दोबारा बनने की बात है तो उसे शरीर मात्र 21 दिनों के अंदर दोबारा बना लेता है। वहीं रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राकेश मेहरा, सूबेदार जयसिंह, एन.के.जैन, गुंजन व शीतल उपस्थित रहे।

# डीसी ने खेतों में पहुंचकर की गिरदावरी की पड़ताल

**गिरदावरी का कार्य होना चाहिये पूरी तरह सही व पारदर्शिता के साथ: सुशील सारवान**

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

पानीपत के उपायुक्त सुशील सारवान ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को पानीपत, इसराना व मडलौडा तहसील क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा गांवों के खेतों में पहुंचकर गिरदावरी की जांच पड़ताल की। डीसी ने जांच पड़ताल के दौरान राजस्व विभाग द्वारा की गई गिरदावरी के रिकार्ड का भी मिलान किया। डीसी ने पानीपत तहसील क्षेत्र के काबड़ी, आसन कलां और मडलौडा तहसील के बाल जाटान, खंडरा, थिराना व मडलौडा सहित विभिन्न गांवों के खेतों में जाकर गिरदावरी की



पड़ताल की। जबकि इसराना तहसील के गांव अहर, खलीला, परढ़ाना, नोल्था व बलाना गांवों के खेतों में जाकर गिरदावरी की जांच की। डीसी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा तैयार किए गए गिरदावरी रिकार्ड का खेतों में खड़ी फसल के साथ मिलान किया और नक्शे को भी बारीकी से जांचा गया। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गिरदावरी का कार्य बिल्कुल सही व पूरी पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। इस मौके पर डीआरओ राजकुमार भोरिया, तहसीलदार पानीपत बलवान सिंह, नायब तहसीलदार मडलौडा अनिल कुमार, नायब तहसीलदार इसराना सौरभ शर्मा सहित सदर कानूनगो सुरेंद्र घणघस आदि मौजूद रहे।

## होली मिलन कार्यक्रम कल आयोजित होगाः राजीव जैन

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्त्ताओं का होली मिलन कार्यक्रम आगामी 5 मार्च (रविवार) को वृंदावन गार्डन, कबीरपुर रोड़ पर आयोजित किया जायेगा।



कार्यक्रम का आयोजन पूर्व मंत्री कविता जैन तथा मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन द्वारा किया जा रहा है। जैन दम्पति पिछले कई वर्षों से होली मिलन के कार्यक्रम को आयोजित करते आ रहे हैं, कार्यक्रम में कार्यकताओं के साथ साथ शहर की सभी सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाता है। कार्यक्रम में होली के साथ साथ आमंत्रित गायकों द्वारा देश भक्ति एवं धर्मभाव से भरे गीतों की साकार प्रस्तुति दी जाती है। कार्यक्रम में फूलों एवं रंगों की होली खेलकर जल बचाने का संकल्प लिया जाता है। राजीव जैन ने कहा कि भाजपा एक परिवार की तरह है और सभी आपस में मिलजुल कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करते हैं इसलिए सामूहिक कार्यक्रमों का आयोजन होता ही रहता है। उन्होंने सभी ईष्टजनों से कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की है।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
अंबाला
(मनीष)
मो. नं.: 9896772006

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं.: 9466035040

# लगातार नए रिकॉर्ड बना रहे दिल्ली के स्कूल

## मुख्यमंत्री ने दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्कूलों और उत्कृष्ट शैक्षिक उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया

**नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्कूलों और उत्कृष्ट शैक्षिक उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को शुक्रवार को सम्मानित किया। राउज एवेन्यू स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय में सीबीएसई की 10वीं-12वीं परीक्षा में टॉप करने वाले 33 स्कूलों और 239 छात्रों के साथ 50 दिव्यांग छात्रों को एक्सीलेंस इन एजुकेशन अवॉर्ड 2022 देकर सम्मानित किया गया। दिल्ली सरकार ने चार कटेगरी स्टेट बेस्ट, डिस्ट्रिक्ट बेस्ट, जोनल बेस्ट गवर्नमेंट स्कूल और टॉपर्स स्टूडेंट्स कटेगरी में ये अवॉर्ड दिए। इस दौरान केजरीवाल ने मोती नगर के सर्वोदय कन्या विद्यालय को स्टेट बेस्ट गवर्नमेंट




स्कूल अवॉर्ड से सम्मानित किया। सभी छात्रों और स्कूलों का उत्साहवर्धन करते हुए केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की शिक्षा क्रांति का ही असर है कि अब हमारे स्कूल और छात्र लगातार नए-नए रिकॉर्ड बनाते जा रहे हैं। दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में आप सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के चलते सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के बीच की खाई खत्म हो गई है। दिल्ली में अब समान शिक्षा प्रणाली है।

हम एमसीडी के 1800 स्कूलों को भी जल्द ठीक करेंगे और दिल्ली को पूरी दुनिया के लिए शिक्षा का केंद्र बनाएंगे। वहीं शिक्षा मंत्री राजकुमार आनंद ने कहा कि




दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था के जनक मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उनकी गिरफ्तारी के जरिए दिल्ली के शिक्षा मॉडल को रोकने की कोशिश की जा रही है। दिल्ली के बच्चों के सपनों की उड़ान को रोकने की कोशिश की जा रही है।

**स्कूलों और छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा करना है सरकार का मकसदः** 2015 में दिल्ली सरकार ने एक्सीलेंस इन एजुकेशन अवाड्र्स की शुरूआत की थी। तभी से शिक्षा निदेशालय दिल्ली सर्वश्रेष्ठ स्कूलों और मेधावी छात्रों को हर साल सम्मानित करता है। एक्सीलेंस इन एजुकेशन अवाड्र्स

### सम्मान

= 10वीं-12वीं परीक्षा में टॉप करने वाले 33 स्कूलों और 239 छात्रों के साथ 50 दिव्यांग छात्रों को सम्मानित किया गया

योजना का उद्देश्य स्कूलों और छात्रों के बीच अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना है। हर साल एक्सीलेंस इन एजुकेशन अवाड्र्स से उन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाता है, जो 10वीं और 12वीं कक्षा में सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी शानदार उपलब्धियों और अनुकरणीय कार्य करने वाले सर्वश्रेष्ठ स्कूल हैं।

# कूड़े के पहाड़ का सीएम केजरीवाल ने किया दौरा



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को ओखला स्थित कूड़े के पहाड़ का दौरा किया। यहां उन्होंने कूड़े की प्रोसेसिंग को समझा। इसके बाद उन्होंने कहा कि इस पहाड़ को मई 2024 तक साफ करने का लक्ष्य है। लेकिन हम कोशिश करेंगे इसे इस साल दिसंबर तक साफ कर दें। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए सीएम केजरीवाल बोले कि ओखला लैंडफिल साइट पर पिछले 26 साल से कूड़े का पहाड़ बन रहा है। आज की तारीख में यहां लगभग 40 लाख मीट्रिक टन कूड़ा अभी बाकी है। 2019 से यहां पर धीरे-धीरे कूड़ा उठना चालू हुआ था। अभी तक यहां से 20-25 लाख मीट्रिक टन कूड़ा उठाया जा चुका है, लेकिन अभी भी 40 लाख मीट्रिक टन कूड़ा अभी शेष रह गया है। केजरीवाल ने बताया कि इसको हटाने का लक्ष्य अगले साल मई तक का है। लेकिन सभी ऑफिसर और इंजीनियर पूरी तत्परता से लगे हुए है, लिहाजा कोशिश है कि अगले साल मई के बजाय इस साल दिसंबर तक इस कूड़े के पहाड़ को साफ कर दिया जाए।

# पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामले में सुनवाई 22 मार्च तक के लिए टली

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ दर्ज आय से अधिक संपत्ति के मामले में सुनवाई टाल दी। स्पेशल जज विकास ढल ने 22 मार्च को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। इस मामले में सत्येंद्र जैन के खिलाफ आरोप तय करने को लेकर सीबीआई अपनी दलीलें रख रही है। सीबीआई ने जैन पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति जमा करने का आरोप लगाया है। इस मामले में सीबीआई जैन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।



सीबीआई ने सत्येंद्र जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन, सहयोगी अजीत जैन, वैभव जैन, सुनील जैन और आयुष जैन के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। सीबीआई ने ये केस 2017 में दर्ज किए थे। जैन के खिलाफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जैन पर आरोप है कि उन्होंने 2009-10 और 2010-11 में फर्जी कंपनियां बनाईं। इन कंपनियों में अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडो मेटल इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। सीबीआई के मुताबिक ये कंपनियां कोई व्यवसाय नहीं कर रही थीं। सत्येंद्र जैन पर आरोप है कि उन्होंने 2010-11 से लेकर 2015-16 के बीच 54 फर्जी कंपनियों के जरिए 16.39 करोड़ रुपये काला धन अर्जित किया। जैन के खिलाफ ईडी ने मनी लांड्रिंग का मामला भी दर्ज किया है।

# पत्रकार से उबर ऑटो में छेड़छाड़, महिला आयोग सख्त

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
राजधानी में महिला पत्रकार से उबर ऑटो में छेड़छाड़ के मामले में दिल्ली महिला आयोग सख्त हो गया है। आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने मामले में उबर इंडिया और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने उबर इंडिया से महिलाओं की सुरक्षा के लिए उठाए जाने वाले कदमों के जानकारी मांगी है। साथ ही, दिल्ली पुलिस को छह मार्च तक घटना के संबंध में पूरी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पुलिस से घटना की

### दुर्भाग्यपूर्ण

= आयोग की अध्यक्ष ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उबर इंडिया और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है

एफआईआर की प्रति के अलावा आरोपी की गिरफ्तारी आदि की भी जानकारी मांगी है। मामले को लेकर पत्रकार ने कहा कि मैंने उससे कहा कि अगर नहीं मुड़ा तो मैं शिकायत करूंगी। इस पर उसने कहा कि कर दो। उबर का फोन नहीं लग रहा था इसलिए मैंने उसका वीडियो रिकॉर्ड किया है। बाहर निकलते ही मैंने ड्राइवर और वाहन की तस्वीर ली।



यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट ने हिंदूवादी नेता दारा सिंह को आजीवन कारावास की सजा पूरी हो जाने के बावजूद रिहा नहीं किए जाने को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट की लीगल सेल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीनियर एड्वोकेट डा. ए.पी. सिंह द्वारा आज सुप्रीम कोर्ट में जिरह की गयी।

# 7 वर्ष के बच्चे को सिगरेट से दागने का मामला सामने आया

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
दक्षिण दिल्ली के नेब सराय थाना इलाके में 7 वर्ष के बच्चे को सिगरेट से दागने का मामला सामने आया है। मेडिकल जांच में बच्चे को सिगरेट से जलाने की पुष्टि हो गई है। नेब सराय थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला बच्चे के पिता उसकी बुआ, बुआ की लड़की समेत अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया है । हालांकि इस मामले में शुक्रवार सुबह तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी। दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार नेब सराय में रहने वाली दंपती के बीच विवाद चल

### मामला दर्ज

= मेडिकल जांच में बच्चे को सिगरेट से जलाने की पुष्टि हो गई है। नेब सराय थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी

रहा है। दोनों अलग रहते हैं। हाल ही में हाईकोर्ट के आदेश के बाद 7 वर्ष के बच्चे की कस्टडी उसके पिता को दे दी गई थी। बच्चा पिता के पास रह रहा था। अब बच्चे की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके बेटे को उसकी ननद की लड़की ने सिगरेट से दागा है।

# शराब घोटोला: भाजपा ने चलाया जन जागरण अभियान

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**राजधानी** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में छह प्रमुख चौराहों पर जन जागरण अभियान चलाया गया। लक्ष्मी नगर चौराहे पर चलाए गए जन जागरण अभियान में सचदेवा के साथ नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, प्रदेश महामंत्री दिनेश प्रताप सिंह, विधायक अभय वर्मा, पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष कौशल मिश्रा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने शराब घोटाला मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को असली सूत्रधार बताते हुए इस्तीफे की मांग की। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आज जन जागरण




अभियान का दूसरा दिन है और इस अभियान के माध्यम से दिल्ली की जनता के बीच एक विशेष संदेश पहुंचाने की भाजपा कोशिश कर रही है कि अपने आप को कट्टर ईमानदार कहने वाले अरविंद केजरीवाल और उनके मंत्री कितने बड़े भ्रष्टाचारी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में करोड़ों रुपये के हुए शराब घोटाले के सूत्रधार अरविंद केजरीवाल हैं जिसका खुलासा सीबीआई ने अपनी जांच रिपोर्ट में किया है। केजरीवाल की पार्टी सत्ता परिवर्तन करने का दावा करके आई थी वह भ्रष्टाचार का ध्वज लेकर घूम रही है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि शराब घोटाले में करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार कर-के केजरीवाल अब खुद को नहीं बचा सकते हैं क्योंकि जिस कैबिनेट बैठक में इस शराब घोटाले को मंजूरी दी गई उसकी अध्यक्षता खुद अरविंद केजरीवाल कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शराब ठेकेदारों ने खुद स्वीकारा है कि केजरीवाल सरकार ने जो कमीशन की प्रतिशत बढ़ाई, वह पूरा अरविंद केजरीवाल के जेब में हमने दिया है। इतना ही नहीं शराब घोटाले में जेल में बंद अन्य आरोपी भी इस बात पर मुहर लगा चुके हैं कि इसके असली सूत्रधार केजरीवाल ही हैं तो इन सभी सवालों का जवाब अरविंद केजरीवाल को देना पड़ेगा।

# जालसाजी: अन्य हस्तियों के पैन से बनवाए क्रेडिट कार्ड

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**साइबर** धोखाधड़ी के एक मामले में जालसाजों के एक समूह ने कथित तौर पर कई बॉलीवुड अभिनेताओं और क्रिकेटरों के जीएसटी नंबर से पैन नंबर की जानकारी निकाल ली और पुणे स्थित फिनटेक स्टार्टअप 'वन कार्ड' से उनके नाम पर क्रेडिट कार्ड निकलवा लिए। बता दें कि इनके जीएसटी नंबर ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जहां से जालसाजों जानकारी प्राप्त की थी। शाहदरा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रोहित मीणा ने कहा कि धोखाधड़ी करने वालों ने अभिषेक बच्चन, शिल्पा शेट्टी, माधुरी दीक्षित, इमरान हाशमी और महेंद्र सिंह धोनी के नाम

### फर्जीवाड़ा

= कई बॉलीवुड अभिनेताओं और क्रिकेटरों के जीएसटी नंबर से पैन नंबर की जानकारी निकाल ली

और विवरण का इस्तेमाल किया। कंपनी को बाद में धोखाधड़ी का पता चला, लेकिन इससे पहले कि जालसाजों ने इनमें से कुछ कार्डों का इस्तेमाल 21.32 लाख रुपये के उत्पादों को खरीदने के लिए किया। इसने तुरंत दिल्ली पुलिस को सतर्क किया जिसने कार्रवाई की और उनमें से पांच को गिरफ्तार कर लिया।

# बच्चों को राजनीति का टूल बना रहे केजरीवाल: सचदेवा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**भाजपा** ने एक बार फिर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को घेरा है। दिल्ली भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शराब घोटाले को लेकर केजरीवाल पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते। शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी के नेता लिप्त हैं। इन्हें चैन से नहीं बैठने देंगे। जनता पूछ रही है कि शराब में कितनी दलाली खाई? इनके दो मंत्री जेल में हैं। उन्होंने आगे कहा कि भ्रष्टाचार की गंगा मुख्यमंत्री के घर और कार्यालय से निकल रही है। स्कूल मैनेजमेंट कमिटी में



आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता हैं। अफसोस है कि अरविंद केजरीवाल बच्चों को राजनीति का टूल बना रहे हैं। बच्चों को आगे करके भ्रष्टाचार को छिपा रहे हैं। भाजपा शिक्षा मंत्री नहीं, शराब मंत्री पर अटैक कर रही है। दो प्यादों को शहीद करके केजरीवाल बचना चाहते हैं। घोटाले के सूत्रधार अरविंद केजरीवाल हैं। वो बचकर नहीं जा सकते।

**छात्रों को राजनीतिक मोहरा बना रही दिल्ली सरकारः** प्रदेश भाजपा ने दिल्ली सरकार पर स्कूल के छात्रों को राजनीतिक मोहरा बनाने का आरोप मढ़ा है।

### सरकार को घेरा

= स्कूल मैनेजमेंट कमिटी में आप के कार्यकर्ता हैं। अफसोस है कि अरविंद केजरीवाल बच्चों को राजनीति का टूल बना रहे हैं

प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने बृहस्पतिवार को कहा कि ये खेद का विषय है कि मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद भी सरकार शिक्षा को लेकर राजनीति कर रही है। दिल्ली सरकार तीन मार्च को सुबह सरकारी स्कूलों में आई लव मनीष सिसोदिया कैंपेन चलाने जा रही है। स्कूल के बच्चों से सरकार ने सिसोदिया के लिए समर्थन जुटाने की तैयारी की है।

# हत्यारोपी किशोर साथी के संग बाल सुधार गृह से फरार

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**सिविल** लाइंस इलाके में एक मई-22 को लूटपाट के दौरान नामी बिल्डर राम किशोर अग्रवाल की हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने नाबालिग समेत बाकी आरोपियों को पकड़ा था। चार दिन पहले हत्यारोपी नाबालिग एक साथी के साथ बाल सुधार गृह से फरार हो गया। दोनों ने कंटीले तार लगी दीवार फांद ली। वहीं, राम किशोर का परिवार नाबालिग के फरार होने की सूचना के बाद से काफी डरा हुआ है। पुलिस का कहना है कि करीब चार दिन पहले उन्हें सूचना मिली थी।

# सुकेश चंद्रशेखर की याचिका पर हाईकोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**सुकेश** चंद्रशेखर की एक याचिका पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। याचिका में 2017 के निर्वाचन आयोग रिश्वत मामले में धन शोधन रोधी कानून (पीएमएलए) के तहत उसके खिलाफ आरोप तय किए जाने को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार ने याचिकाकर्ता के वकील और एजेंसी की दलीलें सुनने के बाद कहा कि इस मामले पर और गौर करने की जरूरत है। दोनों पक्षों को लिखित प्रत्यावेदन दाखिल करने का निर्देश भी दिया गया। मामले की आगे की सुनवाई



पांच अप्रैल को की जाएगी। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस मामले में अपराध के संबंध में कार्यवाही पर रोक के मद्देनजर निचली अदालत धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोप तय नहीं कर सकती। ईडी के वकील ने कहा कि याचिका इस मामले को लंबित करने का एक तरीका है। धन शोधन का यह मामला दिल्ली पुलिस की 2017 के उस मामले की जांच के दौरान सामने आया। इसमे आरोप लगाया गया था कि सुकेश चंद्रशेखर ने अन्नाद्रमुक के पूर्व नेता टीटीवी दिनाकरण से निर्वाचन आयोग के अधिकारियों को रिश्वत देने के लिए पैसे लिए। तमिलनाडु की आरके नगर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में वीके शशिकला गुट के लिए अन्नाद्रमुक का दो पत्तियों का चुनाव चिह्न हासिल करने के लिए ऐसा किया गया।

# सेवानिवृत्त एसआई की पार्टी में चलीं गोलियां

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में दिल्ली पुलिस से सेवानिवृत्त हुए एसआई ने बैंक्वेट हॉल में पार्टी रखी थी। इस बीच डीजे चलने के दौरान गाने को लेकर दो भाईयों की कुछ लोगों से बहस हो गई। ऐसे में दोनों को जबरन बाहर कर दिया गया। कुछ देर बाद दोनों ने बैंक्वेट हॉल के बाहर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। गनीमत यह रही कि गोली किसी को लगी नहीं। वारदात के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। ज्योति नगर थाना पुलिस ने सेवानिवृत्त एसआई वीरसेन की शिकायत पर मामला दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस

### बहस पर चली गोलियां

= ऐसे में दोनों को जबरन बाहर कर दिया गया। कुछ देर बाद दोनों ने बैंक्वेट हॉल के बाहर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार रात देर रात 11:38 बजे ज्योति नगर थाना पुलिस को मीत नगर के एक बैंक्वेट हॉल में गोली चलने की सूचना मिली। वीरसेन ने बताया कि उन्होंने रिश्तेदारों के लिए पार्टी का आयोजन किया था। पार्टी के दौरान डीजे पर गाने भी चल रहे थे।

# 'अपराध की राजधानी' में फिर हुई चाकूबाजी, बवाना में युवक की मौत, सागरपुर में घायल

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**बवाना** इलाके में कॉस्मेटिक सामान बनाने वाली एक फैक्टरी में काम करने वाले युवक की चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने उसे फैक्टरी से बाहर बुलाकर वारदात को अंजाम दिया। शुरूआती जांच में पता चला है कि रंजिश की वजह से युवक पर हमला किया गया है। सीसीटीवी कैमरे की जांच के बाद पुलिस ने वारदात में शामिल तीन हमलावरों की पहचान करने का दावा किया है। मामला दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। मृत युवक की शिनाख्त करण (19) के रूप में हुई है। वह अपने परिजनों के साथ जेजे कालोनी में रहता था और

### हमला किया

= हमलावरों ने फैक्टरी से बाहर बुलाकर वारदात को अंजाम दिया। पता चला है कि रंजिश की वजह से युवक पर हमला किया गया है

सेक्टर 4 बवाना स्थित शमा कास्मेटिक फैक्टरी में काम करता था। 8.30 बजे पुलिस को महर्षि वाल्मीकि अस्पताल से एक युवक की चाकू मारकर हत्या करने की सूचना मिली। अस्पताल पहुंचने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर लिया। छानबीन में पुलिस को पता चला कि हमलावरों ने करण के गर्दन, सीना और पैर पर चाकू से हमला किया है। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस




ने कर्मचारियों से पूछताछ की तो करण के साथ काम करने वाले एक हेल्पर ने बताया कि 8.15 बजे वह फैक्टरी से बाहर आया था। उसने गाली गलौज और हल्ला सुनकर उधर देखा। करण को तीन चार लड़कों ने घेर रखा था और एक युवक उसपर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर रहा था। उसे बुरी तरह घायल करने के बाद सभी आरोपी वहां से फरार हो गए। उसके वाद वह भाग कर फैक्टरी गया और वहां से लोगों को बुलाकर लाया और घायल करण को अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फैक्टरी के गार्ड ने बताया कि एक लड़का करण को बुलाने आया था। करण फैक्टरी से बाहर आया तो लड़का उसे अपने साथ ले गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सीसीटीवी जांच के दौरान तीन हमलावरों को फैक्टरी की तरफ आते देखा गया है। इनकी पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

**बाइक हटाने के विवाद में युवक को चाकू से गोदाः** उधर, सागरपुर इलाके में रास्ते से बाइक हटाने के विवाद में हमलावरों ने एक युवक को चाकू से गोद दिया। युवक का पास के अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के समय पीड़ित अपने दोस्तों के साथ एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस आ रहा था। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घायल युवक की पहचान कृष्ण के रूप में हुई है। वह अपने पिता धनपाल सिंह और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गीतांजलि पार्क में रहता है। मंगलवार रात 11.30 बजे पुलिस को शिवपुरी गली नंबर छह में झगड़ा और मारपीट की सूचना मिली। मौके पर पुलिस को कोई नहीं मिला। आस पास पूछताछ करने पर पता चला कि झगड़े के दौरान एक युवक पर चाकू से हमला किया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### परीक्षा देने जा रहे बाइक सवार छात्रों को कार ने टक्कर मारी

**मथुरा।** शुक्रवार को तेज रफ्तार कार और बुलेट मोटरसाइकिल की आमने–सामने की भिडंत हो गयी। इसमें परीक्षा देने जा रहे बाइक सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें सडक पर चल रहे राहगीरों ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। गांव जाब निवासी उमेश, नितिन पुत्रगण संतराम, अमर पुत्र लक्ष्मण, लखन पुत्र भंवर सिंह शुक्रवार की सुबह मोटरसाईकिल द्वारा गांव जाब से हाईस्कूल की परीक्षा देने के लिए गांव बठैन स्थित ब्रज खंड इंटर कॉलेज में जा रहे थे। पीड़ितों के अनुसार जैसे ही वह बठैन कलां से खिटावडा जाने वाले मार्ग पर पहुंचे, तभी सामने से आ रही कार से आमने–सामने की टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त की थी कि बुलेट मोटरसाइकिल और कार पूरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गयी। जिसमें मोटरसाइकिल पर चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद वहां कोहराम मच गया। दोनों ओर से आ रहे राहगीर रुक गए। उन्होंने बाइक में फंसे छात्रों को निकाला और पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। वहीं घायल छात्रों को लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल भी भर्ती कराया। जहां चारों युवकों का उपचार चल रहा है।

### ठगी के आरोपी को पुलिस ने पकडा

**मथुरा।** थाना शेरगढ पुलिस ने ओएलएक्स पर फर्जी तरीके से लोगों को उकसाकर अवैध तरीके धमकी देकर धन अपने फर्जी बैंक खातों, पेटीएम, फोनपे, गूगल पे इत्यादि में पैसे डलवाने वाले गैंग का पदार्फाश कर दर्जनों फर्जी सिम कार्ड सहित गैंग एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए साविर पुत्र फत्ते निवासी ग्राम बाबूगढ थाना शेरगढ के कब्जे से 48 फर्जी सिम कार्ड बरामद किए हैं। ये लोग पैसे लेने के बाद अपना नम्बर बंद कर देते हैं। तारीफ पुत्र फत्ते, रफीक पुत्र समसू, सहीद पुत्र सहाब खां, आलम पुत्र सत्तार, मुस्ताक खां पुत्र जुहरू समस्त निवासीगण ग्राम बाबूगढ थाना शेरगढ तथा दो अन्य लोगों को पुलिस इस गिरोह में शामिल बता रही है।

### कृत्रिम रोशनी से जगमगा रहे नवनिर्मित घाट

**मथुरा।** रंगभरनी एकादशी पर नगर निगम ने विशेष व्यवस्थाएं कीं। नगर निगम द्वारा हृदय योजना के अन्तर्गत निर्मित घाटों पर मनमोहक लाइटिंग कराई। रंगभरनी एकादशी पर नगर निगम द्वारा सात स्थानों (जुगल घाट परिक्रमा मार्ग, टटिया स्थान परिक्रमा मार्ग, नीम करौरी आश्रम परिक्रमा मार्ग, सौ फुटा सीवेज फार्म के पास, वीआईपी पार्किंग के पास परिक्रमा मार्ग, केशीघाट प्रेम महाविद्यालय परिक्रमा मार्ग, कान्हा पशु आश्रय गौशाला) पर किया गया गुलाल एवं पुष्प होली का आयोजन किया गया, जिसमें सौ फुटा सीवेज फार्म के पास गुलाल, पुष्प होली के साथ साथ राहगीरों के लिए बेर, पेठा, संतरा की व्यवस्था की गयी। सांसद हेमा मालिनी द्वारा सौ फुटा सीवेज फार्म के पास नगर निगम द्वारा आयोजित किये गए कार्यक्रम का शुभारम्भ राहगीरों पर गुलाल, पुष्प वर्षा कर एवं बेर, पेठा एवं संतरा वितरित कर किया गया। इसी प्रकार वीआईपी पार्किंग पर स्थित आयोजन स्थल पर आईजी नचीकेतन झा, जिलाधिकारी, नगर आयुक्त अनुनय झा द्वारा राहगीरों एवं पुष्प की वर्षा की गयी। कार्यक्रम के दौरान अपर नगर आयुक्त क्रान्तिशेखर सिंह, सहायक नगर आयुक्ता लवकुश गुप्ता, सहायक अभियंता जल नन्दकिशोर, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी रामानन्द त्यागी, अधिशासी अभियंता ट्रैफिक रिजवान अहमद, अवर अभियंता जल कुंवर पाल, अवर अभियंता सिविल अरूण कुमार, वशिष्ठ प्रधान लिपिक श्रीगोपाल आदि उपस्थित रहे।

### वी ने प्रीपेड यूजर्स को मात्र रु 99 में नेटवर्क में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया

**गुरुग्राम।** जाने–माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने हरियाणा के यूजर्स को मात्र रु 99 में अपने नेटवर्क में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। वी देश भर में मात्र रु 99 की किफायती कीमत पर प्रविष्टि स्तर का रीचार्ज लाने वाला एकमात्र ब्राण्ड है। इस अवसर पर वी ने एक क्रिएटिव कैंपेन का लॉन्च भी किया है, जिसके माध्यम से कंपनी मोबाइल यूजर्स को ह्यवी पर स्विच करने के लिए आमंत्रित कर रही है। मात्र रु 99 के इस रीचार्ज के साथ यूजर 28 दिनों के लिए फुल टॉक टाईम के साथ 200 एमबी डेटा के फायदे पा सकते हैं। मूल्य के प्रति सजग यूजर्स को वी के हाई–स्पीड नेटवर्क में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हुए दीपक राव, क्लस्टर बिजनेस हैड– पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने कहा, वी में हम हमेशा से विभिन्न सेगमेन्ट्स के मोबाइल यूजर्स की जरूरतों एवं महत्वाकांक्षाओं को समझने में भरोसा करते आए हैं। हम इस बात को समझते हैं कि लोगों के रोजमर्रा के जीवन में सहज नेटवर्क कनेक्टिविटी का होना बहुत जरूरी है।

प्रविष्टि स्तर के रीचार्ज पैक के माध्यम से हम सबसे आकर्षक कीमतों पर सर्वश्रेष्ठ मोबाइल सर्विसेज लेकर आए हैं। अब हरियाणा में मोबाइल यूजर्स एवं नॉन–यूजर्स मात्र रु99 में मोबाइल कनेक्टिविटी का लाभ उठा सकते हैं। इस ऑफर के साथ, हम समावेशन को बढ़ावा देना चाहते हैं और सुनिश्चित करना चाहते हैं कि अधिक से अधिक यूजर्स हर समय कनेक्टेड बने रह सकें। वी आरसी99 देश भर में सभी प्री–पेड उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध है।

# रंगभरनी एकादशी पर मंदिरों में उड़े रंग गुलाल, श्रद्धालु हुए सराबारे

## द्वारकाधीश, बांके बिहारी, श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर हुई होली

**मथुरा/लोकेश चौधरी**

ब्रज मंडल में होली की धूम मची हुई है। रंगभरनी एकादशी पर्व से कान्हा की नगरी में भी रंगोत्सव का उल्लास शुरू हो चुका है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि, द्वारकाधीश, बांकेबिहारी मंदिर में होली खेली गई। चारो तरफ भक्तो के टोल मस्ती में सराबोर होकर भक्ति के रस में गोते लगा रहे है। रस रसिया के रंगोत्सव में आनंद रस का अद्भुत वर्षण हो रहा है। बांके बिहारी लाल के दरबार मे हर कोई मस्ती के रस में सराबोर होने को बेताब है। चहुंओर



रंग अबीर गुलाल की सप्तरंगी छटा का मनोहारी दृश्य दिखाई दे रहा है। स्वामी हरिदास जू के लाडले बांकेबिहारी लाल अपने भक्तो के साथ होली खेल रहे है। धवल श्वेत वस्त्र धारण कर ठाकुर बांके बिहारी लाल के श्रंगार आरती के बाद जैसे ही पट खुले मन्दिर परिसर रास रचैया की जय जयकार से अनुगुंजित हो उठा। अद्भुत नजारा,सेवायत गोस्वामी स्वर्ण रजत निर्मित पिचकारियों से सोने चांदी के पात्रों में भरे टेसू के फूलों से निर्मित प्राकृतिक रंगों की बौछार भक्तो पर डाल रहे है। भक्त भी अपनी सुधबुध खोकर रंग प्रसादी में तनमन भिगोने को बेकरार है। सम्पूर्ण मन्दिर परिसर में रंग बिरंगे अबीर गुलाल की बदरी सी छा रही है।

एक तरफ सेवायत गोस्वामीजन द्वारा होली के रसियाओं का पारम्परिक गायन और दूसरी ओर बांके बिहारी लाल के जयकारे वातावरण में मस्ती का रस घोल रहे थे। जिसके रसरंग में हर कोई गोते लगाने को लालायित था। रंगप्रसादी का एक कण पाने को भी भक्तो में होड़ सी मची थी। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी से शुरू हुआ आनंद रस वर्षण का यह क्रम फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तक अनवरत रूप से जारी रहेगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। जिले के आला अफसर जिलाधिकारी पुलकित खरे और एसएसपी शैलेंद्र कुमार पांडेय लगातार व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रों से निकले पहलवान कर रहे देश का नाम रोशन: देवेंद्र



**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

**पुरखा**स राठी गांव में शुक्रवार को विशाल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंडर-15 बॉयज में आसपास व दूर-दराज से पहुंचे करीब 450 छोटे पहलवानों ने अपने-अपने दांव-पेंच आजमाए। दंगल प्रेमी पहलवानों का उत्साह वर्धन करते रहे। इससे पहले प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर दंगल शुरू कराया। प्रतियोगिता में 22 केजी में सिवी रिठाल, 24 केजी में प्रिंस मोखरा, 26 केजी में शुभम बिंदरोली, 30 केजी में जतिन राकेश अखाड़ा, 36 रोहित जुआ, 42 केजी में मुनीत लड़सौली, 46 केजी में दीपांशु फरमाणा, 50 केजी में हिमांशु जुआ ने दंगल जीता। इसके अलावा भी कई दंगल हुए, जिसमें पहलवानों ने दमखम दिखाया।

## खूंटैल पट्टी में बुलाई महापंचायत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

खूंटैल पट्टी में महापंचायत बुलाई गयी है। बंडपुरा की घटना में दो निर्दोष बच्चों को फंसाये जाने का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। जनता के बीच लगातार बढ़ रही नाराजगी को देखते हुए विपक्ष के बाद अब सत्ता पक्ष भी सक्रिय हो गया है। सह मीडिया प्रभारी ब्रज क्षेत्र चैधरी वीरभान सिंह ने बताया कि इस मुद्दे पर खुटैल पट्टी में महापंचायत बुलाई गई है। क्षेत्र के लोगों की आवाज और भावनाओं को देखते हुए महापंचायत बुलाई गई है। भारतीय राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील चौधरी के नेतृत्व में कुंतल पट्टी के मगोर्रा गांव में महापंचायत होगी। यहां लिए जाने वाले फैसले के आधार पर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। इससे पहले गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह की ओर से एक प्रतिनिधि मंडल गांव बंडपुरा पहुंचा



और ग्रामीणों तथा पीड़ित परिवार से बात की। ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। किसी को भी मनमानी करने की छूट नहीं दी जा सकती है। पूरे मामले को उच्च स्तर पर उठाया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष चैधरी किशन सिंह ने बताया कि बडे भाई देवी सिंह ग्रामीणों के बीच पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी है। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों बच्चे कृष्णा कुमार और प्रशांत कुमार निर्दोष हैं।

## कर्मचारियों ने फैलाई झोली, खाली पेट कैसे मनाएं होली

**मथुरा:** पिछले दो माह से वेतन न मिलने से परेशान पालिका के कर्मचारियों ने शुक्रवार को पालिका पहुंच अधिकारियों का घेराव कर नारेबाजी की। अधिकारियों ने उन्हें चुप कराने का प्रयास किया तो झोली फैलाकर बोले साहब खाली पेट भला वे कैसे होली का त्यौहार मनाएं। अधिकारी उन्हें समझाते रहे और शांत करने के प्रयासों में जुटे रहे। दरअसल नगर पालिका के स्थाई एवं संविदा को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिला है। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को चार माह से वेतन नहीं मिला जिसके चलते ये कर्मचारी काफी आर्थिक तंगी झेल रहे हैं। होली से पूर्व उन्हें वेतन मिलने की उम्मीद थी। लेकिन अभी भी उन्हें वेतन मिलने की कोई प्रक्रिया होती नजर नहीं आई तो उनका आक्रोश सातवें आसमान पर पहुंच गया।

## श्री नवयुवक सेवा ट्रस्ट की चौथी पैदल निशान यात्रा में गन्नौर से पहुंचे काफी श्रद्धालू

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

शुक्रवार को फाल्गुन मेले के उपलक्ष्य में श्री नवयुवक सेवा ट्रस्ट नई अनाज मंडी द्वारा चतुर्थ श्रीश्याम निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें पैदल ध्वजा यात्रा में गन्नौर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इससे पूर्व ट्रस्ट के प्रधान राजेश जैन, सचिव अनिल कौशिक, कोषाध्यक्ष सतीश बंसल, नीरज त्यागी, दयाकिशन गोयल, सुरेन्द्र गोयल, प्रेम गोयल, योगेश कौशिक, सुरेश बत्रा, अमित जिंदल, सुभाष गुप्ता, मनीष बंसल, महेश गोयल आदि ने श्याम बाबा के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बनाया। ट्रस्ट के सचिव अनिल कौशिक ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा चौथी



श्याम बाबा की गन्नौर से चुलकाना धाम की ध्वज यात्रा का आयोजन किया गया। बाबा के भक्त श्याम बाबा चुलकाना वाले के भजनों पर नाचते हुए धर्म नगरी में प्रवेश करते हैं और श्री श्याम बाबा चुलकाना वाले के चरणों में ध्वज अर्पित हैं। आज की इस पैदल यात्रा में महिलाओं की संख्या अधिक रही। श्री श्याम बाबा का सबसे प्राचीन मंदिर इस भारतवर्ष में ऐतिहासिक नगरी चुलकाना धाम की पावन धरा पर बना था। इस पावन स्थली पर वीर बर्बरीक महा बलशाली योद्धा का शीश का दान भगवान श्री कृष्ण ने लिया था।

## शहजादपुर में दर्दनाक सड़क हादसा, 8 की मौत, 20 घायल

**अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**

अम्बाला जिले में आज एक भयंकर हादसा हुआ जिसमें एक मासूस के तो माता पिता दोनों की ही मौत हो गई। जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दर्दनाक हादसे के दौरान बस यात्रियों की चीखे सुन आस पास के लोग वहां पर पहुंचे और तुरंत एंबुलेंसो को फोन कर मौके पर बुलाया गया। तुरंत घायलो को नारायणगढ, शहजादपुर, अम्बाला छावनी के अस्पतालों में पहुंचाया गया। लेकिन तब तक 8 लोगो की मौत हो चुकी थी।

बताया जा रहा है कि हादसा आज सुबह लगभग 5 बजे पंचकूला-यमुनानगर नेशनल हाईवे



344 पर गांव कक्कड़ माजरा (शहजादपुर) के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक, यूपी के बरेली से प्रवासी मजदूरों को लेककर यह बस कल सांय 7 बजे बरेली से हिमाचल के बद्दी के लिए रवाना हुई थी। लेकिन बद्दी से मात्र दो घंटे का रास्ता ही शेष रह गया था। इसी दौरान जैसे ही वह शहजादपुर के पास गांव कक्कड़ माजरा के पास पहुंचे तो पीछे से उनकी बस को ट्राला ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भयंकर था कि 8 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने 6 शव नारायणगढ़ सिविल अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में रखवाए। जबकि 2 के शव पंचकूला सिविल अस्पताल में रखवा दिए हैं। इस हादसे के बाद मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने तुरंत क्रेनो की मदद से ट्राले को हटवाया। ट्राले में लोहे की चादरे लदी हुई थी।

छावनी सिविल अस्पताल में डयूटी पर तैनात डॉ ने बताया कि सुबह उनके पास सीएससी शहजादपुर से 6 घायलों को लाया गया था। जिसमें से 1 वर्षीय मासूम भी शामिल था। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे सेक्टर 32 रेफर कर दिया गया है। उन्होनें यह भी बताया कि अन्य घायल छावनी सिविल अस्पताल में उपचाराधीन है। जानकारी के मुताबिक, सुबह हादसे में घायल हुई 40 वर्षीय गुड्डी, उसकी बेटी शिवानी, चांद बाबू, 1 साल के मासूम बच्चे व एक व्यक्ति को अंबाला कैंट सिविल अस्पताल पहुंचाया गया था। यहां गुड्डी व उसकी बेटी शिवानी का उपचार चल रहा है। चांद बाबू अपनी इच्छा से छुट्टी लेकर चला गया है। डॉक्टरों ने 1 साल के मासूम व अज्ञात व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया है।

वहीं मौके पर पहुंची पुलिस भी जांच में जुट गई है। पुलिस मृतकों के परिजनों से संपर्क करने में जुटी हुई है। उन्होनें बताया कि परिजनों के आने के बाद ही शवो का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

## 'पंचायत प्रतिनिधि अपनी मांगों को लेकर पंचकूला में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे'



**पानीपत:** सर्व समाज एकता मंच के अध्यक्ष राम रत्तन शर्मा ने गांवों के मुखिया सरपंचों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा करते हुए कहा कि कहा की पंचायत प्रतिनिधि अपनी मांगों को लेकर पंचकूला में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। लेकिन सरकार द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए उन पर पानी की बौछारों के साथ बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया। इससे बड़ी संख्या में गांव प्रतिनिधियों व महिला सरपंचों को गंभीर चोटें आईं हैं। यही नहीं हरियाणा सरपंच एसोसिएशन के प्रधान समेत करीब 4000 सरपंचों पर 10 संगीन धाराओं में केस भी दर्ज कर दिया है। जो सरकार का निंदनीय व कायराना कदम है। रत्तन शर्मा ने कहा कि इस सरकार ने पहले सरपंच व पंच पदों पर चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों पर शैक्षणिक योग्यता निर्धारित कर बिजली, बैंकों, चूल्हा टैक्स,पानी के बिल इत्यादि विभागों से एनओसी प्रमाण पत्र की शर्त लागू की थी। उसके बाद सरपंचों के खिलाफ राइट टू रिकॉल का कानून बनाया और अब ई.टेंडरिंग का नियम सरपंचों पर जबरदस्ती थौंपने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब विधायक या सांसद पद पर चुनाव लडने के लिए कोई शैक्षणिक योग्यता निर्धारित नहीं की, न ही विधायक व सांसद पर राइट टू रिकॉल का नियम लागू है तो सरपंचों पर इन नियमों को जबरदस्ती इस सरकार द्वारा क्यों थोपा गया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**अंबाला (मनीष कुमार)** देव समाज कॉलेज शहर में अंबाला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ । इसमें विद्यार्थियों हरियाणवी व राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुतियां दी , जिसे लोगों ने काफी ने सराहा । ऊषा अध्यक्षता कॉलेज के चेयरमैन जेसी भारद्वाज ने की । भारद्वाज बतौर मुख्यातिथि के रूप में शामिल रहीं । सर्वप्रथम प्राचार्य मुक्ता अरोड़ा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि हमें वैकअप करने वालों को अपना आदर्श बनाना चाहिए । उसके पश्चात छात्राओं ने नारी विषय पर कविताओं का पाठ किया और हरियाणवी , राजस्थानी और शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुतियां देकर समा बांधा । ऊषा भारद्वाज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों का शिक्षित होना तो आवश्यक है ही । साथ ही उन्हें समाज एवं परिवार की परंपराओं और मयार्दा का सम्मान भी करना चाहिए । चेयरमैन जेसी भारद्वाज ने अपने अध्यक्षीय संभाषण में कहा कि नारी को मजबूती से सत्य और शुभ की स्थापना के लिए संघर्ष करना चाहिए।

## ग्रामीण क्षेत्रों की गर्भवती को ई रूपी वाउचर से मिलेगी अल्ट्रासाउंड की सुविधा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की गर्भवती को निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर माह में दो बार ई रूपी वाउचर से अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलेगी। शासन की नई व्यवस्था के तहत गर्भवती डॉक्टर द्वारा लिखे जाने पर चयनित निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर यह सुविधा ले सकती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि शहरी क्षेत्र की गर्भवती के लिए, जिला महिला चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड का प्रावधान है। यहां पर माह में दो बार प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस भी मनाया जाता है। लेकिन ग्रामीण स्तर पर



हर जगह अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नहीं है ऐसे में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रमुख सचिव ने पत्र भेजकर जिले में निजी अल्ट्रासाउंड सेंटरों के

**8 गर्भवती डॉक्टर द्वारा लिखे जाने पर चयनित निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर यह सुविधा ले सकती है**

माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर सीएचसी के जरिये गर्भवती को अल्ट्रासाउंड सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। नोडल आरसीएच डॉ. मुनीष सिंह पौरुष ने बताया कि पीएमएसएमए दिवस के दौरान जब सरकारी चिकित्सक लिखित रूप से गर्भवती को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए कहेगा, उस दशा में वह यह सुविधा ले सकती हैंद्य गर्भवती का रजिस्ट्रेशन होने के बाद शासन से सीधे सेंटर के खाते में प्रत्येक अल्ट्रासाउंड पर 255 रुपये दिए जाते हैं। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता मुकेश गौतम ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीएमएसएमए दिवस पर गर्भवती का अल्ट्रासाउंड सहित, यूरिन, हीमोग्लोबिन, शुगर, सिफलिस , वजन, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप और एचआईवी की जांच की जाती है। इसके अलावा केंद्र पर आने वाले दंपति को बास्केट ऑफ चॉइस की सहायता से परिवार नियोजन के साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता हैं। वर्तमान में जनपद में अठ्ठावन हजार से अधिक गर्भवती रजिस्टर हैं।

## गौरीशंकर धर्मशाला में शुरू हुई योगा फेडरेशन की नौवीं क्लास

**अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**

योगा फेडरेशन के प्रधान राजिंदर विज ने बताया कि योगा फेडरेशन द्वारा बीड़ी फ्लोर मिल के पीछे गौरी शंकर धर्मशाला डीसेंट कॉलोनी में अपनी 9 वी योगा क्लास शुरू कर दी गई है बीडी फ्लोर मिल के निवासी पिछले कई दिनों से मिल के पीछे एक योगा क्लास शुरू करने की मांग कर रहे थे उनका कहना था कि उन्हें योगा करने के लिए योगशाला सुभाष पार्क में आना पड़ता है जो कि काफी दूर है उन्हें की मांग को देखते हुए यह क्लास शुरू की गई है इस योगा क्लास के शुरू होने से मिल के पीछे के निवासियों को काफी फायदा होगा क इस क्लास में योग साधक राजेश कुमार



अपनी सेवाएं देंगे इस योगशाला में दिन में एक क्लास सुबह 6:00 से 7:00 तक लगाई जाएगी अगर लोगों की तादाद बढ़ी तो क्लास की संख्या बढ़ा दी जाएगी राजिंदर विज ने आम लोगों से अनुरोध किया है कि वह योग क्लास में जाकर योगा करें क्योंकि योगा शरीर और मन दोनों को स्वस्थ करने का फ्री का एक नुस्खा है जिसे आप अपना कर अपने दिनचर्या को हर्षोल्लास और स्फूर्ति के साथ बिता सकते हैं।

गौरतलब ही कि इससे पूर्व सुभाष पार्क के साथ आयुष योगशाला में हर रोज 800 लोग योग कर रहे हैं। इंदिरा पार्क में भी शुरू की गई क्लास में अब लोगों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और सुभाष पार्क में भी दो क्लास सुबह शाम की लगाई जा रही है जिसमें बहुत संख्या में भाई और बहने आकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। योगा फेडरेशन के महासचिव पंकज कुमार ने बताया है कि योगा फेडरेशन के तत्वाधान में पहले से ही महेश नगर, बब्याल, लाल कुर्ती इंदिरा पार्क और सुंदर नगर में एक एक क्लास लगाई जा रही। उन्होंने बताया है कि इस वर्ष योगा फेडरेशन 5 से 7 नई योगशाला शुरू करने की योजना बना रही है। उनकी योजना में वह एक योगशाला अटल पार्क आर्मी क्षेत्र में, एक टांगरी पार, एक योगशाला नन्हेरा में शुरू करने के लिए योजना बनाई है जिसे जल्द लागू कर दिया जाएगा। अम्बाला छावनी (मनीष कुमार) होली का त्योहार रंगों का त्योहार होता है , और अगर ये रंग किसी के चेहरे पर मुस्कराहट ले आये तो बात ही क्या है। मेरी उडारी लेडीज क्लब और रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल ने मिलकर हम भी खेलेंगे होली टैग लाइन के साथ गरीब बच्चों को रंग व पिचकारी वितरित करके उनकी जिंदगी में भी रंग बिखेरने की कोशिश की है । मेरी उडारी लेडीज क्लब की चेयरमैन अमनप्रीत कौर ने कहा की समाजसेवी संस्थाओं का छोटा सा कदम किसी जरूरतमंद के त्योहारों में ढेरों खुशियां भर सकता है।

## सरपंचों पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज के विरोध में आप ने पुतले जलाकर जताया विरोध

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

**आम** आदमी पार्टी के सैकडों कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नेता सरोज बाला राठी, पूर्व चेयरमैन महेन्द्र छिक्कारा, रणबीर छिक्कारा, बलबीर फौजी आदि के नेतृत्व में देवीलाल चौक पर पंचकूला में सरपंचों पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज के बाद दर्ज किए मुकदमों के विरोध मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का पुतला फूंका व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पूर्व चेयरमैन महेन्द्र छिक्कारा ने कहा कि जनता द्वारा चुने गए



प्रतिनिधियों पर लाठी चार्ज कर मुकदमे दर्ज करना सरासर सरकार की तानाशाही हैं और सीधे लोकतंत्र की हत्या है। महिला नेत्री सरोज बाला राठी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर आन्दोलन को लाठी गोली से कुचलना चाहती है। रणबीर छिक्कारा ने कहा कि किसानों युवाओं व अन्य वर्ग पर लाठी चार्ज वास्तव में हरियाणा में अघोषित आपातकाल है।

# मल्कागंज में महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन

## सरकार महंगाई कम करने की ओर दें ध्यानः आदेश भारद्वाज





**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**मल्का** गंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष नेत्रपाल आर्य की अगुवाई में महंगाई के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया गया।
इस मौके पर करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने शिरकत की और कहा कि आज देश में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच चुकी है, रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है, जिसके कारण से देश की जनता को परेशान होना पड़ रहा है। श्री भारद्वाज ने कहा कि सरकार को महंगाई कम करने की ओर ध्यान देना चाहिए, जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े।
इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष नेत्रपाल आर्य ने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर मोदी सरकार ने देश की जनता को होली का तोहफा दिया है। श्री आर्य ने कहा कि आज देश की



जनता महंगाई से परेशान हो रही है। इसलिए सरकार को महंगाई कम करने की ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि महंगाई की वजह से गरीब व्यक्तियों का बजट बिगड़ रहा है और वह परेशान हो रहे है। इस मौके पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज का स्वागत भी किया। इस अवसर पर कई गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि सरकार को महंगाई कम करने की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए, जिससे की आमजन को महंगाई से परेशान न होना पड़े। इस मौके पर अशोक भसीन, मुकेश पाल, कैलाश प्रधान, प्रिया जयंत महिला जिला अध्यक्ष, विकास, छोटे लाल प्रजापति मौजूद रहे।

# श्रद्धानंद कॉलोनी में निकाली गई कलश यात्रा

### सुरेन्द्र खर्ब ने कहा...

= सभी को सच्चे मन से प्रभु की आराधना करनी चाहिए, जो भक्त सच्चे मन से आराधना करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है: सुरेन्द्र खर्ब





**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के श्रद्धानंद कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा से पहले भव्य रूप में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बहुताय की संख्या में क्षेत्र की महिलाओं व गणमान्य लोग ने भाग लिया। इस अवसर पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने कहा कि आज भव्य रूप में श्रीमद् भागवत कथा से पहले कलश यात्रा निकाली गई है। इस अवसर पर आयोजको ने सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब का स्वागत भी किया।
इस अवसर पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने कहा कि मैं कार्यक्रम के आयोजको का धन्यवाद करता हूं। इस प्रकार के कार्यक्रम सभी को आयोजित करने चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि भक्ति में शक्ति होती है, इसलिए सभी को सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है, इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



वजीरपुर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

# रश्मि शुक्ला बनी एसएसबी की महानिदेशक



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**सशस्त्र** सीमा बल (एसएसबी) की महानिदेशक रश्मि शुक्ला बनी। इससे पहले भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह एसएसबी का कार्य देख रहे थे। दिल्ली एसएसबी मुख्यालय ने शुक्रवार जानकारी देते हुए बताया कि रश्मि शुक्ला ने आज एसएसबी पदभार ग्रहण किया। रश्मि शुक्ला ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से भूगोल में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है तथा वह भारतीय पुलिस सेवा के 1988 बैच के महाराष्ट्र कैडर की अधिकारी हैं। उन्होंने प्रारंभिक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न करने के बाद महाराष्ट्र के अकोला और सांगली जिलों में सहायक पुलिस अधीक्षक तथा जलगांव में अपर पुलिस अधीक्षक और नागपुर में पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्य किया। अपने कार्यकाल के दौरान रश्मि शुक्ला ने सोलापुर, मुम्बई और नागपुर में पुलिस उपायुक्त जैसे महत्वपूर्ण पद पर भी कार्य किया। डीजीपी कार्यालय, मुम्बई में तैनाती के दौरान रश्मि शुक्ला ने उप महानिरीक्षक (कानून व्यवस्था) और उप महानिरीक्षक (प्रशा.) तथा विशेष महानिरीक्षक (कानून व्यवस्था) के पद पर भी अपनी सेवायें प्रदान की। वहीं 26/11 के आतंकी हमले के दौरान इनको राज्य और केंद्रीय एजेंसियों के मध्य समन्वयन स्थापित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसका उन्होने सफलतापूर्वक निर्वहन किया। पुणे के पुलिस आयुक्त के रूप में रश्मि शुक्ला ने वर्ष 2016 से 2018 तक स्मार्ट पुलिसिंग को एक नया आयाम देते हुए सिटी सेफ, पुलिस काका, बड्डी कॉप और कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा जैसी कई अनूठी पहल की। शुक्ला को दिनांक तीन सितम्बर 2020 को महाराष्ट्र सरकार द्वारा महानिदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया। जहां उन्होंने महानिदेशक, सिविल डिफेंस का पदभार संभाला। महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल का पदभार ग्रहण करने से पूर्व रश्मि शुक्ला ने सीआरपीएफ में अपर महानिदेशक (मुख्यालय) का पदभार संभाला। रश्मि को वर्ष 2005 में सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक तथा वर्ष 2013 में विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। पुणे के पुलिस आयुक्त के रूप में कार्य करते हुए स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में लिए गए अनूठे निर्णयों एवं पहल के लिए रश्मि शुक्ला को एफआईसीसीआई द्वारा भी सम्मानित किया गया।

# सभी अपने जन्मदिन पर पौधारोपण अवश्य करें: लाखन सिंह कुशवाहा

## 'सभी को नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए'



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी लाखन सिंह कुशवाहा ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है।

उन्होंने कहा कि गरीब व असहाय की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम असहाय व गरीब की सहायता करें। जिससे की गरीब व्यक्ति को भी परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि ब्लड डोनेट करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान करना भी एक प्रकार का पुण्य का कार्य है।

उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। ऐसे में अगर नियमित रूप से रक्तदान करते हैं, तो इससे शरीर बेहतर सेहत की ओर जाता है। इसका असर आपको साफ अपनी फिटनेस पर दिख सकता है। ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहता है।
ब्लड डोनेशन से आप किसी की जान को बचा सकते हैं, बुरे वक्त में किसी के काम आ सकते, जो आपके दिल और दिमाग को अलग ही खुशी देता है। इसलिए मेरी सभी से अपील है कि सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।

## शालीमार बाग क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान दें प्रशासनः सुरेन्द्र

# समाज को किया जा रहा जागरूकः सुरेन्द्र मुद्गल




### क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं पर लगे लगाम...

= अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग (रजि.) के प्रधान सुरेन्द्र मुद्गल ने कहा कि क्षेत्र में आवारा गायों के रोड़ों व गलियों में घूमने की वजह से कई बार एक्सीडेंट हो चुके है। इसको ध्यान में रखते हुए प्रशासन को चाहिए कि जो इन गाय के मालिक है उन पर कार्यवाही करें।



**जिन्दगी कांटो का सफर है,**
**हौसला इसकी पहचान है,**
**रास्ते पर तो सभी चलते है,**
**जो रास्ते बनाये, वही,**
**तो इंसान है।**

**जी** हां आज हम आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से करवाने जा रहे है, जो आज अपने कार्यों की बदौलत शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है। जी हां हम बात कर रहे है। अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग (रजि.) के प्रधान सुरेन्द्र मुद्गल की।
आपको बतादें कि एस.के. मुद्गल क्षेत्र की कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए है।
**शिक्षा के महत्व को हमें समझना होगाः** प्रधान एस.के. मुद्गल ने कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि एक रोटी कम खाओं, मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये, जिससे की बच्चे शिक्षित होकर समाज और देश का नाम रोशन करें।
**जागरूक समाज से ही होगा देश का विकासः** जागरूक व्यक्ति जल्दी विकास करता है, इसलिए सभी जागरूक बने और अपने अधिकारों को जाने और दूसरों को भी उनके अधिकारों से अवगत कराये।
**शालीमार बाग क्षेत्र में समाज को एकत्रित कर रही है सभाः** अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग (रजि.) शालीमार बाग क्षेत्र के ब्राह्मण समाज के लोगों को संगठित करने का कार्य कर रही है, सभा के द्वारा समय-समय पर जागरूता अभियान के अलावा कई तीज-त्योहारों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।
**गरीबों व असहायों की मदद के लिए सभी आये आगेः** सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और गरीब व जरूरतमंदों की सेवा करनी चाहिए। सेवा के अन्दर स्वार्थ की भावना बिल्कुल भी नहीं होनी चाहिए। सेवा हमेशा ही निःस्वार्थ भाव से करनी चाहिए।
**सभी को कार्य जनहित में करने चाहिएः** जो भी कार्य करे व देश हित को ध्यान में रखते हुए ही करे क्योंकि सबसे पहले देश है। उसके बाद कुछ और है।
**शालीमार बाग में आवारा कुत्तो से परेशान हैं लोगः** शालीमार बाग के कई इलाको में आवारा कुत्तों की वजह से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है, लेकिन संबंधित विभाग ध्यान नहीं दे रहा है, साथ ही सुरेन्द्र मुद्गल ने बताया कि क्षेत्र में आवारा गाय के रोड़ों व गलियों में घूमने की वजह से कई बार एक्सीडेंट हो चुके है। इसको ध्यान में रखते हुए प्रशासन को चाहिए कि जो गाय के मालिक है उन पर कार्यवाही करें।
**क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण पर हो कार्यवाहीः** प्रधान सुरेन्द्र मुद्गल ने कहा कि शालीमार गांव से लेकर जो मैक्स अस्पताल वाले रोड़ पर जगह-जगह अतिक्रमण होता जा रहा है, जिस कारण से यहां पर जाम की समस्या होती जा रही है। मेरी प्रशासन से मांग है, यहां पर हुए अतिक्रमण को तुन्रत हटाया जाये।





–प्रस्तुतिः एक्शन इंडिया



जहांगीरपुरी वार्ड में क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए आप नेता सुरेश शर्मा व अन्य।

# विशेषाधिकार हनन में 6 पुलिसकर्मियों को एक दिन का कारावास

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को ऐतिहासिक नजारा देखने को मिला। विधानसभा ने कोर्ट की तरह कार्यवाही की। 19 साल पुराने एक विधायक के विशेषाधिकार हनन के मामले में एक सेवानिवृत्त क्षेत्राधिकारी और पांच अन्य पुलिस कर्मियों को एक दिन के कारावास की सजा सुनाई गई। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में प्रस्ताव रखा, जिस पर विधान सभा अध्यक्ष ने सर्व सम्मति से फैसला सुनाया। बजट सत्र के दौरान शुक्रवार की सुबह 11 बजे प्रश्नकाल के साथ सदन की कार्यवाही शुरू हुई।



प्रश्नकाल के बाद शून्य प्रहर की कार्यवाही शुरू हुई नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने नेता सदन के समाजवाद पर सदन में आये वक्तव्य का हवाला देते हुए सदन से वहिर्गमन कर गए। विधान सभा अध्यक्ष यह कहकर सपा के सदस्यों को बैठने के लिए कहा कि सदन में महत्वपूर्ण मुद्दा आने जा रहा है लेकिन सपा के सदस्य वहिर्गमन कर गए। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में कहा कि 2004 में बिजली व्यवस्था को लेकर तत्कालीन विधायक सलिल विश्नोई शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे। तब स्थानीय पुलिस ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। लाठी चार्ज किया और गाली गलौज किया। 25 अक्टूबर, 2004 को यह मामला विशेषाधिकार समिति के समक्ष आया। उसका एक वीडियो आया। विशेषाधिकार समिति ने 28 जुलाई, 2006 को दोषी पुलिस कर्मियों को दंडित करने का फैसला सुनाया। इस मुद्दे पर महाधिवक्ता से परामर्श भी लिया गया है। सदन को आर्टिकल 194 में यह अधिकार दिया गया है कि हम ऐसे लोगों को दंडित कर सकें। सुरेश खन्ना ने मौजूदा 18वीं विधानसभा अध्यक्ष से पूरे सदन को कोर्ट के रूप में परिवर्तित कर कार्यवाही संचालित करने का प्रस्ताव रखा। खन्ना के प्रस्ताव पर सदन में मौजूद सभी दलों ने अध्यक्ष को संरक्षक बताते हुए फैसला सुनाने के लिए अधिकृत किया। जनसत्ता दल, अपना दल एस, सुभासपा, निषाद पार्टी, बसपा और कांग्रेस ने भी इसका समर्थन किया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इन सभी छह लोगों को सदन की अवमानना का दोषी पाया गया है। खन्ना के प्रस्ताव पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सेवानिवृत्त क्षेत्राधिकारी व अन्य पांच पुलिसकर्मियों को एक दिन के कारावास की सजा सुनाई।

# दानिश आजाद अंसारी ने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके पांच कालिदास मार्ग स्थित आवास पर मुलाकात की। राज्य मंत्री दानिश अंसारी ने मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री को विभाग द्वारा चल रही गतिविधियों से अवगत कराया। साथ ही अल्पसंख्यक नौजवानों के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष रोजगार मेले की प्रगति के बारे में अवगत कराया। राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अभी तक लखनऊ जनपद, आजमगढ़ जनपद में यह रोजगार मेले लग चुके हैं। उसके साथ-साथ



अल्पसंख्यक समाज को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम के बारे में भी मुख्यमंत्री से जानकारी साझा की। राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सदैव अल्पसंख्यक समाज और नौजवानों को प्रोत्साहित करने के लिए काम करते हैं। जिस तरीके से आज उत्तर प्रदेश में हर जाति-धर्म के लोग आगे बढ़कर तरक्की में अपनी सहभागिता कर रहे हैं यह योगी सरकार की सफलता है, जनता की सुविधाओं के लिए हम पूरी ईमानदारी से धरातल पर काम कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन दिन से लापता शिक्षक का जंगल में मिला शव

**औरैया।** बेला थाना क्षेत्रांतर्गत तीन दिन से लापता शिक्षक का शव जंगल में पेड़ से फांसी के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच में जुट गई।थाना क्षेत्र के बड़ौरा गांव में पुलिस को ग्रामीणों से सूचना मिली कि एक युवक का शव पेड़ से लटकता हुआ है। मौके पर बेला थाना की फोर्स पहुंची और शव को पेड़ से उतारकर उसकी शिनाख्त गांव धरमंगदपुर गांव निवासी शिक्षक प्रमोद कुमार के रूप में की है। घटना की जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने शव को देखकर रोना-पीटना मच गया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए साक्ष्यों को इकट्ठा किया। एसपी ने परिजनों से पूछताछ की, जिसमें बताया गया कि प्रमोद कुमार कन्नौज जिले के तिर्वा में एक उच्च प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक के पद पर तैनात है। तीन दिन पहले शिक्षक स्कूल के लिए घर से निकला और वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद परिवार ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हत्या या आत्महत्या के पीछे की वजह जानने के लिए पुलिस परिजनों और दोस्त मित्रों से भी पूछताछ कर रही है।

### कमरे में रखा गया चार बोरा गोमांस बरामद

**कानपुर। बादशाही नाका पुलिस ने कुली बाजार इलाके से चार बोरे में गो मांस बरामद** किया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से जांच कराने के बाद उसे नष्ट कराया गया। प्रभारी निरीक्षक सुभाष चन्द्र ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार की देर रात को कुली बाजार क्षेत्र स्थित एक कमरे में चार बोरे के अंदर गो मांस रखे जाने की सूचना मिली। इस पर उपनिरीक्षक धीरज कुमार शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बोरे से गोमांस को कब्जे में ले लिया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने मामले की जांच के लिए गोमांस का नमूना लेकर लैब भेजा। गोमांस को कलक्टरगंज थाना क्षेत्र में स्थित छोटी लाइन माल गोदाम में गड्ढा खुदवाकर नष्ट कराया। इस संबंध में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई।

### उप्र में तीन आईपीएस और दो पीपीएस के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को तीन आईपीएस और दो पीपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें आईपीएस अपर्णा गुप्ता को स्थाई एसपी महोबा के पद पर तैनात किया गया है। आईपीएस सुधा सिंह को सेनानायक 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद बनाया गया है। इससे पहले वह महोबा की पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थीं। जबकि सेनानायक 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद में तैनात कल्पना सक्सेना को एसपी पीटीएस मुरादाबाद बनाया गया है। आईपीएस के अलावा दो पीपीएस अधिकारियों के तबादले हुए है, जिसमें प्रयागराज में सहायक पुलिस आयुक्त पद तैनात योगेंद्र सिंह को पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफ लखनऊ भेजा गया है। वहीं, गाजियाबाद के सहायक पुलिस आयुक्त एलआईयू राजेश कुमार सिंह को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स में नयी तैनाती दी है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक बिजनौर दिनेश सिंह की अचानक तबीयत खराब होने के चलते उनकी पत्नी एसपी महोबा सुधा सिंह अवकाश पर चली गई थीं। उनकी जगह पर शासन ने आईपीएस अपर्णा गुप्ता को महोबा का कार्यवाहक एसपी बनाया गया था, अब उन्हें उसी जिले का स्थायी एसपी बनाया गया है। वहीं, सुधा सिंह को भी गाजियाबाद जनपद में पीएसी में तैनाती दी गई है।

### केशव प्रसाद मौर्य ने की राहुल गांधी के बयान की आलोचना

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेश की धरती पर अपने ही देश भारत के बारे में दिये गये बयान पर घिर गये हैं। राहुल गांधी के बयान की आलोचना चहुंओर हो रही है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राहुल गांधी विदेशी धरती पर अपने ही देश का अपमान कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने ट्वीट किया कि राहुल गांधी विदेशी धरती पर अपने ही देश को, देश की जनता द्वारा चुनी हुई सरकार को कटघरे में खड़ा करना, उन पर आरोप लगाना भारतीय संस्कार नहीं है। यह पूरे देश का अपमान है। सत्तावियोग में झूठ बोलने की मशीन बनने से भी सत्ता नहीं मिलेगी। दरअसल कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों लंदन में हैं। लंदन में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में एमबीए के छात्रों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा है कि भारत में लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

## पंद्रह हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

फरुर्खाबाद। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में पुलिस व एसओजी की टीमों ने घेराबंदी कर 15 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस क्षेत्राधिकारियों के पर्यवेक्षण में जिले में बदमाशों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत पुलिस को शुक्रवार को एक और सफलता मिली है। एसओजी टीम प्रभारी अशोक कुमार तथा सर्विलांस टीम प्रभारी जगदीश भाटी ने अपने हमराह पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन रुदायन परिसर के पास बने एक मंदिर की करीब संदिग्ध बदमाशों की घेराबंदी की।

# कबड्डी लीग के लिए मैदान तैयार, कई जिलों की टीमों ने रजिस्ट्रेशन कराया

**औरैया/टीम एक्शन इंडिया**
चंबल परिवार द्वारा आयोजित ह्यचंबल कबड्डी लीगह्व का ऐतिहासिक आयोजन आगामी 11-12 मार्च को लाल सेना स्मारक परिसर, लोहिया ग्राम में हो रहा है। दो दिवसीय ह्यचंबल कबड्डी लीगह्व आजादी योद्धा शहीद मारून सिंह लोधी की स्मृति में आयोजित की जा रही है। इसमें चंबल अंचल के अलावा अन्य जनपदों व प्रदेशों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। कबड्डी लीग के लिए लाल सेना स्मारक परिसर में खेल मैदान को अंतिम रूप दे दिया गया है। स्थानीय खिलाड़ियों में इसे लेकर भारी उत्साह है। उनका सुबह-शाम अभ्यास भी जारी है।



चंबल कबड्डी लीग के संस्थापक डॉ. शाह आलम राना ने शुक्रवार को बताया कि चंबल कबड्डी लीग का विधिवत उद्घाटन समारोह 11 मार्च को प्रातः नौ बजे से शुरू होगा। इसमें शहीद शोध संस्थान के निदेशक सूर्यकांत पांडेय, इटावा-औरैया के जिला पर्यटन अधिकारी मोहित मनोहर सिंह, रेसलिंग के एशियाड गोल्ड मेडलिस्ट कर्नल मलखान सिंह यादव, वरिष्ठ डेंटल सर्जन डॉ. शलभ सिंह परिहार आदि अतिथिगण शामिल होंगे। दो दिवसीय चंबल कबड्डी लीग के टेक्निकल अधिकारी की जिम्मेदारी प्रातः नौ बजे से सायं चार बजे तक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और एनआईएस कोच भुवनेश्वर कुमार, प्रशिक्षक सतीश भारद्वाज, राष्ट्रीय खिलाड़ी नवीन शुक्ला और कबड्डी प्रशिक्षक नवीन यादव निभाएंगे। चंबल परिवार प्रमुख डॉ शाह आलम राना ने बताया कि समापन समारोह में अतिथि के तौर पर वरिष्ठ खेल विशेषज्ञ डॉ. सत्यदेव पचौरी, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सूबेदार चंद्रपाल सिंह यादव, वरिष्ठ पत्रकार शंकर देव तिवारी, कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया के पौत्र राहुल भदौरिया शामिल होंगे। विश्व प्रसिद्ध मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम के आने की भी संभावना है। चंबल कबड्डी लीग आयोजन समिति से जुड़े चन्द्रोदय सिंह चौहान ने बताया कि चंबल अंचल के अलावा, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, गाजीपुर की टीमों ने आने का रजिस्ट्रेशन कर दिया है। चंबल कबड्डी लीग में टीम एंट्री फीस 500 रुपये है। इसे जमा करने की अंतिम तिथि सात मार्च है। एक टीम में 12 खिलाड़ी, एक कोच, एक मैनेजर सहित 14 सदस्य होंगे। सभी खिलाड़ियों को अपना पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड और मेडिकल सर्टिफिकेट लाना अनिवार्य है। सभी खिलाड़ियों को सहभागिता मेडल और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। फाइनल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को मैन ऑफ द सीरिज ट्राफी दी जाएगी।

# औघड़ संतों के साथ शिवभक्तों ने खेली चिता भस्म से होली

**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**
रंगभरी एकादशी पर शुक्रवार अपराह्न धर्म नगरी काशी के हरिश्चंद्रघाट पर औघड संतों के साथ शिवभक्तों ने चिता भस्म से होली खेली। अनूठे आयोजन को देखने के लिए घाट पर लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। इस दौरान हर-हर महादेव के गगनभेदी उद्घोष से पूरा घाट गुंजायमान रहा। बाबा की नगरी में शनिवार को मोक्ष तीर्थ मणिकर्णिकाघाट पर भी चिता भस्म से होली खेली जाएगी। हरिश्चंद्रघाट पर इस आयोजन के लिए रविन्द्रपुरी स्थित भगवान कीनाराम स्थली क्रीं कुंड से



औघड़ सन्तों ने विशाल शोभायात्रा निकाली। काशी मोक्षदायिनी संस्था की ओर से निकाली गई शोभायात्रा में डमरुदल की गर्जना के बीच हर-हर महादेव का जयघोष करते नाचते गाते शिवगणों का रूप धारण किए भक्तों की टोली हरिश्चंद्र घाट पहुंची। भगवान शिव व पार्वती के साथ नंदी, भृंगी, भूत, पिशाच, शृंगी, नाग, गंधर्व, देवता और किन्नरों की टोली भी घाट पर पहुंची। घाट पर एक तरफ धधकती चिताएं और दूसरी ओर शिवभक्तों की अड़भंगी होली।

## मेनहोल की सफाई अब करेगा रोबोट

**प्रयागराजः** नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग ने शुक्रवार को जलकल विभाग सीवर के मेनहोल की सफाई के लिए बैन्डीकूट रोबोट को उद्घाटन किया। इस मशीन का उपयोग काफी गहरे मेनहोल में सीवर की सफाई कराने के लिया किया जायेगा। मेक इन इंडिया के तहत जेनरोबोटिक्स कम्पनी के निदेशक निखिल ने बताया है कि बैन्डीकूट रोबोट का सफल संचालन आज नवाब यूसुफ रोड पर स्थित सीवर चेम्बर की सफाई कराते हुए किया गया। पहले सीवर की सफाई का कार्य सफाई मजदूर लगाकर किया जाता रहा है जो कि काफी जोखिम भरा होता है तथा कई बार दुर्घटना आदि का कारण बनता है।

# नौकरी के अलावा विदेशी व्यवसाय करना अच्छा विकल्पः अमित



**प्रयागराज/टीम एक्शन इंडिया**
भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के विदेश व्यापार महानिदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में ईश्वर शरण पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा एक सेमिनार ह्यभारत का विदेशी व्यापार : अवसर एवं चुनौतियांह्व आयोजित किया गया। विदेश व्यापार के संयुक्त महानिदेशक अमित कुमार ने छात्रों को नौकरी के अलावा विदेशी व्यवसाय करना भी एक अच्छा विकल्प बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित कुमार ने पीपीटी के माध्यम से देश में निर्यात की सम्भावनाओं और विशेष ऐप से प्रयागराज के लाल अमरूदों के निर्यात की सम्भावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने निर्यात व्यापार कैसे प्रारम्भ करें, को विस्तार से समझाया। निर्यात साख एवं प्रत्याभूत निगम के शाखा प्रबंधक धनंजय झा ने जोखिम प्रबंध तथा भारतीय अर्थव्यवस्था में निर्यात के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विदेशी व्यापार में लेटर ऑफ क्रेडिट की उपयोगिता के बारे में भी बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनन्द शंकर सिंह ने इतिहास से वर्तमान तक अंतरराष्ट्रीय व्यापार की यात्रा का वर्णन किया। प्रयागराज के उद्योगपति डॉ जीएस दरबारी ने अपने कई अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि निर्यात करना भी एक प्रकार की देश सेवा है। डॉ मनोज कुमार दूबे ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन डॉ रुचि गुप्ता तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ शिवजी वर्मा ने किया। इस अवसर पर विभाग के संयोजक डॉ एसके निगम, डॉ प्रदीप सक्सेना, डॉ अजय श्रीवास्तव, डॉ मान सिंह, डॉ अनुजा सलूजा, डॉ हर्षमणि, डॉ वेद प्रकाश मिश्र, डॉ गरिमा मौर्या, तथा वाणिज्य और अर्थशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सांसद ने कुमार आश्रम छात्रावास में सुनी छात्रों की समस्याएं

**मेरठ/टीम एक्शन इंडिया**
मेरठ के भाजपा सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने शुक्रवार को कैलाशपुरी स्थित कुमार आश्रम छात्रावास में जाकर छात्रों की समस्याओं की जानकारी ली। सांसद ने इन समस्याओं का जल्दी ही समाधान कराने का आश्वासन दिया। मेरठ के कैलाशपुरी में स्थित कुमार आश्रम छात्रावास को लोक सेवक मंडल ट्रस्ट नई दिल्ली द्वारा संचालित किया जाता है। इस छात्रावास की नींव 1924 में सरदार वल्लभभाई पटेल ने रखी थीं। सरदार वल्लभभाई पटेल, लाला लाजपत राय समेत अनेक क्रांतिकारियों ने यहां पर बैठक आयोजित करते थे। शुक्रवार को कुमार आश्रम



छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने कुमार आश्रम छात्रावास का निरीक्षण किया तथा छात्रों से समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। सांसद ने कहा कि कुमार आश्रम को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। लोक सेवक मंडल के संचालकों से कुमार आश्रम के उत्थान के लिए वार्ता करेंगे। कुमार आश्रम ऐतिहासिक धरोहर है। शिक्षार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने का यह प्राचीन केंद्र है। राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि कुमार आश्रम में कमरों के निर्माण, सोलर लाइट व प्रतियोगी परीक्षा सम्बन्धी पुस्तकें सहित अन्य सभी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने का भरसक प्रयास किया जाएगा। शीघ्र ही पुनः यहां आकर छात्रों से वार्ता करेंगे। दलित नेता डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी ने कहा कि कुमार आश्रम में रहकर अनुसूचित जाति वर्ग के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों से अध्ययन करने में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वालों में बड़ी संख्या में सिविल सर्विस क्षेत्र, इंजीनियर, न्यायिक सहित लगभग सभी विभागों में अधिकारी चयनित हो चुके हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद राकेश शर्मा, सांसद प्रतिनिधि हर्ष गोयल, शिवा, विक्की, आकाश, संदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# हरियाणा के सीएम का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में पांच लोग गिरफ्तार

**सोनभद्र/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों में प्रशांत मौर्य, मोनू शर्मा उर्फ शिवानन्द शर्मा, अंसार अहमद, मोहम्मद कैफ अंसारी और जन्म-मृत्यु आंकड़ा अनुभाग में संयोजक के पद पर काम करने वाले संविदा कर्मी यशवन्त हैं। उनके पास से चार लैपटॉप तथा सात मोबाइल फोन बरामद किये गए हैं। पूछताछ पर अभियुक्तों ने बताया कि



स्वास्थ्य भवन लखनऊ के जन्म एवं मृत्यु आंकड़ा अनुभाग में स्टेट को-आर्डिनेटर के पद पर कार्यरत यशवन्त ने इन्हें जन्म एवं मृत्यु प्रमाण बनाने के लिए सीआरएस पोर्टल की आईडी व पासवर्ड उपलब्ध कराया गया था। इसी पोर्टल के जरिए वे जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का काम करते हैं और इसके एवज में उन्हें प्रत्येक प्रमाण पत्र पर निर्धारित रुपये मिलते हैं। दो फरवरी को एक व्यक्ति ने जिसका नाम-पता हमलोग नहीं जानते हैं, ने हरियाणा के न्यू प्रेमनगर निवासी मनोहर लाल का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए हमें व्हाट्सएप के जरिए विवरण दिया गया था। इस पर हमने प्रमाण पत्र बनाकर उसी व्हाट्सएप नम्बर पर भेज दिया, जिससे हमें विवरण मिला था। इस कार्य के लिए हमें पैसे मिले। इसके अलावा वे इस बारे में नहीं जानते हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के जन्म-मृत्यु संबंधी डाटा प्रोसेसिंग असिस्टेंट मनोज कुमार ने बीती 10 फरवरी को सूचना दी कि मनोहर लाल के नाम से दिनांक दो फरवरी को पंजीकरण संख्या पर जारी मृत्यु प्रमाण पत्र पूर्णतः फर्जी है। इस सूचना के आधार पर पन्नूगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कार्यवाही प्रारंभ की गई थी।

# प्रथम फिल्टर के रूप में ऑनलाइन सीईई लिखित परीक्षा के साथ नई भर्ती प्रक्रिया

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
मेजर जनरल मनोज तिवारी, एडीजी भर्ती (यूपी और उत्तराखंड) ने जेसीओ/ओआर/अग्निवीर के लिए भारतीय सेना की भर्ती प्रक्रिया में बदलाव पर शुक्रवार को पत्रकारवार्ता की। इसमें उन्होंने कहा कि यह बदलाव भर्ती प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने में सकारात्मक कदम है। कर्नल एस. चटर्जी, निदेशक भर्ती (यूपी और उत्तराखंड) ने मीडिया को नई भर्ती प्रक्रिया, चल रहे पंजीकरण और अन्य तौर-तरीकों के बारे में जानकारी दी। भारतीय सेना ने जेसीओ/ओआर/अग्निवीर के भर्ती



प्रक्रिया में परिवर्तनकारी बदलावों की घोषणा की है। चरण-प्रथम में, सभी उम्मीदवार जिन्होंने ज्वाइंट आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन (जेआईए वेबसाइट) पर ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन किया हैं, उन्हें सामान्य प्रवेश परीक्षा से गुजरना होगा। द्वितीय चरण में शोर्टलिस्टेड किये गए उम्मीदवारों को सम्बंधित एआरओ द्वारा निर्धारित किये गए स्थानों पर भर्ती रैली के लिए बुलाया जायेगा, जहां वे शारीरिक स्वास्थ्य परिक्षण और शारीरिक मापन परिक्षण से गुजरेंगे। अंत में चरण तृतीय में, चयनित उम्मीदवारों को मेडिकल परीक्षा से गुजरना होगा। ऑनलाइन पंजीकरण जेआईए वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण 16 फरवरी से 15 मार्च 2023 तक खुला है।

# विधानसभा में 58 साल बाद लगी अदालत

## 6 पुलिसकर्मियों को सजाः एक दिन लॉकअप में बंद रहेंगे, 18 साल पहले लाठीचार्ज करके भाजपा विधायक का पैर तोड़ा था

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
**यूपी** विधानसभा में 58 साल बाद शुक्रवार को अदालत लगी। कटघरे में 6 पुलिसकर्मी पेश हुए। विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना के दोषी इन सभी पुलिसकर्मियों को विधानसभा अध्यक्ष ने एक दिन की सजा सुनाई है। सजा 3 मार्च रात 12 बजे तक की होगी। इस दौरान सभी पुलिसकर्मियों को विधानसभा में बनी सेल के लॉकअप में रखा जाएगा। सजा पर फैसला होने के बाद मार्शल सभी पुलिसकर्मियों को सदन से लॉकअप में ले गए। इससे पहले विधानसभा में 1964 में अदालत लगी थी। शुक्रवार को सदन में लगी अदालत के दौरान सतीश महाना ने सभी दलों के नेताओं से इस पर उनका पक्ष पूछा। ज्यादातर ने अध्यक्ष को निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया। फिर दोषी पुलिसकर्मियों को अपनी सफाई में





बोलने का मौका दिया। इसमें तत्कालीन सीओ अब्दुल समद ने सदन से माफी मांगी। कहा कि ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी। इससे पहले अखिलेश से जब सदन के बाहर इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने सिर्फ इतना कहा- यह गलत परंपरा है।

**2004 में कानपुर में हुआ था लाठीचार्जः** विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का यह मामला 2004 का है। तब सपा की सरकार थी, मुलायम सिंह मुख्यमंत्री थे। कानपुर में बिजली कटौती के विरोध में सतीश महाना (जो अब विधानसभा अध्यक्ष हैं) धरने पर बैठे थे। उनके साथ तब के स्थानीय भाजपा विधायक सलिल विश्नोई और कार्यकर्ता थे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने बीजेपी विधायक और कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया। इसमें सलिल विश्नोई का पैर टूट गया। कई भाजपा कार्यकर्ताओं को चोट आई। इसके बाद विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना की सूचना 25 अक्टूबर 2004 को विधानसभा सत्र में रखी गई थी।

**7 महीने सुनवाई, 17 साल पहले ठहराए जा चुके दोषीः** विधानसभा से मिली जानकारी के मुताबिक, विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना के मामले में इन सभी 6 पुलिसकर्मियों के खिलाफ साल 2004 से मई 2005 तक सुनवाई हुई। सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 17 साल पहले सभी पुलिसकर्मियों को दोषी ठहराया जा चुका था। लेकिन 2005 के बाद से अभी तक सजा का ऐलान नहीं हुआ था।

## पुलिस कर्मियों की सदन में पेशी की परंपरा गलतः अखिलेश यादव

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
विधानसभा में शुक्रवार को अदालत लगाने और पुलिस कर्मियों की पेशी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने गलत बताया है। अखिलेश यादव ने सदन की कार्यवाही में जाते हुए मीडिया से विधानसभा में आज विधायक विशेषाधिकार हनन मामले पर सवाल किया। पूछा कि प्रदेश में तत्कालीन 2004 में सपा की सरकार थी और नेताजी मुलायम सिंह मुख्यमंत्री थे, उस समय प्रदेश में बिजली की समस्या को लेकर प्रदर्शन कर रहे भाजपा नेताओं पर लाठीचार्ज किया गया था। छह तत्कालीन पुलिसकर्मियों की पेशी की जा रही है। सवाल का जवाब देते हुए अखिलेश ने कहा कि यह परंपरा गलत है। उल्लेखनीय है कि साल 2004 में कानपुर में बिजली की समस्या को लेकर प्रदर्शन के दौरान सलिल विश्नोई और बीजेपी कार्यकताओं पर लाठीचार्ज किया गया था। अब विधानसभा ने संविधान की धारा-194(3) के तहत की कार्यवाही की गई है। मामले में शुक्रवार को विधानसभा न्यायालय में तब्दील कर सुनवाई की गई। इस दौरान विधायक विशेषाधिकार हनन मामले में सदन के अंदर लगी कोर्ट में सेवानिवृत हो चुके तत्कालीन क्षेत्राधिकारी बाबू पुरवा कानपुर अब्दुल समद, तत्कालीन थानाध्यक्ष किदवई नगर ऋषि कांत शुक्ला, तत्कालीन उप निरीक्षक थाना कोतवाली कानपुर त्रिलोकी सिंह, तत्कालीन कांस्टेबल थाना किदवई नगर छोटे सिंह यादव, तत्कालीन कांस्टेबल थाना काकादेव विनोद मिश्र, तत्कालीन कांस्टेबल मेहरबान सिंह यादव को कटघरे में खड़ा किया।

## न्यूज फ्लैश

### ऋषिकेशः होली पर गंगा में बंद रहेगी राफ्टिंग

**ऋषिकेशः** पहली बार ऐसा हो रहा है जब होली के दिन गंगा में राफ्टिंग नहीं होगी। राफ्टिंग कारोबारियों और पुलिस प्रशासन के बीच बनी सहमति के बाद यह निर्णय लिया गया है। थाना मुनिकीरेती में राफ्टिंग एसोसिएशन के सदस्यों की बैठक प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह के साथ हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि होली के दिन हुड़दंग, नशे की घटनाएं व पानी की दुर्घटनाओं को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर राफ्टिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की गई। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में होली के त्योहार, वर्तमान में पर्यटन सीजन, बाहर से आने वाली पर्यटकों की भारी भीड़ और होटलों की शत-प्रतिशत बुकिंग को देखते हुए होली का त्योहार सकुशल संपन्न कराना एक बड़ी चुनौती है। जिसे देखते हुए राफ्टिंग से संबंधित गतिविधियों को आठ मार्च यानी होली के दिन बंद रखे जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। राफ्टिंग व्यवसायियों ने इस मामले में पुलिस को सक्रिय सहयोग देने का आश्वासन देते हुए उपजिलाधिकारी नरेंद्र नगर को पत्र भी दे दिया है। बैठक में जिला साहसिक पर्यटन अधिकारी केएस नेगी, राफ्टिंग कंपनियों के प्रतिनिधि अरविंद भारद्वाज, हुकुम सिंह, प्रदीप कपरवान, सुमित पाल, कमल शर्मा, मनीष भंडारी, योगेश बहुगुणा, अनुभव पायल, सुबोध रावत, विकास भंडारी, दीपक पुंडीर आदि मौजूद रहे।

### सीमा पर 22 सोने के बिस्कुट के साथ दो गिरफ्तार

**उत्तर 24 परगनाः** उत्तर 24 परगना जिला में भारत देश अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे इलाके में बीएसएफ के जवानों ने 22 सोने के बिस्किट के साथ दो तस्करों को रंगे हाथ धर दबोचा है। पकड़े गए तस्करों की पहचान जाहिर हुसैन मोल्ला तथा गयास-द्दीन मंडल के रुप में हुई है। दोनों उत्तर 24 परगना जिले के निवासी हैं। शुक्रवार को बीएसएफ की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक घटना गुरुवार को सीमा चौकी जयंतीपुर इलाके में घटित हुई। जयंतीपुर गांव में फेंस गेट के पास एक मोटरसाइकिल के साथ दो संदिग्ध व्यक्ति काफी देर से खड़े थे। उनकी संदिग्ध हरकतों को देखते हुए जवानों ने पास जाकर जब उनसे पूछताछ व तलाशी ली तो वे दोनों घबरा गए तथा वहां से भागने की कोशिश करने लगे, जवानों ने उन्हें फौरन हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल की सीट के नीचे, इम्प्रोवाइज कैविटी से काले रंग के कपड़े में लिपटे हुए तीन पैकेट मिले जिनके अंदर से 22 सोने के बिस्कुट बरामद हुए। जब्त सोने का कुल भार 2.566 किलोग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ 44 लाख एक हजार 571 रुपये है।

## वृंदावन में सांसद हेमा मालिनी ने खेली होली



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा** की सांसद और एक्ट्रेस हेमा मालिनी ने शुक्रवार को वृंदावन में फूलों की होली खेली। इससे पहले वह राधा रमण मंदिर पहुंची थीं। यहां दर्शन-पूजन के बाद उन्होंने श्याम रंग में मैं तो रंग गई.... और रंग छूटा... जैसे भजन गाए। उनके भजन सुनकर मंदिर में मौजूद भक्त झूम उठे। इस दौरान हेमा मालिनी भी होली की मस्ती में डूबी नजर आईं।

**मंदिर के पुजारियों ने डाला गुलालः** मंदिर में हेमा मालिनी को मंदिर के पुजारियों ने प्रसाद दिया। फिर प्रसाद रूपी गुलाल उनके ऊपर डाला। हेमा मालिनी ने अपना भजन अलबम लॉन्च किया है। इस दौरान फैंस उनके साथ फोटो खिंचाने को आतुर नजर आए।

**हेमा मालिनी अब तक 15 भजन गा चुकी हैंः** हेमा मालिनी ने कहा कि इस भजन को नारायण अग्रवाल ने लिखा और विवेक प्रकाश ने म्यूजिक दिया है। इसको उनके द्वारा गाया गया है। हेमा मालिनी ने बताया कि वह अब तक करीब 15 भजन गा चुकी हैं। इस दौरान मंदिर में अनूप शर्मा, अभिषेक गोस्वामी, अनुराग गोस्वामी आदि उपस्थित रहे। हेमा मालिनी एक महीने पहले भी वृंदावन के राधा रमण मंदिर पहुंची थीं। इस दौरान भगवान राधा रमण मंदिर में हेमा मालिनी ने अचानक भजन गाना शुरू कर दिया। हेमा मालिनी ने सबसे पहले भजन न राधा न मीरा हूं, मैं तो कृष्ण दीवानी हूं...गाया। फिर हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे...भजन गाया। करीब 30 मिनट तक हेमा मालिनी ने 4 भजन गाए।



शुक्रवार को वसंतोत्सव का शुभारंभ करते हुए उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त)। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी राजभवन में उपस्थित थे।

## बांके-बिहारी में 50 हजार श्रद्धालुओं ने खेली होली

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
**रंगभरी** एकादशी पर ब्रज के बांके बिहारी मंदिर में 5 दिवसीय होली उत्सव शुरू हो गया है। टेसू के फूलों से बने रंग मंदिर के पुजारी भक्तों पर बरसा रहे हैं। गुरुवार सुबह बड़ी संख्या में भक्तों ने वृंदावन की पंचकोसी परिक्रमा शुरू की। यहां की 5 कोस की परिक्रमा के लिए भारी जन सैलाब उमड़ा।

श्रद्धालु वृंदावन की परिक्रमा कर खुद को धन्य कर रहे हैं। बांके-बिहारी मंदिर में देर शाम तक 50 हजार भक्तों के होली खेलने का अनुमान है। बांके बिहारी मंदिर में भक्त भगवान के साथ होली खेल रहे रंगभरी एकादशी पर विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। अपने आराध्य के दर्शन कर रहे हैं और उनके साथ होली खेल रहे हैं। बांके बिहारी मंदिर में परंपरागत टेसू के फूलों से रंग बना गया है।

**होली आई रे....**

**टेसू के फूलों से बने रंग मंदिर के पुजारी भक्तों पर बरसा रहे हैं। भक्तों ने वृंदावन की पंचकोसी परिक्रमा शुरू की**

## आग में जिंदा जल गई मां-बेटी



**बीकानेर/टीम एक्शन इंडिया**
**झोपड़ी** में आग लगने से मां-बेटी जिंदा जल गई। महिला के पति की समय रहते आंख खुल गई, जिससे वह बाहर निकल गया। हादसा बीकानेर के गजनेर इलाके के चांडासर गांव की है। घटना गुरुवार देर रात करीब एक बजे की है। यहां एक झोपड़े में रेंवतराम सांसी, पत्नी ममता सांसी (22) और 1 साल की बेटी खुशी के साथ सो रहा था। रात को अचानक झोपड़े में आग लग गई। रेंवतराम की आंख खुल गई। वह बाहर निकल गया। इसी दौरान झोपड़ी नीचे गिर गई। ममता और 1 साल की बेटी को बाहर नहीं निकाला जा सका। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक मां-बेटी की मौत हो चुकी थी। मां-बेटी के कंकाल ही नजर आए।

**पिता का आरोप, हत्या की गईः** उधर, लूणकरनसर निवासी ममता के पिता इसरराम ने कहा- उसकी बेटी और दोहिती को रेंवतराम, ससुर रामलाल और सास गीता ने एक राय होकर जलाकर मार दिया। ममता और रेंवतराम की शादी करीब साढ़े तीन साल पहले 17 मई 2019 को हुई थी।

## जफर ने बहनोई के कहने पर अतीक की पत्नी को किराए पर दिया मकान

**बांदा/टीम एक्शन इंडिया**
प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी पूर्व सांसद व माफिया अतीक अहमद की पत्नी को मकान किराए में दिए जाने के मामले में एक एजेंसी के पत्रकार जफर अहमद फंसते नजर आ रहे हैं। बांदा में उनके दोनों मकानों के दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। अगर मकान का नक्शा नहीं पाया गया या अभिलेखों में कुछ गड़बड़ी पाई गई तो उनके बांदा में बने मकान को भी ध्वस्त किया जा सकता है। हालांकि इस मामले में जफर अहमद ने अपनी



सफाई देते हुए कहा है कि मेरा अतीक अहमद या उनकी पत्नी से किसी तरह का कोई वास्ता नहीं है। मकान मैंने अपने बहनोई के कहने पर उन्हें किराए पर दिया था। शुक्रवार को जफर अहमद ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि मेरा एक मकान कसारी मसारी चकिया में था जिसे एक मार्च 2023 को अतीक अहमद के नाम पर बिना किसी पूर्व सूचना के गिराया गया है।

**रूट मार्च**

आरएसएस 5 मार्च को अपना रूट मार्च स्थगित करने को तैयार हो गया है

## पथ संचलन को अनुमति देने के मामले में समय मांगा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**तमिलनाडु** में आरएसएस का पथ संचलन 5 मार्च को निकालने की अनुमति देने की मांग पर तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से समय मांगा है। संघ का कहना है कि इस मामले में कोई समाधान निकाला जायेगा कि किन शर्तों पर रूट मार्च की इजाजत दी जाए। साथ ही रूट मार्च को लेकर भी समाधान निकालेंगे। आरएसएस 5 मार्च को अपना रूट मार्च स्थगित करने को तैयार हो गया है। मामले की अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी। सुनवाई के दौरान तमिलनाडु सरकार की ओर से वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि



हम रूट मार्च के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सभी जगहों पर एक साथ न हो। रोहतगी ने प्रस्तावित रूट मार्च का विरोध करते हुए कहा कि हर एक गली और मोहल्ले में मार्च निकलने का क्या मतलब है। जहां स्थितियां अच्छी नहीं हैं, वहां मार्च नहीं निकाला जाए, क्योंकि वहां कानून-व्यवस्था खराब हो सकती है। रोहतगी ने कहा कि कानून व्यवस्था सरकार की जिम्मेदारी है, इसलिए ऐसा न किया जाए तो सही होगा। उन्होंने कहा कि हमारे पास इंटेलिजेंस की रिपोर्ट है कि बॉर्डर से सटे कुछ संवेदनशील इलाके हैं, वहां पर मार्च नहीं निकालने की बात कही है। उदाहरण के लिए कोयम्बटूर में बम ब्लास्ट हो चुका है, पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया को प्रतिबंधित किया गया है। रोहतगी ने कहा कि मद्रास हाईकोर्ट ने जनहित से जुड़े मामले में आंखें मूंदकर आदेश दिया है, जबकि हाई कोर्ट को यह स्पष्ट किया गया था कि कोई घटना हो सकती है। आरएसएस की ओर से वकील महेश जेठमलानी ने कहा कि जिन इलाकों का जिक्र सरकार कर रही है, वहां पहले भी हमने जुलूस निकाला है। तब कोर्ट ने कहा कि एक लोकतंत्र की और एक सत्ता की भाषा होती है। आप कौन-सी भाषा बोलते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप किस जगह पर हैं।

**मांग**

**संघ का कहना है कि इस मामले में कोई समाधान निकाला जायेगा कि किन शर्तों पर रूट मार्च की इजाजत दी जाए**

